डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
13.12.2022
पौष कृष्ण पक्ष 05
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
जब आपको लगे कि सब आपके खिलाफ जा रहा है तो ये याद रखें कि हवाई जहाज हमेशा हवा के विरुद्ध जाता है हवा के साथ नहीं।

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-59 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

## न्यूज गैलरी

### राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक कल

**रांची।** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक रांची में, बुधवार, 14 दिसम्बर, 2022 को अपराह्न चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी।

### मोदी ने देशवासियों से की प्रधानमंत्री संग्रहालय देखने की अपील

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से राजधानी में स्थापित प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण करने और उसे देखने का का आग्रह किया है। केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति और उत्तर-पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी के ट्वीट को रिट्वीट कर प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम संग्रहालय में ध्वनि व प्रकाश प्रदर्शन वहां आने का आनंद बढ़ा देगा। अवश्य आइये। प्रधानमंत्री संग्रहालय दिल्ली के ऐतिहासिक तीन मूर्ति परिसर में निर्मित है और इसमें देश के 14 पूर्व प्रधानमंत्रियों के जीवन की झलक के साथ-साथ राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को दर्शाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी वर्ष 14 अप्रैल प्रधानमंत्री संग्रहालय का उद्घाटन किया था।

### क्रिमिनल रिवीजन पर झारखंड हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** साहिबगंज की दिवंगत महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की मामले के आरोपी दारोगा शिव कुमार कनौजिया की क्रिमिनल रिवीजन पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अब इस मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह के बाद होगी। कोर्ट ने पूर्व के आदेश के मुताबिक इस केस के ट्रायल पर रोक जारी रखने का आदेश दिया है। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान रूपा तिर्की केस के ट्रायल पर रोक लगा दी थी। साहिबगंज जिले के बोरियो थाना कांड संख्या 127/2021 दर्ज किया गया है। शिव कुमार कनौजिया फिलहाल जमानत पर हैं। उन्हें झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान की है। साहिबगंज महिला थाना प्रभारी रूपा तिर्की मामले में साहिबगंज पुलिस ने 2018 बैच के दारोगा शिव कनौजिया को बीते नौ मई 2021 गिरफ्तार किया था। इस पूरे मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है। शिव कुमार कनौजिया 2018 बैच का एसआई है। शिव और रूपा के बीच दोस्ती थी। मोबाइल पर दोनों के बीच अक्सर बात होती थी।

### बाबूलाल मरांडी ने रीडर, एसोसिएट प्रोफेसर की प्रोन्नति का मुद्दा उठाया

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल को पत्र लिखकर विश्वविद्यालयों में रीडर व एसोसिएट प्रोफेसरों की प्रोन्नति का मुद्दा उठाया है। उन्होंने इस संबंध में राज्यपाल रमेश बैस को पत्र भेजा है। उन्होंने राज्यपाल को लिखा है कि झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा निदेशालय के 14 दिसम्बर 2018 को बोर्ड गाइडलाइंस जारी किया था। जिसमें 31 दिसम्बर 2013 तक ओरिएंटेशन, रिफ्रेशर कोर्स किये जाने की दशा में करियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत देय तिथि से पदोन्नति देने का निर्देश दिया गया था। इसी बोर्ड गाइडलाइंस में 31 दिसम्बर 2018 तक ओरिएंटेशन, रिफ्रेशर कोर्स कर चुके शिक्षकों के लिए ओरिएंटेशन, रिफ्रेशर के पूर्णता की तिथि से प्रोन्नति देने का निर्णय लिया गया। जबकि विश्वविद्यालय अनुदान के आयोग के 16 अक्टूबर 2018 के पत्र अनुसार 31 दिसम्बर 2018 तक ओरिएंटेशन, रिफ्रेशर कोर्स कर चुके शिक्षकों को देय तिथि से ही प्रोन्नति देने की अनुशंसा एकरूपता बनाये रखने के लिए की गयी थी। बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल को लिखा है कि निदेशालय द्वारा जारी बोर्ड गाइडलाइंस से यह विसंगति उत्पन्न हो गयी है कि 31 दिसम्बर 2013 तक ओरिएंटेशन, रिफ्रेशर कोर्स कर चुके शिक्षकों को करियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत देय तिथि से प्रोन्नति मिली है। जिसकी अनुशंसा यूजीसी ने 7 दिसम्बर 2012 से की थी, लेकिन यूजीसी के 16 अक्टूबर 2018 के पत्र के सन्दर्भ में यह प्रकिया नहीं अपनायी गयी है।

# गुमला में आयोजित खतियानी जोहार यात्रा को सीएम ने किया संबोधित

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुमला के हवाई अड्डा में आयोजित खतियानी जोहार यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने जो कहा है उसे पूरा किया है। जिस सपने को लेकर झारखंड अलग करने की जो लंबी लड़ाई लड़ी गयी थी वो सपने पूरे नहीं हुए। क्योंकि, राज्य अलग होने के बाद उन लोगों के हाथों सत्ता चली गयी जो झारखंड को लूटने का काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का मामला हो या सहिया-सेविकाओं का मामला हो हमने उनकी मांगे पूरी की है। बूढ़े-बुजुर्ग पेंशन के लिए दर-दर भटकते थे, लेकिन हमने कानून बना कर इस राज्य के सभी लोगों को पेंशन से लाभान्वित करने का काम किया है। सीएम ने पूर्व की सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार झारखंड को चरागाह बना दी थी। लोगों के काम नहीं हो रहे थे, केवल भाषण हो रहे थे। हमने निर्णय लिया कि गरीबों को मजबूत बनाना है और सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायत पंचायत में लगवाकर आपकी समस्याओं का निराकरण कराने का काम किया है। सीएम ने कहा कि हमारे युवाओं में बहुत क्षमता है, मगर गरीबी के कारण वह आगे नहीं बढ़ पाते थे। युवाओं को कोचिंग में मदद के लिए हम एकलव्य प्रशिक्षण योजना लेकर आये हैं। आज सरकार वंचित समाज के युवाओं को पढ़ने के लिए विदेश भी भेज रही है। पूर्व की सरकार 1985 लेकर आयी थी, ओबीसी आरक्षण को इन्होंने 14 प्रतिशत करने का काम किया था। हमने 1932 खतियान विधेयक और ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत विधेयक विधानसभा से पारित कराया। जिसे केंद्र सरकार को भेजा जायेगा। यही सब देख विपक्ष परेशान है। उन्होंने कहा कि पशु हमारे लोगों का एटीएम है। यही हमारी पूंजी है। हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, परिवार के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए जरूरी है हम पशुधन बढ़ाने की ओर जोर दें। आपकी सरकार शेष पृष्ठ 11 पर



### लोहरदगा में आज सीएम की खतियानी जोहार यात्रा

**करोड़ों की योजनाओं का होगा ऑनलाइन शिलान्यास और उद्घाटन**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की खतियानी जोहार यात्रा प्रस्तावित है जिसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। लोहरदगा उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी आर रामकुमार मुख्यमंत्री के आगमन और जोहार यात्रा के कार्यक्रम की हर एक व्यवस्था को मुकम्मल करने में जुटे हैं। बताते चलें कि लोहरदगा के नगर भवन, जिला परिषदन और समाहरणालय मैदान में आयोजित इस कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री शामिल होंगे। वहीं, करोड़ों की योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे।

# कोयला कारोबारी के पार्टनर की गोली मारकर हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के कोयला व्यवसायी पप्पू मंडल के करीबी शाहबाज सिद्दीकी उर्फ बबलू की रविवार की देर रात गोलीमार कर हत्या कर दी गयी। दरअसल, अपराधियों ने पप्पू मंडल पर फायरिंग की थी, लेकिन गलती से यह गोली उनके करीबी बबलू को लग गयी। हत्या का आरोप गैंग्स ऑफ वासेपुर के छोटे सरकार उर्फ प्रिंस खान पर लग रहा है। क्योंकि, कुछ दिन पूर्व ही सोशल मीडिया पर छोटे सरकार उर्फ प्रिंस खान ने एक वीडियो वायरल कर पप्पू मंडल को जान से मार देने की धमकी दी थी। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित नया बाजार निवासी मृतक बबलू को बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के ही विकास नगर में अपराधियों ने गोली मार दी। बताया जा रहा है कि कोयला व्यवसायी पप्पू मंडल का आवास और ऑफिस विकास नगर में है। बबलू किसी काम को लेकर रविवार की रात पप्पू मंडल के ऑफिस गया हुआ था। यही पप्पू मंडल को निशाना बनाते हुए अपराधियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। बबलू अपने पार्टनर और करीबी पप्पू मंडल को बचाने के क्रम में अपराधियों के गोली का शिकार बन गया। इसके बाद पप्पू मंडल घायल शाहबाज उर्फ बबलू को इलाज के लिए सेंटर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने बबलू को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक बबलू की दो-तीन साल पहले ही शादी हुई थी। घटना के बाद से उनके घर पर मातम पसरा हुआ है। पप्पू मंडल पर इससे पहले भी अपराधियों द्वारा हमला किया गया था। बीते चार दिसम्बर को ही अपराधियों ने पप्पू मंडल के आवास पर गोलीबारी कर फरार हो गये थे। इसके बाद पुलिस के पकड़ से दूर वासेपुर के छोटे सरकार उर्फ प्रिंस खान ने एक वीडियो वायरल कर कोयला व्यवसायी को जान से मार देने की धमकी दी थी। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है।

# तवांग में चीन के सैनिकों के साथ झड़प, कुछ सैनिक घायल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चीन के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में करीब ढाई वर्ष पहले हुई हिंसक झड़प के बाद बीते शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में फिर से आमने-सामने का टकराव हुआ जिसमें दोनों पक्षों के कुछ सैनिक घायल हो गये। सेना के सूत्रों के अनुसार चीन के सैनिकों ने तवांग सेक्टर में भारतीय सीमा में प्रवेश की कोशिश की। भारतीय सैनिकों ने इसका मजबूती के साथ कड़ा विरोध करते हुए उन्हें रोक दिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर टकराव हुआ और इस संघर्ष में दोनों के कुछ सैनिक घायल हो गये। सूत्रों के अनुसार सैनिकों को मामूली चोट आयी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 17 हजार फीट की ऊंचाई पर यह झड़प हुई है। सूत्रों ने बताया कि टकराव के बाद दोनों देशों के सैनिक उस क्षेत्र से पीछे हट गये। इस घटना के मद्देनजर तवांग सेक्टर में तैनात भारतीय कमांडर ने शांति और मैत्री का माहौल बनाये रखने के लिए चीन के अपने समकक्ष के साथ निर्धारित व्यवस्था के तहत फ्लैग मीटिंग की। सूत्रों का कहना है कि तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगते कुछ क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर दोनों देशों की अलग-अलग अवधारणा है इसे देखते हुए दोनों सेनाओं के सैनिक अपने-अपने दावे के क्षेत्र में कष्ट लगाते हैं और वर्ष 2006 से यह प्रचलन चला रहा है। भारत और चीन के सैनिकों के बीच इससे पहले पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के निकट 15 जून 2020 को गलवान घाटी में दोनों सेनाओं के बीच झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गये थे, जबकि चीन के 38 सैनिक मारे गये थे। हालांकि, चीन ने चार सैनिक मारे जाने की बात ही कबूली थी। दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख में ढाई वर्ष से भी अधिक समय पहले से सैन्य गतिरोध चला आ रहा है।

# फर्जी नामांकन के सहारे संचालित हो रहा है पलामू का कोरियाडीह स्कूल

## स्कूल में अधिकांश बच्चों का नामांकन फर्जी

न्यू प्राथमिक विद्यालय कोरियाडीह-गोगाड़ में अधिकांश बच्चों का नामांकन फर्जी है। कई बच्चे ऐसे हैं जो गांव में है ही नहीं। कई बच्चे दूसरे विद्यालय में भी पढ़ रहे हैं जब की उनका भी नाम इस विद्यालय में अंकित है। सबसे बड़ी बात है कि शिक्षक के द्वारा लगातार फर्जी बच्चों का उपस्थिति बनाया जा रहा है। फर्जी बच्चों का नामांकन दिखाकर शिक्षक लगातार सरकारी राशि डकार रहे हैं। जो बच्चे स्कूल से 5 साल पहले पढ़कर निकल चुके हैं उनका भी फर्जी नामांकन कर शिक्षा विभाग को चूना लगा रहे हैं। हद तो तब हो गई जिन बच्चों का विद्यालय में नाम है उन बच्चों को यह भी मालूम नहीं है कि उनका नाम विद्यालय में अंकित है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड में एक ऐसा भी स्कूल है जो फर्जी नामांकन के सहारे संचालित हो रहे हैं।

- गोगाड़ न्यू प्राथमिक विद्यालय अर्द्धनिर्मित स्कूल बना गौशाला
- स्कूल भवन निर्माण की डकार ली गयी राशि

वहीं विद्यालय भवन निर्माण का राशि विद्यालय के सचिव के द्वारा हड़प लिया गया है। वर्षों बीत जाने के बाद भी भवन अधूरा पड़ा है। चौंकाने वाली बात यह है कि बच्चों को दी जाने वाले एमडीएम की राशि अभी तक वितरण नहीं किया गया है। पांकी प्रखंड के हुरलौंग पंचायत के कोरियाडीह - गोगाड़ न्यू प्राथमिक विद्यालय के सचिव अनिल कुमार महतो फर्जी बच्चों की वर्ग उपस्थिति बनाकर सरकारी पैसे डकार रहे हैं। 'राष्ट्रीय नवीन मेल' की टीम जब स्कूल पहुंची तो कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। ग्रामीणों ने स्कूल के सचिव सह शिक्षक अनिल कुमार महतो समेत कई कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल भवन निर्माण के लिए सरकार ने कई वर्ष पहले राशि आवंटन की थी। शेष पृष्ठ 11 पर



### क्या कहते हैं स्कूल के सचिव

इस संबंध में जब स्कूल के सचिव अनिल कुमार महतो से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि बहुत जल्द करोना काल में मिलने वाले एमडीएम का राशि वितरण कर देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ग 1 और 2 का ड्रेस वर्ग 3,4 और 5 के बच्चों के बीच वितरण किये गये हैं।

### मामले की होगी जांच : बीईईओ

जब इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जीतपाहन सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच करेंगे। जांच में दोषी पाये जाने के बाद संबंधित शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# पलामू में बिरसा मुंडा आवास का हाल बेहाल

**अजय कुमार पांडे**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में आदिम जनजातियों की अति महत्वाकांक्षी बिरसा मुंडा

**वित्तीय वर्ष 2018-19 से अभी तक की सैकड़ों योजनायें पड़ी है अधूरी**

आवास योजना अंतर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित गरीबों का आवास निर्माण पिछले दो हजार अठारह उन्नीस वित्तीय वर्ष से अभी तक की सैकड़ों योजनाएं अधूरी पड़ी है जानकारी के अनुसार पलामू जिले के कई प्रखंडों में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ओं का पद बरसों से रिक्त पड़ा है फलस्वरूप बिरसा मुंडा आवास निर्माण कार्य का पर्यवेक्षण नहीं किया जा रहा है और पिछले 4 वित्तीय वर्ष दो हजार अट्ठारह उन्नीस का 258 आवास 2019 20 का 60 आवास 2020 21 का 36 आवास 2021-22 का 27 आवास निर्माण हेतु प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्माण कराने के लिए संपूर्ण राशि एकमुश्त भेजी गई थी। किंतु अभी तक सभी योजनाएं पूर्ण नहीं खरीदी जा सकती हैं । योजनाएं अधूरी पड़ी हैं और लाभुकों को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मालूम हो कि आदिम जनजातियों की कोरबा पर रहिया की बस्ती सुदूरवर्ती पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्रों में अवस्थित है। फलस्वरूप अधिकारी वहां जाने से कतराते हैं और योजनाओं का पर्यवेक्षण नहीं कर पाते हैं। जिससे योजनाएं अधूरी पड़ी हैं। कल्याण विभाग के सूत्रों के अनुसार वित्तीय वर्ष दो हजार अट्ठारह उन्नीस शेष पृष्ठ 11 पर


फाइल फोटो

# दो राज्यों में चुनाव के बाद केंद्र में फेरबदल की अटकलें तेज

## संगठन में भी हो सकता है बड़ा बदलाव : सूत्र

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनावी नतीजों के बाद केंद्रीय कैबिनेट में फेरबदल की सुगबुगाहट तेज होने लगी है। सूत्रों के मुताबिक, अगले साल नौ राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी में कुछ संगठनात्मक बदलाव हो सकते हैं। इस बीच दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। चुनावों के आकलन के बाद दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष का इस्तीफा बदलवाल के फेरबदल की पहली कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है। बताते चलें कि अगले साल मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक समेत नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में कयास लगाये जा रहे हैं कि राजनैतिक समीकरणो के लिहाज से मंत्रिमंडल में फेरबदल और विस्तार देखने को मिल सकता है। दरअसल, मोदी सरकार में साल 2021 में कैबिनेट विस्तार के शेष पृष्ठ 11 पर



# भूपेंद्र पटेल ने दूसरी बार ली गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ, पीएम मोदी भी रहे मौजूद

**गांधीनगर (एजेंसी)।** भाजपा विधायक दल के नेता भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में सोमवार को गांधीनगर में गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पटेल का यह लगातार दूसरा कार्यकाल है। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नये सचिवालय के पास हेलीपैड ग्राउंड में आयोजित एक समारोह में पटेल को राज्य के 18वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलायी। हाल में सम्पन्न हुए गुजरात के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 182 में से रिकॉर्ड 156 सीटें जीती हैं। यह गुजरात के विधानसभा चुनाव में भाजपा की लगातार सातवीं जीत है। कांग्रेस को 17 और आम आदमी पार्टी (आप) को पांच सीट पर जीत मिली है। पटेल (60) ने अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया था, ताकि राज्य में नयी सरकार के गठन का शेष पृष्ठ 11 पर

### पीएम मोदी ने सीएम भूपेंद्र पटेल व नये मंत्रियों को दी बधाई



**गुजरात** के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भूपेंद्र पटेल को पीएम मोदी ने बधाई दी है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में भूपेंद्र पटेल का यह लगातार दूसरा कार्यकाल है। पीएम मोदी ने गुजरात के सीएम को बधाई देते हुए ट्वीट किया कि गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भूपेंद्र भाई पटेल को बहुत-बहुत बधाई। मैं उन सभी को भी बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने मंत्री के रूप में शपथ ली। यह एक ऊर्जावान टीम है जो गुजरात को और भी नयी ऊंचाइयों पर ले जायेगी।

### भारत की सेना को मिलेगी भारतीय पहचान, बंद होगी अंग्रेजी परंपराएं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पराधीनता के प्रतीकों, परम्पराओं और प्रक्रियाओं को तीनों सेनाओं से हटाया जायेगा। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत यह पहल की जा रही है। इनकी पहचान की कवायद सेना ने शुरू कर दी है, जो अंग्रेजी सेना से विरासत के तौर पर चली आ रही हैं। इन्हें या तो खत्म कर दिया जायेगा या भारतीय स्वरूप में बदला जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी साल लालकिले की प्राचीर से पंच प्रणों का उल्लेख किया था, जिसमें गुलामी की मानसिकता से मुक्ति भी शामिल है। इसी कड़ी में पिछले दिनों प्रधानमंत्री ने स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को लॉन्च किया तो सेंट जॉर्ज क्रॉस को हटा छत्रपति शिवाजी का प्रतीक लगाया। इसके बाद सेना में ऐसे प्रतीकों की पहचान शुरू की गयी है। **अमृत महोत्सव के तहत पहल :** थल, वायु और नौसेना से जुड़े सूत्रों ने कहा कि तीनों सेनाओं में जारी कुछ प्रक्रियाएं और परम्पराएं अंग्रेजी सेना से चली आ रही हैं। इन्हें जारी रखने या नहीं हटाने के पीछे कोई कारण नहीं है। जिस प्रकार आजादी के अमृत महोत्सव में गुलामी की मानसिकता और प्रतीकों से मुक्ति के लिए प्रयास किये जा रहे हैं, सेनाओं में भी इस पर कार्य शुरू किया गया है।

# बंद किये जाने चाहिए दो हजार के नोट, हो रही है जमाखोरी : सुशील

## आरबीआई ने तीन वर्ष से दो हजार रुपये के नोट छापने कर दिये हैं बंद

**- ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने सोमवार 12 दिसम्बर को राज्यसभा में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बीते तीन वर्ष से दो हजार रुपये के नोट छापने बंद कर दिये हैं। उन्होंने कहा कि बाजार में गुलाबी रंग के दो हजार रुपये के नोटों का दर्शन दुर्लभ हो गया है। एटीएम से नहीं निकल रहा है और अफवाह है कि यह अब वैध नहीं रहा। उन्होंने कहा कि सरकार इसके बारे में स्थिति स्पष्ट करे। सुशील मोदी ने दो हजार रुपये के नोटों को धीरे-धीरे बंद करने की मांग करते हुए कहा कि इसके लिये दो वर्ष का समय दिया जाना चाहिए ताकि इस दौरान जनता दो हजार रुपये के नोट को बैंक में उच्चतम नोट (दो हजार रुपये का नोट बंद करने पर, तो पांच सौ रुपये का ही बड़ा नोट बचेगा) से बदल. सकें। सुशील मोदी ने यह भी कहा कि जब एक हजार रुपये के नोट को बैन कर दिया गया, तो दो हजार रुपये के नोट लाने का कोई मतलब नहीं था। सुशील मोदी ने आगे कहा कि लोगों ने बड़े पैमाने पर दो हजार रुपये के नोटों की जमाखोरी कर रखी है। ये नोट लोग केवल अवैध व्यापार में इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस नोट का इस्तेमाल मादक पदार्थों, धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण में सहित कई अपराधों में इन नोटों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जा रहा है। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश में विधान सभा चुनाव होने के पहले आठ नवम्बर 2016 में पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा नोट बंदी की घोषणा किये जाने के बाद दो हजार रुपये का नोट पेश किया गया था। उस समय नोटबंदी की घोषणा में तत्काल प्रभाव से चलन में मौजूद 500 व 1000 रुपये के पुराने नोटों को अमान्य घोषित कर दिया गया था। सुशील मोदी ने उच्च सदन में अपने भाषण में आरोप लगाया कि दो हजार रुपये के नोट प्रीमियम पर बेचे जा रहे हैं और उनकी जमाखोरी की जा रही है। सुशील मोदी ने कहा कि दो हजार रुपये के नोटों का उपयोग मनी लॉन्ड्रिंग, टेरर फंडिंग, ड्रग तस्करी में किया जा रहा है। देश में सबसे अधिक मूल्यवर्ग का यह नोट काले धन का पर्याय बन गया है। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि धीरे-धीरे दो हजार रुपये के नोट को समाप्त किया जाये। आम नागरिकों को दो हजार रुपये के नोट बदलने के लिए दो साल का समय दिया जाना चाहिए।



## न्यूज गैलरी

### पदक जीतने वाले को सन्नी ने सम्मानित किया

**मेदिनीनगर।** बोकारो में पावरलिफ्टिंग इंडिया के द्वारा आयोजित पावर लिफ्टिंग में पदक जीतने पर भास्कर दुबे और अक्षय शुक्ला को झामुमो नेता सन्नी शुक्ला ने सम्मानित किया। सन्नी शुक्ला ने कहा भास्कर दुबे को 83 वर्ग किलो मास्टर क्लास में गोल्ड, और एक सिल्वर जितने और अक्षय शुक्ला को 66 वर्ग जूनियर में सिल्वर जीतने पर दोनों को बधाई। भास्कर दुबे और अक्षय शुक्ला ने पलामू को गर्व का मौका दिया है। पलामू में फिटनेस और खेल का माहौल इससे बढ़ेगा। आज कोरोना के बाद बॉडी बिल्डिंग से जुड़े खेलों का महत्व बहुत ज्यादा बढ़ गया है। पलामू की खिलाड़ियों में प्रतिभा को कमी नहीं है। सही मार्गदर्शन और दिशा देने से यहां के खिलाड़ी भारत ही नहीं विश्व में पलामू का परचम लहरा सकते हैं। भास्कर दुबे ने कहा यह जीत पलामू की धरती को समर्पित है, आगे भी हम सब पलामू में फिटनेस का माहौल बनाते रहेंगे। स्वस्थ्य शरीर में भी भगवान का वास होता है। आज के तनाव भरी जिंदगी में शारीरिक स्वास्थ्य बहुत मायने रखता है। सम्मानित करने वालों में झामुमो नेता देवानंद भारद्वाज, मुकेश चौधरी, नीतीश दुबे, धीरज शर्मा मौजूद थे।

### कांग्रेस ने प्रदेश प्रभारी का जताया आभार

**हुसैनाबाद।** प्रदेश कांग्रेस पार्टी के नेता धनंजय कुमार तिवारी को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रदेश सचिव व मोहम्मदगंज के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्यनारायण सिंह को प्रदेश महासचिव बनाया गया। वहीं प्रदेश में जिम्मेवारी दिये जाने पर युवा नेता धनंजय तिवारी ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश सचिव बनाये जाने पर श्री तिवारी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा है कि वे पहले से ही पार्टी के प्रति पूरी तरह से समर्पित हैं और पार्टी आलाकमान के हर निर्देश का निष्ठा पूर्वक पालन करेंगे। वहीं क्षेत्र के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई व शुभकामनाएं व्यक्त किया है। मौके पर कांग्रेसी नेता कामेश्वर तिवारी, नवल किशोर पाठक, लल्लू प्रसाद सिंह, अवध बिहारी सिंह, शंभू सिंह, मसरूर अहमद , शैलेश सिंह, रघुराई यादव, नदीम खान, गुप्तेश्वर पांडेय, जुबेर आलम ,अमित पांडेय, जगदीश राम, कमल कुमार कौशल, प्रवीण तिवारी, अंबिका सिंह ,संजय सिंह, राजेंद्र पासवान,अखिलेश प्रसाद द्विवेदी, पप्पू यादव, कृष्णा चौधरी व लव चौधरी सहित सैकड़ों लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

### झारखंड में मजबूत संगठन के रूप में उभरेगी आप : के विश्वा

**हुसैनाबाद।** गुजरात के विधानसभा चुनाव के परिणामों के बाद आम आदमी पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी के रूप में अपना विस्तार करेगी। हुसैनाबाद विधानसभा से पार्टी के प्रत्याशी के विश्वा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बन चुकी है और झारखंड में बहुत जल्द एक मजबूत संगठन के रूप में उभरेगी। आम आदमी पार्टी देश की सबसे रफ्तार से बढ़ने वाली पार्टी है। दिल्ली व पंजाब में पार्टी की सरकार है। साथ ही गोवा व गुजरात में भी हमारे विधायक हैं। बीते गुजरात चुनाव में 14 प्रतिशत हमें वोट प्राप्त हुए हैं और इसी के साथ हमारी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बन चुकी है। पार्टी के विस्तार के लिए झारखंड में कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर रहे हैं। झारखंड में भी शिक्षा व स्वास्थ्य के मुद्दे को लेकर पार्टी संघर्ष की तैयारी कर रही है।

### जोगा मुखिया ने किया खिलाड़ियों के बीच ड्रेस का वितरण

**उंटारी।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड अंतर्गत जोगा पंचायत के मुखिया कमला देवी ने सोमवार को अपने आवास पर फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच ड्रेस का वितरण किया। ड्रेस वितरण के दौरान मुखिया कमला देवी ने कही की खेल व्यक्ति के विकास मे अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाता है। शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए नियमित खेल गतिविधि से जुड़ा रहना आवश्यक है। पढ़ाई के साथ साथ खेल भी आवश्यक है। उन्होंने खिलाडियों से अपील किया की पढाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी अपने पंचायत का नाम रौशन करें। मौके पर समाजसेवी कृष्णा पाल, काशीनाथ चौधरी, उपमुखिया रूपेश कुमार सिंह, जिला परिषद प्रत्याशी उदेश चौधरी, शंकर राम, सहित कई लोग मौजूद थे।

### नाबालिक का युवक ने किया दुष्कर्म प्राथमिकी दर्ज

**पाटन।** थाना अंतर्गत भोंगा गांव के 14 वर्षीय नाबालिक किशोरी मनोरमा कुमारी पिता- केदार महतो से दुष्कर्म किये जाने की घटना हुई है। पीड़ित लड़की के बयान पर पाटन थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया है की पीड़िता 9 दिसम्बर को शाम को घर मे अकेले थी। वह घर मे खाना बना रही थी और भाई व पिता बाहर कमाने गये थे। अकेले होने का फायदा उठाकर दिलीप महतो पिता- सत्यदेव महतो ने मोफलर से मुँह बन्द कर दुष्कर्म किया। इसी क्रम में परिवारजनों के आने पर आरोपी युवक ने घटना के संबंध में किसी को नही बताने की हिदायत दिया। अन्यथा बुरा अंजाम होने का भय दिखाया। दूसरे दिन घर से पाटन थाना में प्राथमिकी करने को आने के क्रम में रास्ते मे आरोपी ने जबरन रोकर पँचायत के मुखिया के समक्ष फैसला करवाने को कहा जब पँचायत में फैसला नही हुआ। इसके बाद थाना में आकर केस दर्ज कराया गया तब से आरोपी युवक फरार है।

### हाइवा की चपेट में आकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, रांची रेफर

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के लोहड़ा गांव स्कूल के पास हाइवा की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पड़वा थाना प्रभारी नकुल शाह को दी गयी। जानकारी मिलते ही नकुल शाह के आदेश पर पड़वा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति रेहला थाना क्षेत्र के ग्राम टांडी निवासी मंजूर अंसारी है। वह रेहला से कुछ काम के लिए मेदिनीनगर जा रहा था। इसी बीच पड़वा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहड़ा के पास हाइवा की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पड़वा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर हाइवा को जब्त कर थाना ले गई है।

## पांच साल पहले निर्मित स्वास्थ्य उप केंद्र में लटक रहा ताला

# सरकारी पैसे का हो रहा दुरुपयोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** विश्रामपुर प्रखंड स्थित गुरी पंचायत अंतर्गत गुरी ग्राम में दो करोड़ की लागत से बना हुआ स्वास्थ्य उप केंद्र में ताला लटक रहा है। यह स्वास्थ्य उप केंद्र 5 साल पहले बनकर तैयार हो गया हैं परंतु स्वास्थ्य केंद्र में किसी भी तरह का चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिससे सरकारी पैसे का दुरुपयोग नजर आ रहा है। यह स्वास्थ्य उप केंद्र का माननीय लोगों के द्वारा शिलान्यास व उद्घाटन किया गया था। बाजे गाजे फूल माला से आम जनता के द्वारा भव्य स्वागत किया गया था। लेकिन अब इसका सुध बुध लेने वाला कोई नहीं है। अगर यह




स्वास्थ्य केंद्र पूरी सुविधा से युक्त होता तो अगल-बगल ग्रामीण इलाको में बसने वाले आम जनता को परेशानी की सामना नहीं करना पड़ता। स्वास्थ्य उपकेंद्र को निर्मित होते देख लोगों में काफी खुशी का लहर था। लोगों में सरकार के प्रति आस्था एवं विश्वास का एक किरण जगा था। लोग स्वास्थ सुविधा को लेकर काफी खुश थे पर वह साकार होते नहीं दिख रहा। लोग स्वास्थ्य उप केंद्र का चालू होने का बाट जो रहे हैं । इस लचर व्यवस्था को देखते हुए ग्रामीणों में काफी असंतोष की भावना साफ झलक रही है। सरकार के पैसे से बना हुआ स्वास्थ्य उप केंद्र धीरे-धीरे देखरेख के अभाव में लचर हालत में होती जा रही है। स्वास्थ्य उप केंद्र में लगा हुआ कांच टूट गया है। सरकार को ऐसे बंद पड़े बिल्डिंग को अपने वर्क के हिसाब से कार्य में लाना चाहिए। ऐसे बिल्डिंग जो काफी दिन से बंद पड़े हैं वैसे इमारत पर विकास की लंबी लकीर खींची जानी चाहिए।

## अज्ञात बोलेरो के धक्के से किशोरी घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला छतरपुर मुख्य रोड के खड़ार पर गांव के समीप अज्ञात बोलेरो के धक्के से खड़ारपर गांव निवासी उमेश पासवान की 10 वर्षीय बेटी रंभा कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। गौरतलब है कि उक्त किशोरी सड़क पार कर रही थी और उसी क्रम में वह अज्ञात बोलेरो के धक्के से घायल हो गई। **(वहीं),** जपला दंगवार मुख्य रोड के ब्लॉक के समीप सोमवार को अज्ञात वाहन के धक्के से घोड़बंधा गांव निवासी विश्वनाथ राम 27 वर्षीय पुत्र अजय कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने उक्त युवक को इलाज



के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया। बताया जाता है कि उक्त युवक जपला से अपने घर जा रहा था। उसी क्रम में वह अज्ञात वाहन के धक्के से घायल हो गया। परिजनों ने इसकी सूचना हुसैनाबाद थाना को देकर अज्ञात वाहन का पता लगाने का अनुरोध किया है।

## श्रीराम सेना के प्रमुख का जनसंपर्क अभियान जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्रीराम सेना के प्रमुख सह मेयर प्रत्याशी पंकज कुमार जायसवाल का जनसंपर्क अभियान जनता ही जनार्दन है का 30 वां दैनिक जनसंपर्क अभियान लगातार जारी रहा। ये अभियान शाहपुर में वार्ड 31 ठाकुर मुहल्ला मे नगर निगम क्षेत्र में किया गया। जिसमें श्रीराम सेना के वरीय पदाधिकारीगण एवं समाज के अभिभावकगण भी सम्मिलित हुए। इस जनसंपर्क के क्रम में शाहपुर की कई समस्याओं से भी अवगत हुए एवं उनका समाधान करने का भी संकल्प लिया गया। ज्ञात हो कि शाहपुर और अन्य जो नए क्षेत्र जो निगम से जोड़े गए हैं। उनका मूलभूत विकास किए बिना ही होल्डिंग टैक्स लिया जा रहा है। पेयजल की भी समस्या काफी विकराल है। वहीं स्ट्रीट लाइट की भारी कमी है। इसके कारण रात में बुजुर्ग एवं बच्चों को विशेष तौर पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जनसंपर्क महा अभियान में मुख्य रूप से भूमिका निभाने वाले श्रीराम सेना के उप राज्य प्रमुख जितेंद्र प्रसाद जायसवाल, विनोद जायसवाल, विनय जायसवाल, संजय सोनी, गुड्डू गुप्ता मनीष माली, सोनू जायसवाल, संजीत कुमार उर्फ मानून, पंकज प्रसाद जायसवाल, राजेंद्र पासवान, विनय कुमार जायसवाल, धीरज जायसवाल, बिट्टू लाठ, गुड्डू गुप्ता, धीरज जायसवाल, सतीश जायसवाल, पंकज जयसवाल, चंदन जायसवाल, विनय शंकर कई श्रीराम सैनिक बंधु उपस्थित रहे।

## व्यक्ति की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**उंटारी।** पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के फेकनडीह गाँव निवासी श्रीराम रजवार 45 की संदेहास्पद स्थिति मे मौत हो गयी। वहीं परिजनों का आरोप है की श्रीराम रजवार के दमाद कमलेश रजवार ने ही हत्या किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हैदरनगर थाना क्षेत्र निवासी बिफन राजवंशी के 30 वर्षीय पुत्र कमलेश रजवार रविवार देर शाम दारू के नशे में अपने सास ससुर और पत्नी के साथ मारपीट करने लगा। जिससे डर कर सभी घर से भाग कर गाँव मे चले गये परंतु आरोपी का ससुर घर में ही सो गया।

## शिक्षक संघ की कार्यकारी कमेटी का गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के स्थानीय जेलहाता स्तिथ रविवार को माध्यमिक शिक्षक संघ भवन में व्यास सिंह की अध्यक्षता में नवनियुक्त शिक्षकों की सेवा संपुष्टि एवं विभिन्न मुद्दों पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शिक्षकों की सेवा संपुष्टि, शैक्षिक योग्यता का विस्तार, मासिक वेतन, शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी का व्यवहार, विभिन्न शिक्षकों के वेतन एरियर का भुगतान, आदेशपाल एवं लिपिक का एसीपी एवं एमएसीपी का लाभ मिले। इसके साथ ही प्रत्येक माह में एक बार प्रखंडवार शिक्षकों के समस्या के सामाधान के लिए शिक्षक दरबार लगाना। संगठन का विस्तार और सभी शिक्षक की व्यक्तिगत और सामूहिक समस्या का एकजुट होकर सामाधान करना आदि विषयों पर शिक्षकों ने अपना विचार दिया। तथा क्रांतिकारी ढंग से समस्या का समाधान करने पर प्रतिबद्धता दुहराई। सभी शिक्षक शिक्षकों के निर्देशन एवं देख-रेख में दिन-प्रतिदिन के कार्यों के संपादन के लिए एक कार्यकारी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें बृज बिहारी, नरेंद्र कुमार, स्मिता कुमारी जितेंद्र कुमार सिंह, भीम राम, नरेश कुमार दिनकर और प्रमोद सिंह को दायित्व दिया गया है। कार्यक्रम का संचालन माध्यामिक शिक्षक संघ के जिला सचिव ने किया। मौके पर सतीश दुबे, अभिषेक कुमार दुबे, सुमित शंकर, अविनाश तिवारी, मनीष तिवारी, पवन प्रताप, कृष्ण मुरारी, बृज बिहारी, अजय कुमार, योगेंद्र राम, योगेश्वर राम, नरेश कुमार दिनकर, भीम राम, बसंत कुमार सोनी, आशुतोष मिश्रा, जितेंद्र सिंह, सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## कठौतिया माइंस ने चकला माइंस को सात विकेट से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पड़वा हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस प्रबंधन द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में कठौतिया माइंस की टीम ने लातेहार चकला माइंस टीम को सात विकेट से हराया, कप पर जमाया कब्जा। विजेता व उपविजेता टीम को बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद एवं थाना प्रभारी नकुल साह ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कठौतिया टीम के खिलाड़ी राहुल झा व बेस्ट फिल्डर का पुरस्कार विशाल कश्यप को दिया गया। बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने कहा खेल से लोगों में सकारात्मक सोच का विकास होता है। जिस तरह खेलते समय सिर्फ मैच को जितने की सोच के साथ मैदान में उतरता है। उसी तरह हम सभी लोगों हमेशा को हमेशा सकारात्मक सोच के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने इस आयोजन के लिए माइंस प्रबंधन को बधाई दिया। थाना प्रभारी नकुल साह ने कहा इस तरह के आयोजन से लोगों में इलाके खेल का बेहतर माहौल बनेगा। माइंस प्रबंधन ने यह आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है। कठौतिया माइंस के युनिट हेड मैनक चक्रवर्ती ने कहा कि हिन्डालको केवल व्यवसाय नहीं करती है। बल्कि अपने कर्मियों के साथ-साथ कार्य क्षेत्र के आसपास रहने वाले लोगों के बेहतरी कैसे हो इस पर हमेशा संवेदनशील हो कर काम करती है। यूनिट हेड मैनक चक्रवर्ती ने कहा कि कंपनी हमेशा चाहती है कि कंपनी व स्थानीय लोगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर काम करें। समारोह की अध्यक्षता एचआर हेड अरुप बनर्जी ने किया। कामेंट्री अनुज सिंह, विनय सिंह व एएसआई समाल अहमद ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर चकला माइंस हेड राजीव कुमार, कठौतिया माइंस प्रबंधक राजु सिंह, अश्विनी कुमार, जयंत शुक्ला, शैलेन्द्र सिंह, डाक्टर टी गफ्फार, गौतम सिन्हा, संजय साहू, राकेश सिंह, संजय साहू, संतन चक्रवर्ती, प्रवीण सिंह, कंदर्प मिश्रा, पीआरपी द्विवेदी, अजय सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## विभिन्न बालू घाटों पर एसडीओ ने किया दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी ने बालू के अवैध धंधे को रोकने के लिए विभिन्न बालू घाटों पर दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की। विदित हो कि विगत दिनों से अंचल पदाधिकारी हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के द्वारा अनुमंडल क्षेत्र के सभी बालू घाटों पर अवैध बालू की निकासी व उठाव के रोक थाम के लिए दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्त करने का आग्रह हुसैनाबाद एसडीओ से किया गया था। इसके आलोक में एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी है। संबंधित थाना प्रभारी व दंडाधिकारी की उपस्थिति में छापामारी अभियान चलाया जायेगा। हुसैनाबाद प्रखंड परिसर के सामने अंचल निरीक्षक औसाफ अहमद, कनीय अभियंता आशीष कुमार, अरुण कुमार यादव, अभिषेक कुमार,देवरी ओपी परिसर के समीप राजस्व उप निरीक्षक सचिन कुमार गुप्ता, कनीय अभियंता शिवनाथ राम, मणिकांत कुमार, पंकज कुमार, दीवान बीघा नहर पुल के समीप राजस्व उप निरीक्षक प्रशांत सागर, कनीय अभियंता नीरज कुमार गुप्ता, प्रखंड समन्वयक विजय पासवान, बीपीएम जयराम मेहता की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं हैदरनगर थाना परिसर के समीप राजस्व उप निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, दीपक रंजन, कनीय अभियंता धीरेंद्र कुमार, रजा अंसारी की प्रतिनियुक्ति हुई है। जबकि मोहम्मदगंज प्रखंड के भजनियां नहर के पास राजस्व उप निरीक्षक मुकेश कुमार, प्रेमचंद कुमार, कनीय अभियंता मीना हाज आलम, संतोष कुमार रजक की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## 31 दिसंबर को द शिवा बद्री रिसॉर्ट होटल में न्यू ईयर सेलिब्रेशन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर द शिवा बद्री स्मार्ट होटल में 31 दिसंबर की शाम 8:00 बजे से रात 2:00 बजे तक न्यू ईयर सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया है। वहीं रांची के बिग इवेंट कंपनी किंग एंड क्वीन द्वारा की जा रही है। इसके संस्थापक अभिषेक सिन्हा ने बताया कि यह कार्यक्रम शिवा बद्री रिसॉर्ट में कराया जा रहा है। इस प्रोग्राम को कराने के लिए होटल के प्रबंधक प्रवीण राणा से अनुमति ली गई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कोलकाता से एकलव्य बैंड ग्रुप और मशहूर फीमेल डीजे डेजलिंग आ रही है। साथ ही प्रोग्राम को होस्ट करने के लिए प्रसिद्ध अदाकार आरसी बार्बी और न्यू दिल्ली से 5 लोग रशियन ग्रुप डांसर और रशियन रिंग फायर डांसर भी आ रही है। इस कार्यक्रम में बेहतरीन साउंड सेटअप एलईडी वॉल और लाइट्स की भी व्यवस्था दिल्ली से की गई है। अतिथियों की सुरक्षा को देखते हुए 20 बाउंसर सुरक्षाकर्मी की भी उत्तम वयवस्था की गई है। व्यंजन और पेय पदार्थ में आगंतुक के मांग पर इस बार भेज नॉनवेज व्यंजन और सॉफ्ट तथा हार्ड खाद्य पेय पदार्थ दोनों की उत्तम व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम के लिए टिकट बुकिंग प्रारंभ कर दी गई है। शहर के 5 सुट्टा बार ओम अलंकार और रिलायंस ट्रेंड्स डॉमिनोज और शिवा बद्री रिसॉर्ट में बुकिंग टिकट उपलब्ध है। टिकट का चार्ज कुछ इस प्रकार है। फैमली 4500, कपल 3000, स्टैग मेल 2000, स्टैग फीमेल 1500 वीवीआईपी की भी वयवस्था की गई है। जिसके चार्जेज इस प्रकार है सिल्वर फॉर पैक्स 15000, गोल्ड सिक्स पैक्स 20000 और गोल्ड टेन पैक्स 40000 रखी गयी है। इस कार्यक्रम में एवॉर्ड फंक्शन की प्रक्रिया भी की जाएगी। जिसमें अच्छे कप्पल अच्छे डांसर, अच्छे ड्रेस और मल्लिका ऑफ नाइट जो होंगी उन्हें एवार्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

## छतरपुर क्रिकेट टीम को तीन विकेट से हराकर हैदरनगर बना विजेता

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** विस क्षेत्र में खेल को प्रोत्साहित करने व खिलाड़ियों में निखार लाने को लेकर टीम सूर्या के बैनर तले हुसैनाबाद में पहली बार एचपीएल का आयोजन किया गया है। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों की बोली लगाकर स्थानीय लोगों ने खरीदा है। आईपीएल की तर्ज पर लोकल स्तर पर यह क्रिकेट खेल का आयोजन एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता युवा नेता सूर्या सिंह ने किया है। एचपीएल के आयोजन से क्षेत्र में खिलाड़ियों के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है। टीम सूर्या के बैनर तले सूर्या सिंह ने पंचायत स्तरीय टूर्नामेंट की शुरूआत अनुमंडल मैदान से की है। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि सूर्या सिंह ने हुसैनाबाद के गुलबाग स्टेडियम में एचपीएल की शुरूआत कर युवाओं और खेल प्रेमियों में नई



ऊर्जा का संचरण कर दिया है। गांव-गांव में युवा खेल के प्रति उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही स्टेडियम तक जाने के लिए दाता नगर की ओर से पुल का निर्माण कराएंगे। पुल बन जाने से स्टेडियम तक आने जाने में सभी को सुविधा होगी। मौके पर युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा खेल अब करिअर के नए आयाम विकसित कर चुका है। इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आयेगा। उन्होंने आयोजन के लिए टीम सूर्या के सदस्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि टीम सूर्या के बैनर तले हुसैनाबाद में एचपीएल का आयोजन अपने आप में अनोखा प्रयास है। आवश्यकता के अनुसार स्टेडियम को और सुसज्जित किया जायेगा। फाइनल मैच स्व.अंशु अग्रवाल ब्लास्टर हैदरनगर क्रिकेट टीम व छतरपुर क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। छतरपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छतरपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 98 रन बना कर सिमट गई। वहीं हैदरनगर की ब्लास्टर टीम ने अपनी पारी खेलते हुए 99 रन बनाकर कप पर कब्जा जमाकर विजेता बना। इस टूर्नामेंट का आयोजन कर्त्ता एसएम रजा, असगर खान, दसरथ झा, रामजी पासवान, अफजल हुसैन, अनवर खान, जिसान हसन,रविन्द्र कांस्यकार, क्वाल, मिंटू, सिकेंद्र, अनिल आदि का योगदान सराहनीय रहा।

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला विकास शाखा)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

माननीय विधायक, 081–भवनाथपुर विधान सभा के अनुशंसा पर विधायक निधि से सरकारी विद्यालयों में बहुपयोगी पुस्तकों की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित एवं प्राधिकृत पुस्तक प्रकाशकों/आपूर्तिकर्त्ताओं/पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक–29.12.2022 को–12:30 बजे अप0 तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता संबंधित पुस्तकों की सूची एवं शर्तें **www.garhwa.nic.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त मुहरबन्द निविदायें दिनांक–29.12.2022 को ही अपराह्न–03:00 बजे गठित क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। जिसमें निविदादाता अथवा इनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

PR 284801 (Rural Development)22-23*D

उप विकास आयुक्त,गढ़वा

**कार्यालय:- जिला परिषद, लातेहार**

**सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2022–23**

**चतुर्थ सूचना**

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | बन्दोबस्ती की राशि (तीन माह के लिए) | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बस पड़ाव चन्दवा। (दिनांक 01.01.2023 से 31.03.2023 तक) | चन्दवा | 16/12/2022 | 12:00 PM | 600125.00 | 60500.00 |
| 2 | बस पड़ाव बरवाडीह। (दिनांक 01.01.2023 से 31.03.2023 तक) | बरवाडीह | 16/12/2022 | 12:00 PM | 106325.00 | 10700.00 |
| 3 | बस पड़ाव महुआडांड। (दिनांक 01.01.2023 से 31.03.2023 तक) | महुआडांड | 16/12/2022 | 12:00 PM | 232875.00 | 23500.00 |
| 4 | सुलभ शौचालय बालूमाथ। (दिनांक 01.01.2023 से 31.03.2023 तक) | बालूमाथ | 16/12/2022 | 12:00 PM | - | 2000.00 |
| 5 | सुलभ शौचालय चन्दवा। (दिनांक 01.01.2023 से 31.03.2023 तक) | चन्दवा | 16/12/2022 | 12:00 PM | - | 2000.00 |

नोट :-
1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर दिनांक 19/12/2022 को पूर्वाहन् 11:00 बजे तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः दिनांक 21/12/2022 को पूर्वाहन् 11:00 बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार।

PR.NO.284800 Rural Development(22-23):D

## न्यूज गैलरी

### आज होगी ग्रामीण विकास संघ की प्रेस वार्ता

**मेदिनीनगर।** जीवन आधार ग्रामीण विकास संघ के द्वारा स्थानीय होटल निवार्णा में आज दो पहर 12 बजे प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है। यह एक स्वयंसेवी संस्था है। जो एक दशक से अपने लक्ष्य और उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए समाज सेवा में सक्रिय है। संस्था के द्वारा एक वृद्धा आश्रम, गुरुकुल, गौ–पालक एवं दुग्ध उत्पादन केंद्र के निर्माण का संकल्प लिया गया है।

### एनएसयूआई ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**मेदिनीनगर।** जीएलए कालेज परिसर में सोमवार को एनएसयूआई पलामू के द्वारा राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। एनएसयूआई पलामू जिलाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार की नाकामयाबी से देश में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचारी, निजीकरण, नफरत बढ़ गई है। जिसे विद्यार्थी युवा आमजन हताशा परेशान है। केंद्र सरकार के खिलाफ जनता को एक जुट करने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे भारत जोड़ो यात्रा के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों में काफी उत्साह थी और सभी ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया। राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे भारत जोड़ो यात्रा का समर्थन भी किया। मौके पर एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, जिला महासचिव आशीष ठाकुर, धीरज, शशि पांडे, ज्योति सिंह, नेहा कुमारी, अभिषेक कुमार, सत्यप्रकाश, हितेश, चंदन, प्रभात, निशा सिंह, हिना कुजुर इत्यादि मौजूद थे।

### चाइल्ड हॉस्पिटल में पांच बच्चों की सफलतापूर्वक सर्जरी

**मेदिनीनगर।** रविवार को डॉक्टर गौरव विशाल की निगरानी में विनायक चाइल्ड हॉस्पिटल में पांच बच्चों की सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। जिसमें से दो सर्जरी पेशाब के रास्ते की थी और तीन सर्जरी हर्निया की थी। इस ऑपरेशन की सफलता के बाद बच्चों के अभिभावक हर्ष से अभिभूत नजर आए। उन्होंने टीम को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पलामू में बच्चों के इस तरह की सफलता पूर्वक ऑपरेशन करके पलामू के लोगों को काफी सहूलियत पहुंचाई है। पलामू जैसे जगह में बहुत ही कम खर्च में यह सुविधा हर रविवार को विनायक चाइल्ड हॉस्पिटल देने की कोशिश कर रहा है।

### पुलिस चेकपोस्ट पर लटक रहा ताला

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में बढ़ते अपराध को देखते हुए जिलेभर के चौक–चौराहों पर पुलिस चेकपोस्ट बनाया गया था। ताकि जिले में क्राइम कंट्रोल और तेज रफ्तार बाइकर्स को रोका जा सके। लेकिन शहर के चैनपुर थाना क्षेत्र के कोयल नदी के किनारे में बने पुलिस चेकपोस्ट पर ताला लटक रहा है। ऐसे में कैसे अपराध और बाइकर्स गैंग पर लगाम लगेगा। पुलिस चेक पोस्ट बंद रहने के कारण आए दिन बाइकर्स का तांडव देखने को मिल रहा है। कई बार लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इस संदर्भ में पलामू के सदर एसडीपीओ आईपीएस ऋषभ गर्ग से बात करने पर उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही वह एसडीपीओ का पदभार संभाले हैं, पता करते हैं, तभी कुछ बता पाएंगे।

# जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदनीनगर।** शहर के पुलिस लाइन स्टेडियम में सोमवार को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिले के अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह व सहायक समाहर्ता श्रीकांत विस्पुते ने फुटबॉल को किक कर जिला स्तरीय टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। वहीं सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मौके पर सहायक समाहर्ता श्री विस्पुते ने प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि जिले के खिलाड़ी पूरे उत्साह के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। प्रमंडल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और विजय हासिल कर अपने एवं जिले का नाम रोशन करें। वहीं अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका प्रदान करना है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से अपने अच्छे खेल के माध्यम से अपना व जिला का नाम रौशन करने की अपील की। ज्ञातव्य है कि जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखंडों के बालक एवं बालिका वर्ग की विजई टीम भाग ले रही है। इसी क्रम में आज के सभी मैच बालक वर्ग के बीच ही खेला गया। जिला स्तर पर विजई टीम जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में खेलेगी। आज के बालक वर्ग में पहला मैच मनातू एवं पिपरा के बीच खेला गया। जिसमें मनातू की टीम 0-1 से विजयी रही। इसी तरह दूसरा मुकाबला पांकी व हुसैनाबाद के बीच खेला गया। जिसमें हुसैनाबाद की टीम 0-1 से विजयी रही। वहीं तीसरा मुकाबला तरहसी एवं छतरपुर के बीच खेला गया। जिसमें तरहसी की टीम 0-1 से विजयी रही। वहीं चौथा मुकाबला नौडीहाबाजार एवं विश्रामपुर के बीच खेला गया। जिसमें विश्रामपुर की टीम 0-1 से विजयी रही। इसी क्रम में पांचवा मैच मोहम्मदगंज एवं हरिहरगंज के बीच खेला गया। जिसमें मोहम्मदगंज की टीम 0-2 से विजयी रही। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, कमलानंद दुबे, संजय कुमार त्रिपाठी, सौराज सिंह, साहेब सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



अपर समाहर्ता ने किया खेल का शुभारंभ

## पलामू जिला कबड्डी टीम ने गिरिडीह व गढ़वा को हराया



कबड्डी खेलते खिलाड़ी

गोमो में आयोजित अंतर जिला कबड्डी प्रतियोगिता में आज खेले दो मैचों में पलामू जिला कबड्डी टीम ने अपनी शानदार जीत दर्ज की है। बालक वर्ग के पहला मैच में पलामू की टीम ने गिरिडीह के टीम को 29 –17 के बड़े अंतर से करारी शिकस्त दी। जबकि बालक वर्ग के ही दूसरे मैच में गढ़वा को भी 17–11 के अंतर से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। समाचार लिखे जाने तक बालिका वर्ग में पलामू जिला एवं पश्चिमी सिंह धूम के बीच मैच जारी था। विदित हो कि पलामू जिला टीम में कैंब्रिज पब्लिक स्कूल एवं ब्राइटस्टार के कई विद्यार्थी शामिल हैं। खिलाड़ियों में रौशन सिंह, किशन सिंह, विवेक कुमार, सोनल कुमार गुप्ता, विकास यादव, जैकेस बैठा, सच्चितानंद मेहता, अभिनव कुमार, आर्यन तिवारी, प्रिया रंजनी, स्वर्णा, हिमांशी प्रजापति, सुधा सिंह, मोहम्मद जैद, प्रभात, मिथिलेश मेहता, राहुल ठाकुर, सोनू सिंह, अमन कुमार, कुंदन, अंजली कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, शिवानी कुमारी, अंजली कुमारी, अमन कुमार सिंह, आयुषी कुमारी आदि शामिल हैं। मौके पर कोच और मैनेजर के रूप में नंदकिशोर भारती जबकि ऑफिशियल के रूप में दीपक तिवारी, मनोज शर्मा, बीरबल लोहरा, बेनी मुंडा, ज्योत्सना करकट्टा, पूनम कुमारी, ज्योति रंजन मौजूद थे।

# रामचरितमानस समिति की बैठक में लिए गये कई निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के स्थानीय प्राचीन शिव मंदिर के परिसर में रविवार को रामचरित मानस महायज्ञ समिति की बैठक हुई। बैठक में कई विषयों पर चर्चा किया गया और निर्णय लिया गया। समिति के सचिव शिवनाथ अग्रवाल ने बताया कि बैठक में सभी अतिथियों और आजीवन सदस्यता लेने वाले का जिन्होंने शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लिए सभी को समिति के ओर से आभार व्यक्त किया गया। ज्ञात हो कि समिति के द्वारा मंदिर के शिलान्यास पलामू आयुक्त के द्वारा किया गया है। वहीं मंदिर के नक्शा बनाने वाले इंजीनियर सत्यदेव अग्रवाल का भी आभार व्यक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर के रूपरेखा कैसा बनेगा। इस विषय पर भी बैठक में चर्चा किया गया। जिसमें जल्द ही मंदिर के निर्माण कार्य को शुरू करने की सहमति जताई गई। वहीं मंदिर के निर्माण कार्य के लिए एक अलग से बैंक एकाउंट खोलने की भी सहमति मिली। जिसमे निर्माण कार्य से जुड़ी राशि में पारदर्शिता बना रहेगा। बैठक में विनोद कुमार मिश्रा ने आजीवन सदस्यता ग्रहण किया। इसके अलावा निगम के डिप्टी मेयर मंगल सिंह ने भी आजीवन सदस्यता ग्रहण किये। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष ई. भरत सिंह, बलराम शर्मा, विनोद कुमार मिश्रा, धनंजय कुमार, व्यासमुनि त्रिपाठी, श्रीधर द्विवेदी, रविशंकर पांडेय, डॉ विजय प्रसाद शुक्ला, शिवनाथ अग्रवाल, मंगल सिंह मौजूद रहे।

# पलामू प्रमंडल में फलों की खेती का हो विस्तार : आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आयुक्त जटा शंकर चौधरी आज चियांकी स्थिति क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र का परिभ्रमण किया। वहीं रसदार फलों की खेती एवं कृषि संबंधी विभिन्न प्रजाति के बीजों पर हो रहे अनुसंधान कार्यों की बारीकियों को देखा। उससे संबंधित जानकारी ली। उन्होंने रसदार फलों की खेती संतरा, मौसंबी, किनो एवं नींबू वर्गीय अन्य प्रजाति के पौधों एवं फलों का अवलोकन किया। साथ ही पेड़ों पर लगे फलों को देखा और उसके लिए तकनीकी एवं वैज्ञानिक प्रयोगों से अवगत हुए। पेड़ों पर लगे सामान्य से अत्यधिक फलों को देख प्रभावित हुए। उन्होंने सक्षम प्रभेद के अमरूद के बाग को भी देखा। साथ ही पॉली हाउस में लगे टमाटर, ब्रोकली, शिमला मिर्च पर किए गए अनुसंधान को देखा और उसकी बारीकियों से अवगत हुए। वहीं क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र परिसर में लगे चना, गेहूं आदि रवि फसल के साथ-साथ सरसों के विभिन्न प्रभेदों को देखा। वहीं पलामू में उसकी उत्पादन क्षमता की जानकारी ली। इसके अलावा आयुक्त ने आम, अमरूद, आंवला, नींबू, संतरा, किनो मौसंबी आदि के नर्सरी को देखा। साथ ही ड्रैगन फ्रूट के पौधों का अवलोकन किया और पलामू के मिट्टी में ड्रैगन फ्रूट के फल के स्वाद की जानकारी ली। आयुक्त ने कहा कि क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में रसदार फलों की खेती की जा रही है। साथ ही रसदार फलों एवं अन्य फलदार पौधों की नर्सरी तैयार की गई है। इन पौधों को किसानों को ले जाकर अपने खेतों में पौधरोपण करने की आवश्यकता है। ताकि पलामू प्रमंडल क्षेत्र में फलों की खेती का विस्तार हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में पॉली हाउस में खेती की जा रही है। इसे आसपास के किसान को आकर देखने की जरूरत है। इससे खेती के प्रति उनके मन में भावना जागृत होगी और वह अपना किचन गार्डन विकसित कर अपने द्वारा उत्पादित फल एवं सब्जियों की सेवन कर सकेंगे। इससे उनकी खेती सेहत ठीक हो सकेगी। आयुक्त के परिभ्रमण के दौरान वैज्ञानिक प्रमोद कुमार एवं लिपिक ऋषि सुमन झा ने क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में किए जा रहे कृषि संबंधी विभिन्न प्रभेदों के अनुसंधान से संबंधित जानकारी दी।



निरीक्षण करते आयुक्त



## न्यूज गैलरी

### जेएसएलपीएस के तत्वावधान में निकाली गयी जागरूकता रैली




श्री बंशीधर नगर। जेएसएलपीएस के तत्वावधान में सोमवार को सिंहपुर ग्राम के महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली गई। रैली प्राथमिक विद्यालय परिसर से निकलकर गांव के टोलों का भ्रमण करते हुये पुनः विद्यालय परिसर पहुंचकर सम्पन्न हुआ। रैली में शामिल महिलाएं-हम भारत की नारी हैं- फूल नहीं चिंगारी है, नारी -नारी की पुकार-नही सहेंगे अत्याचार आदि नारे लगा रहे थे। जेंडर सीआरपी सुनीता कुमारी ने बताया कि यह अभियान आगामी 23 दिसंबर तक चलाया जायेगा। रैली में ग्राम संगठन के अध्यक्ष परमशीला देवी, ममता कुंवर, पूजा देवी, कमला देवी, देवंती देवी, मालती देवी, संगीता देवी, गुड़िया देवी, प्रीति देवी,शीला देवी, कमलावती देवी, अनिता देवी, ममता देवी, विमला देवी सहित महिला स्वयं सहायता समूह की अन्य महिलाएं शामिल थीं।

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**गढ़वा।** उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी सुनी एवं उसके निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। आज जनता दरबार मे राशन कार्ड, जमीन विवाद, बिजली बिल से संबंधित समस्या, पेंशन, पोषाहार, अतिक्रमण, धोखाधड़ी, राशन वितरण में अनियमितता, आवास, सड़क निर्माण, बकाया भुगतान आदि अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों का बारी-बारी से समस्या सुनी गई एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने हेतु निदेशित किया गया। उपायुक्त श्री घोलप द्वारा गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए दुरभाष से संबंधित पदाधिकारियों को समस्याओं के निष्पादन हेतु निदेशित किया गया। मौके पर निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन भी उपस्थित थे

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**खरौंधी (गढ़वा)।** खरौंधी-भवनाथपुर मुख्य पथ पर अमरोरा प्रेमनगर टोला में सोमवार की शाम 5 बजे मोटरसाइकिल दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल चालक खरौंधी की ओर से भवनाथपुर जा रहा था। कि अचानक अमरोरा प्रेमनगर टोला के तीखे मोड़ पर सामने से आ रहे टैंपू से बचने के क्रम में उक्त व्यक्ति गिरकर घायल हो गया। घायलावस्था में उसे प्राथमिक उपचार के लिए समुदायक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर भेजा गया। घटना की जानकारी पाकर अंचलनिरीक्षक मोजिब खां,कौशलेश शुक्ला, मयंक कुमार घटना स्थल पर पहुँच कर घयल ब्यक्ति को इलाज हेतु भवनाथपुर भेजने में सहयोग किया। वही घटना की जानकारी सअनि सुरेंद्र दुबे पहुँच कर घटना के बारे में जानकारी ली एवं मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना ले गये। अंचल निरीक्षक मोजिब खां ने घायल ब्यक्ति से पूछताछ किया तो पता चला कि उक्त ब्यक्ति भवनाथपुर थाना के बुका गांव का है। वह खरौंधी से अपने घर जा रहा था। घटना की जानकारी पाकर विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव सहित आसपास के कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### दुर्घटना में दो घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-मझिआंव मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के जोबरइया गांव के समीप सड़क दुर्घटना में श्याम नारायण चंद्रवंशी पिता भूलन चंद्रवंशी व रंजीत कुमार पिता स्व.मोती चंद्रवंशी गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों घायल मझिआंव थाना क्षेत्र के आमर गांव के रहनेवाले हैं। जानकारी के अनुसार श्याम नारायण चंद्रवंशी व रंजीत कुमार रविवार की रात को एकही मोटरसाइकिल से गढ़वा से घर लौट रहे थे। इस दौरान जोबरइया गांव के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में श्याम नारायण चंद्रवंशी के सिर, चेहरा व दायां हाथ में गंभीर चोट लगी है। जबकि रंजीत कुमार के शरीर के कईहिस्से में चोट लगी। घटना के बाद उस ओर से गुजर रही पुलिस ने पीसीआर वैन से दोनों घायलों को सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया।

### आत्महत्या का किया प्रयास

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के बीरबंधा गांव निवासी अमरूद्दीन अंसारी की पुत्री शहीना खातून ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार शहीना खातून को घरेलू कामकाज को लेकर उसकी मां ने डांट फटकार किया था। इससे गुस्से में आकर शहीना खातून ने चूहा मारने वाले कीटनाशक को खा लिया। सदर अस्पताल में इलाजरत शहीना खातून की हालत स्थिर बनी हुई है।

भवनाथपुर थाना में जनप्रतिनिधियों के साथ एसडीपीओ ने की बैठक, कहा-

# अंधविश्वास के प्रति लोगों को जागरूक करें

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देश पर श्रीबंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने भवनाथपुर थाना परिसर में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से डायन-विसाहि,अंधविश्वास, सामाजिक त्रुटियों एवं क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब भाठी को लेकर केतार एवं भवनाथपुर प्रखण्ड के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि आज भी लो भूत प्रेत जैसे अंधविश्वास पर विश्वास करते हुए अपनी जान गवां देते हैं। जनप्रतिनिधियों से लोगो को जागरूक करने को कहा। कहा कि डायन-विसाही जैसे अंधविश्वास एवं भूत-प्रेत के चक्कर मे नही पड़े अगर तबियत खराब हो तो अच्छे डॉक्टर से इलाज कराए। आज भी लोग झड़-



फूक के चकर में पड़ कर लोग अपना जान गवां देते हैं। वहीं एसडीपीओ ने कहा कि क्षेत्र में कहीं भी डलिया-देवास एवं अवैध शराब भठी चलता हो तो प्रशासन को सूचित करें। प्रशासन त्वरित कार्यवाई करेगी। क्षेत्र में बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करें जिससे गांव समाज शिक्षित बने शिक्षा के अभाव में ही लोग डायन-विसाही, भूत-प्रेत जैसे अंधविश्वास के चक्कर मे पड़ जाते हैं। बैठक में थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो, केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार, भवनाथपुर प्रमुख शोभा देवी, केतार प्रमुख चंद्रावती देवी, केतार उप प्रमुख शम्भू सिंह, भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, भवनाथपुर पंचायत मुखिया बेबी देवी, सिंदुरिया पंचायत मुखिया नंदलाल पाठक, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, अनिल चौबे, प्रताप यादव, केतार मुखिया प्रमोद कुमार, मुकुंदपुर मुखिया मूंगा साह, परती कुसवानी मुखिया मुनि देवी, पचाडुमर मुखिया श्यामसुंदर बैठा, गुड़ी देवी सहित अनय मौजूद थे।

### बैंक में कर्मी का अभाव, ग्राहक परेशान

**भवनाथपुर।** झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक बुका शाखा के कर्मियों के नहीं रहने से ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा ही। सोमवार को दर्जनों महिला पुरुष ग्रहक बैंक में अपने कार्ययोजना के लिए बैंक पहुंचे थे। शाखा प्रबंधक सहित अन कर्मियों के नहीं रहने के कारण काम नहीं हो से ग्रामीणों ने हंगामा भी किया। ग्रहक अनिल राम, रामु मेहता, बुधन कुमार गुप्ता, विद्यावती देवी, रंजीता देवी, कलावती देवी, गुड्डी देवी ने कहा कि 15 दिनों से प्रतिदिन हम लोग बैंक में आ रहे हैं। मैनेजर के नहीं रहने के कारण हमारे बच्चों का पैसा नहीं निकासी हो पा रहा है। हम लोग टैंपू भाडा कर बैंक में आते हैं। बैंक मैनेजर के नहीं रहने के कारण हम लोग का पैसा का निकासी सहित अन्य कार्य नहीं हो पा रहा है। शाखा प्रबंधक शिव शंकर कुमार से संपर्क करने की कोशिश किया गया तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ था। बैंक के क्षेत्रीय पदाधिकारी शंकर चौधरी से पूछे जाने पर कहा कि शाखा प्रबंधक का तबीयत खराब होने के कारण छुट्टी पर है। सुचारू रूप से बैंक चलाने के लिए स्टाफ को जल्द भेजा कर ग्राहकों की परेशानियों को दूर की जाएगी।

## एक सप्ताह बाद भी पद्भार ग्रहण नहीं किये कर्मी, लोग परेशान

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड के एक पंचायत से दूसरे पंचायत में पदस्थापित हुए कर्मियों के द्वारा सप्ताह दिन बाद भी अपने अपने पदभार का आदान-प्रदान नहीं किया गया । जिस कारण पंचायत की विकास योजनाएं फिलहाल अधर में लटक गया है । इतना ही नहीं कई तरह के आयोजित होने वाला ग्राम सभा, विशेष ग्राम सभा व कार्यकारिणी की बैठक भी नहीं हो सकी । सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर प्राप्त आवेदनों के आलोक में ग्रामसभा कराने के लिए वीडियो सोमा उराँव की ओर से निर्धारित किया गया 10 दिसंबर का तारीख इसका उदाहरण है । पंचायत सचिव को बदल जाने के कारण उक्त तिथि को ग्राम पंचायत डंडई में संपन्न होने वाला ग्राम सभा का आयोजन नहीं हो सका । इसी तरह रोजगार सेवकों के द्वारा भी पदभार का आदान-प्रदान नहीं करने से कई तरह के




मनरेगा की योजनाओं में मानव दिवस का सृजन नहीं हो पा रहा है । बताते चलें कि वीडियो सोमा उराँव की ओर से अलग-अलग पत्रांक के माध्यम 5 दिसंबर को डंडई पंचायत के पंचायत सचिव सुनील कुमार को बदलकर डंडाई पंचायत में सोनेहरा पंचायत के पंचायत सचिव सुदर्शन राम को पदस्थापित किया गया था । जबकि इसी पंचायत के रोजगार सेवक दिनेश कुमार रवि को बदलकर झोंतर पंचायत के रोजगार सेवक अनिल केरकेट्टा को डंडाई पंचायत में पदस्थापित किया गया था । उधर पदभार का आदान-प्रदान नहीं होने से दोनों पंचायत के ग्रामीण इन दिनों पसोपेश में आ गए हैं ।

## प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़कर मरीज की सहायता करना गर्व की बात : डा.शुभ्रा

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मरीजों को गोद लेकर अपने खर्च से अतिरिक्त पोषक आहार देने के लिए स्वास्थ्य विभाग के लोग पूरी सक्रियता दिखा रहे हैं। हर रोज विभाग के अधिकारी या कर्मचारी द्वारा किसी न किसी टीबी मरीज को गोद लेकर अपने खर्च से अतिरिक्त पोषक आहार का फूड बास्केट प्रदान किया जा रहा है। सोमवार को आयुष्मान भारत गढ़वा की डीपीसी डा. शुभ्रा जयंत पवार ने अपने खर्च से एक टीबी मरीज को गोद लेकर पोषक आहार का फूड बास्केट प्रदान किया। उन्होंने उक्त टीबी मरीज का इलाज चलने तक प्रतिमाह अतिरिक्त पोषक आहार के रुप में फूड बास्केट देते रहने की प्रतिबद्धता जताई। मौके पर डा.शुभ्रा जयंत पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस अभियान से टीबी




मरीजों को न सिर्फ सहायता मिल रही है, बल्कि यह अभियान मरीजों के मनोबल को भी बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान से जुड़ कर वे गौरवान्वित हैं। टीबी मरीजों की सहायता के लिए सभी सक्षम लोगों को आगे आना चाहिए। तभी हमारे देश से वर्ष 2025 तक टीबी की बीमारी समाप्त हो सकेगा। मौके पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डा. कमलेश कुमार, डा. संतोष कुमार मिश्रा, यक्ष्मा प्रभाग के डीपीसी डा.पुरुषेश्वर मिश्र, लेखापाल निशांत कुमार सिन्हा, पीपीएम नुरुल्लाह अंसारी, अनुज कुमार पाठक, एसटीएस बीरेंद्र प्रसाद, मेवालाल साह आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग की मौत, दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के तीन अलग अलग सड़क दुर्घटना में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। वहीं एक डेढ़ साल की छोटी बच्ची की हुई मौत । सभी घायलों को भवनाथपुर समुदाएक स्वास्थकेन्द्र में प्राथमिक ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां आयुष चिकित्सक निशंक निश्र्म के द्वारा प्राथमिक उपवहार जे बाद बेहतर इलाज के लिये गढ़वा रेफर किया गया। पहली घटना दहेडिया में अशोक सिंह पिता राजकुमार सिंह को एक बुलेरो चालक धका मार दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

जबकि दूसरी घटना में वही बुलेरो के द्वारा संजय यादव खरौंधी नावाडीह निवासी अपनी लड़की व नातिन के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर रमुना थाना के जरही खरौंधी जा रहा था। जिसे तीव्र गति से भाग रहा बुलरे पीछे से धका मारकर भाग गया। जिसमें इलाज के क्रम में डेढ़ वर्षिय शोनम कुमारी की मौत हो गई जबकि वही बुलेरो के द्वारा अमरोरा गांव में अभय पासवान पिता सतेंद्र पासवान बुका निवासी को भी बाइक में धक्का मार दिया। जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया ।

### पेशका गांव के समीप स्कॉर्पियो के धक्के से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल, रेफर

**गढ़वा।** गढ़वा-चिनियां रोड में मेराल थाना क्षेत्र के पेशका गांव के समीप अज्ञात स्कार्पियो के धक्के से मोटरसाइकिल सवार प्रदीप पाल व संजीव पाल घायल हो गए। दोनों घायल मेराल थाना क्षेत्र के चामा गांव के रहनेवाले हैं। जानकारी के अनुसार प्रदीप पाल व संजीव पाल एकही मोटरसाइकिल से पेशका गांव से घर लौट रहे थे। इस दौरान अज्ञात स्कार्पियो ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया। इस घटना में प्रदीप पाल का दायां पैर टूट गया है। जबकि संजीव पाल भी घायल हो गया। घटनास्थल के आसपास के ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद प्रदीप पाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि संजीव पाल को सदर अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

## डालहवा नाला के पास बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो व्यक्ति घायल

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चिनिया गढ़वा मुख्य सड़क डालहवा नाला के पास सोमवार की सुबह एक अज्ञात बोलेरो ने मोटरसाइकिल में सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वहीं राहगीरों एवं ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को उठाकर बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भेज दिया गया है। प्राप्त खबरों के अनुसार मेराल थाना क्षेत्र के पेंदलि गांव निवासी प्रदीप पाल तथा छोटू पाल प्रत्येक दिन की तरह दोनों अपने हीरो हौंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल से अपने घर से चिनिया में बन रहे नवनिर्मित अस्पताल में मजदूरी का काम करने आते थे । वहीं सोमवार को भी दोनों मजदूरी का काम करने चिनियां नवनिर्मित अस्पताल में आ रहे थे कि इसी बीच डकहवा नाला के पास विपरीत दिशा से जा रहा एक अज्ञात बोलेरो ने मोटरसाइकिल में जोरदार



टक्कर मार दी जिससे दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि इस घटना में मोटरसाइकिल भी काफी क्षतिग्रस्त बताया जा रहा है। वहीं उक्त स्थल पर बोलेरो के चक्का का इलाइबिल भी टूट कर गिरा पड़ा हुआ है। वहीं घटना की सूचना को सुन भाजपा नेता राजेश प्रसाद तथा अन्य ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायल को त्वरित एंबुलेंस के माध्यम से बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भेज दिया गया है । इधर घटनास्थल पर चिनीया पुलिस भी मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है।

### पूर्व उपप्रमुख की मनायी गयी पुण्यतिथि

**रमना।** मंगलम कॉम्प्लेक्स के प्रांगण में युवा नेता सह पूर्व उप प्रमुख अखिलेश पासवान की द्वितीय पूण्य तिथि मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत अखिलेश पासवान के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अखिलेश पासवान असीम सम्भावनाओ से भरे एक युवा नेता थे।उनके निधन से रमना की राजनीतिक जगत में जो शून्यता आयी है। अखिलेश पासवान ने अपने कार्यो की बदौलत समाज के सभी वर्गो में खास पहचान बनायी थी।कार्यक्रम को मुन्ना सिंह, चन्दन पासवान,प्रभात कुमार,रामजी पासवान,नकु पासवान,कुलदीप पासवान,सुधीर सिंह,सुरेंद्र सिंह,नंदू राम ,बिरेंची पासवान आदि ने सम्बोधित किया।जबकि मौके पर रामचन्द्र पासवान,मंतोष पासवान,रणजीत मेहता,कामेश्वर राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## गौकशी की घटना का निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के अरसली उतरी पंचायत में गौकशी की घटना के बाद प्रेस वार्ता कर प्रसाशन से निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी के ऊपर कड़ी करवाई की मांग किया है। प्रखंड सदर अख्तर अंसारी ने कहा कि अरसली उतरी पंचायत में दर्जनों बार कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा हिन्दू मुस्लिम समुदाय के बीच विवाद उत्पन करने का प्रयास किया गया। जिसमें आज तक किसी के ऊपर चिन्हित कर करवाई नही की जा सकी। दुबारा यह गौकशी की घटना घटित हुई है जो काफी दुखद है। आजसू नेता जयराम पासवान ने कहा कि इस गोकसी कि घटना से दोनो समुदाय के लोंगो में काफी आक्रोश है हम प्रसाशन से मांग करते है की दोषी व्यक्तियों को जांचों उपरांत अविलम्ब करवाई हो ताकि आगे भविष्य में दोनो समुदाय के बीच अमन चैन बना रहे है। बीडीसी पति नेपाल साह ने कहा कि हमलोग दोनो समुदाय के लोग वर्षों से मिलकर साथ रहते आ रहे है। कुछ असामाजिक तत्व चाहे वह मुस्लिम हो या हिन्दू को चिन्हित कर करवाई की जाय।

### दोनों समुदायों के बीच काफी आक्रोश : अब्दुल

अब्दुल करीम साह ने कहा कि इस गोकशी की घटना से गांव में दोनो समुदाय के बीच काफी आक्रोश है प्रसाशन से मांग करते है कि पूर्व में भी कई बार गांव में दोनो समुदाय के बीच विवाद उतपन करने के लिए कोशिश की गई है। परन्तु आज तक दोनो समुदाय के बीच अमन चैन है इस घटना में भी निर्दोष को नही दोषी व्यक्ति को चिन्हित कर कठोर दंड दिया जाय ताकि भविष्य में ऐसी घटना को अंजाम देने वाले बाज आये। प्रेस वार्ता मे मोहम्मद अंसारी, कुर्बान अंसारी, शेख सिराजुद्दीन अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

शिक्षा विभाग के उप सचिव ने कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया, कहा

## एमडीएम में गड़बड़ी कतई बर्दाश्त नहीं

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरिया।** शिक्षा विभाग के उप सचिव ओमप्रकाश तिवारी ने सोमवार को भंडरिया प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया ।इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यालय में रहकर शिक्षण कार्य पर अधिक ध्यान दें। एमडीएम किसी भी हाल में बंद ना हो इसका ख्याल रखें । विद्यालय को पूरी तरह साफ सुथरा रखें । इस दौरान उन्होंने भंडरिया प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रार्थना सभा में शामिल हुए। प्लस टू उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद यहां शिक्षण कार्य संतोषजनक बताया । इसके बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंचे। क्कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की सुसज्जित व्यवस्था देख कर प्रसन्न हुए। उन्होंने ने कहा कि भंडरिया के



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बहुत ठीक है। इसके लिए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता के कार्यों की सराहना की । उन्होंने कहा कि इनके मेहनत के बदौलत ही यहां के शिक्षण कार्य सफलीभूत हो रहा है। उप सचिव श्री तिवारी ने बडगड प्रोजेक्ट हाई स्कूल का भी निरीक्षण किया। वहां शिक्षकों को निर्देश दिया कि शिक्षक को जब आकस्मिक अवकाश लेना हो तो उसके लिए वरीय पदाधिकारी को सूचना दें और आकस्मिक अवकाश से संबंधित पंजी में अवकाश की सूचना संधारित कर ही बाहर जाएं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामर का भी निरीक्षण किया। वहां विद्यालय में बन रहे एमडीएम की जांच की । एमडीएम में गड़बड़ी पाया। वहां एमडीएम में सुधार लाने का निर्देश शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह को दिया है। उन्होंने कहा कि एमडीएम में किस तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर जिला कार्यालय के सहायक सुरेंद्र चौधरी, भंडरिया प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता, सीआरपी सत्यनारायण यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

**ई-प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (1th Call)**

निविदा सूचना संख्या – DWSD/SVS (JJM)/Med-26/2022-23 दिनांक 10.12.2022

| Sl. No. | Name of Work / Group No. | No. of Schemes | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केन्द्र प्रायोजित योजना "जल जीवन मिषन" के अन्तर्गत :– Construction of Rural Pipe Water Scheme through DT/ HYDT/GPT (Solar Based) 01/2.0 H.P. D.C Motor Pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2022-23. | | | | | |
| (i) | **Jhariwa group** of svs scheme under Panchayat Jhariwa, Block Chainpur **(Group No. 01)** | 5 | 7471472.00 | 150000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| (ii) | **Garda group** of svs scheme under Panchayat Neura, Block Chainpur **(Group No. 02)** | 6 | 9392369.00 | 188000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| (iii) | **Temrain group** of svs scheme under Panchayat Neura, Block Chainpur **(Group No. 03)** | 4 | 4858215.00 | 97500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| (iv) | **Paneribandh group** of svs scheme under Panchayat Jhariwa, Block Chainpur **(Group No. 04)** | 6 | 8227578.00 | 165000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| (v) | **Harbhonga group** of svs scheme under Panchayat Jhariwa, Block Chainpur **(Group No. 05)** | 5 | 7690920.00 | 154000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| (vi) | **Nimiya group** of svs scheme under Panchayat Jhariwa, Block Chainpur **(Group No. 06)** | 4 | 5246939.00 | 105000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| (vii) | **Hansa group** of svs scheme under Panchayat Jhariwa, Block Chainpur **(Group No. 07)** | 3 | 2385233.00 | 48000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| (viii) | **Ladi group** of svs scheme under Panchayat Jhariwa, Block Chainpur **(Group No. 08)** | 5 | 7538121.00 | 151000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| | Total :- | 38 Nos. | | | | |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | 22.12.2022 / 12.30 P.M. | | | | |
| 3 | Date & time of Document Download start date | 22.12.2022 / 12.35 P.M. | | | | |
| 4 | Last date & time of Bid Submission | 03.01.2023 / 05.00 P.M. | | | | |
| 5 | Last date time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | 04.01.2023 / 05.00 P.M. 1. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 2. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 05.01.2023 / 04.00 P.M. | | | | |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 | | | | |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | |

नोटः– 1. विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–89 (स्वी0) रांची, दिनांक 07.12.2022

2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR 284823 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

# न्यूज गैलरी

## भाजपा नेताओं ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की

**बरवाडीह।** प्रखंड के उकामाड के पूणार्डीह टोला मे कल शाम तेंदुआ की हमले मे दर्दनाक मौत होने पर रविवार को भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। प्रतिनिधि मंडल में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, पंचायत समिति सतीश सदस्य प्रवीण कुमार, दीपक तिवारी, अजय सोनी, मनोज प्रसाद, वीरेंद्र जायसवाल समेत अन्य भाजपा नेताओं ने उकामड़में पीड़ित परिजनों से मुलाकात किया। भाजपा नेताओं ने परिजनों से घटना की जानकारी लेते हुए घटना में दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों को सांत्वना देते हुए मामले में उचित करवाई और जल्द मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि वन विभाग द्वारा 26000 की तत्काल सहायता राशि उपलब्ध करा गया है। बाकी अन्य सहायता देने का आश्वासन दिया गया। भाजपा नेताओं ने इसके उपरांत वन विभाग के अधिकारियों से भी मुलाकात किया एवं पीड़ित परिजनों को बाकी मुआवजा अभिलंब देने की मांग किया।

## स्कूली बच्चों के बीच किया गया खेल सामग्रियों का वितरण

**चंदवा।** प्रखंड भर में संचालित विभिन्न निजी विद्यालयों में रामानंद साहू चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से खेल सामग्रियों का वितरण किया गया। ट्रस्ट के सतीश प्रसाद ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के अलावा शारीरिक दक्षता बढ़ाने के लिए खेल भी आवश्यक है। अब खेल में भी कैरियर की असीम संभावनाएं हैं। ट्रस्ट की ओर से चंदवा के ग्रीन फील्ड एकेडमी, चिल्ड्रेन पैराडाइज, ब्राइट फ्यूचर,गुरुकुल समेत कई विद्यालयों में खेल सामग्री जैसे बैट-बॉल,फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन,चेस,लूडो, कैरम बोर्ड आदि दिया गया। खेल सामग्री पाकर बच्चे काफी खुश दिखे।

## समरसेबल ले गया संवेदक, जल मीनार बेकार, बच्चे परेशान

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के मंझगांवा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिंदुआरी में 14वें वित्त की राशि से सोलर आधारित मिनी जल मीनार स्थापित किया गया था। जिसकी प्राक्कलित राशि करीब चार लाख है। मिनी जल मीनार के साथ-साथ समरसेवल भी संवेदक द्वारा लगाया गया था। परंतु कुछ ही दिनों में समरसेबल खराब हो गया। जिसे मरम्मती व ठीक करने के नाम पर संवेदक द्वारा पिछले एक वर्ष पूर्व समरसेबल को निकाल कर ले जाया गया। लेकिन आज तक संवेदक द्वारा विद्यालय में समरसेबल नहीं लगाया गया। वैसे में विद्यालय के अध्यनरत करीब 500 छात्र छात्राओं के साथ शिक्षकों को पेयजल के साथ अन्य समस्या से जूझना पड़ रहा है। यहां तक की एमडीएम बनाने में भी रसोईया को परेशानी हो रही है। जबकि विद्यालय द्वारा लगाए गए किचन गार्डन में सब्जी की उत्पादन भी बंद हो गया है। विद्यालय प्रबंध समिति ने संवेदक से जल्द समरसेबल विद्यालय को वापस करने के साथ लगाने की मांग की है। अन्यथा इसकी शिकायत उपायुक्त से करने की बात कही है।

## शैक्षणिक भ्रमण में बच्चों को दिया गया प्राकृतिक से संबंधित जानकारी

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय के स्कूली बच्चों को सोमवार को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। स्कूली बच्चों को रांची के हुंदरू फॉल, ओरमांझी के मछली घर व चिड़ियाघर सहित अन्य शैक्षणिक स्थानों का भ्रमण कराया गया। इस क्रम में शिक्षकों द्वारा उन्हें प्राकृतिक के साथ-साथ जीव जंतु के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि समय-समय पर बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराना अति आवश्यक है। शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में पढ़ने की ललक व जानकारी प्राप्त करने की लालसा बढ़ती है। बच्चों के साथ शिक्षक आकाश कुमार, प्रशांत कुमार, सुप्रिया कुमारी के साथ-साथ करीब दो दर्जन स्कूली बच्चे शामिल थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल टंडवा ने सत्र 2023-24 में नामांकन के लिए आमंत्रित किए आवेदन

**टंडवा (चतरा)।** उत्तरी करनपुरा वृहद ताप परियोजना टंडवा ईकाई द्वारा प्रखंड मुख्यालय में संचालित डीएवी पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने सत्र 2023-24 में नामांकन के लिए कक्षा एलकेजी समेत 1-8 तक के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। जिसका निबंधन 12 दिसंबर से 14 जनवरी तक चलेगा। वहीं विद्यार्थियों का नामांकन परीक्षा 30 जनवरी को ली जाएगी, जिसका परिणाम 2 फरवरी 23 को प्रकाशित कर दिए जाएंगे। एलकेजी में नामांकन के लिए पात्रता की बात करें तो 1 अप्रैल 23 के आधार पर उम्र सीमा 4.5 से 5.5 वर्ष के बीच रखी गई है। दूसरी ओर वर्ग 1-8 के लिए नामांकन परीक्षा 4 फरवरी 23 को रखी गई है जिसका परिणाम 20 फरवरी को प्रकाशित किए जाएंगे। आवेदन पत्र के अनुलग्नक में अभिभावक का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र व भाड़े में रहने वाले लोगों के लिए न्यायिक शपथ-पत्र के साथ विद्यार्थी का विद्यालय परित्याग पत्र, ब्लड ग्रुप, फिटनेस, जाती प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होगी। विशेष जानकारी के लिए विद्यालय प्रबंधन से संपर्क करने की बातें कही गई है।

### डीएमएफटी, एससीए के तहत किये जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा

# लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करें : डीडीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में डीएमएफटी, एससीए के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे पीसीसी पथ निर्माण, छात्रावास भवन जीर्णोद्धार कार्य, पुल-पुलिया निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा की गई तथा बचे शेष कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने एससीए के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में कहा कि एजेंसियां आपस में समन्वय स्थापित करते हुए शेष बचे कार्यों का जल्द से जल्द पूरा करना सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं से जल्द लोगों को लाभ मिल सके।

बैठक में पीसीसी सड़क, पुलिया निर्माण, तालाब, विद्यालय समेत अन्य संचालित योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अब तक हुए कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त द्वारा विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, जिला आपूर्ति पदाधिकारी बंधन लांग, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में चयनित टीम लातेहार रवाना

**बरवाडीह।** प्रखंड के रेलवे क्लब मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल अमें अपने अपने प्रतिभागी टीमों को हराते हुए प्रखंड चैंपियन बनने वाली मोरवाई की बालिका व बालक वर्ग की टीम जिला स्तरीय मैच खेलने के लिए जिला मुख्यालय लातेहार के लिए रवाना हुए। रविवार दोपहर मुखिया आशीष सिंह के नेतृत्व में जिला स्तरीय मैच में भाग लेने के लिए बरवाडीह से आज दोपहर रांची चोपन से एक्सप्रेस से लातेहार के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय दोनों टीमों को जीत की शुभकामना देकर बरवाडीह से रवाना किया। दोनो वर्ग के टीमों के साथ बरवाडीह से रवाना होने से पूर्व मुखिया आशीष सिंह ने कहा पंचायत के बालक एवं बालिका वर्ग के टीम अपनी अच्छी खेल के प्रदर्शन से अपनी जिला में अपनी पहचान बनाते हुए राज्य स्तरीय खेल के लिए चयनित होने में कामयाब होंगे। इसी उम्मीद के साथ सभी खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन कर लातेहार ले जा रहे हैं।

# निर्धारित राशि से बच्चों को कम दिया गया एमडीएम की राशि



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ ।** नेतरहाट के सरकारी विद्यालय बाल निकेतन के प्रधानाध्यापक बंधु किसान के द्वारा बच्चो को एमडीएम का पैसा कम दिया गया है। एक-एक हजार देकर बाकी का पैसा पोषण क्षेत्र के सीआरपी की मिली भगत से गबन कर लिया गया।

विद्यालय में नामांकित कुल छात्र 174 है। जिसमें कक्षा एक से पांच तक 95 बच्चे एवं छह से आठ तक 78 बच्चे है। जहां कक्षा एक से पांच तक को 134, 206 और 20 दिन के 4.57 रूपए प्रतिदिन के हिसाब से कुल 1,789 देना था। वही कक्षा छह से आठ तक के बच्चो का पैसा उनके ही खाता में आना था, लेकिन प्रधानाध्यापक द्वारा एक से पांच तक के बच्चो को एक हजार रूपए ही दिया गया। प्रधानाध्यापक बंधू किसान से पूछे जाने पर ऑन रिकॉर्डिंग खुद स्वीकार करते हैं कि एमडीएम की राशि को नियम के विरुद्ध जाकर बच्चों के बीच वितरण किये है। लेकिन कहतें है, कि छह से आठ तक के कुछ ही बच्चो का पैसा खाता में आया था, इसी कारण इस पैसा को अन्य बच्चो के बीच भी वितरण कर दिया गया।

इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौधरी ने बताया, इसकी जांच की जाएगी, अगर शिक्षक इस प्रकार किया है तो दोषी है, पाये जाने पर सख्त से सख्त कारवाई किया जाएगा, साथ ये भी कहा कि पोषण क्षेत्र के सीआरपी की भी इसमें गलती होगी, सीआरपी का ज्यादातर फोन बंद आता है, रोज रिपोर्ट भी जमा नही करता है, इसे लेकर भी विभागीय कार्रवाई की बात कहा।

# थर्ड रेलवे लाइन निर्माण साइट से हथियार के बल पर की लूट-पाट

- चार की संख्या में आये हथियारबंद अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम
- अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज, पुलिसिया कार्रवाई जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन अंतर्गत पतरातू से सोननगर तक बन रही महत्वकांक्षी तीसरी लाइन निर्माण कार्य मे लगी टीटीपीआईएल कम्पनी के साइट से अज्ञात बदमाशों ने हथियार के बल पर लाखों रुपये का सरिया लूट कर फरार हो गए हैं। मामला चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चेटर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित डगडगी पूल ब्रिज संख्या 188 पर घटी है। निर्माण स्थल से हथियार के बल पर लगभग 4 लाख 40 हजार रुपये के सरिया की लूट किये जाने का मामला सामने आया है। मामले की सूचना के बाद चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंचकर मामले की जानकारी ली व अग्रतर कार्रवाई में जुट गए है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि लगभग 4 की संख्या में अपराधी अचानक साइट पर आ धमके व रात्रि प्रहरी को हथियार के बल पर कब्जे में ले लिया। जिसके बाद 3 पिकअप वाहन लेकर आये अपराधी लगभग 5 टन सरिया को लोड कर चलते बने। पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है, जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होगा। बता दें कि बीते 22 नवम्बर की देर शाम उक्त साइट पर ही माओवादियों ने हमला बोलकर लगभग एक दर्जन वाहनों में आग लगा दिया था। जिसमें कंपनी को लगभग 15 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

### लातेहार : मनरेगा में टीसीबी निर्माण में घोटाला

# ग्रामीणों को लाभुक बनाकर फर्जीवाड़ा बिना जानकारी दिये ही पैसे की निकासी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सदर प्रखंड के ईचाक पंचायत के लबरपुर गांव में मनरेगा योजना में राशि गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। गांव में मनरेगा योजना में बिना टीसीबी निर्माण किए बगैर राशि की बंदरबांट कर ली गई है। ग्रामीण एतवा उरांव, कलावती देवी, सरिता देवी समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि योजना के बारें में हमलोगों को न कोई जानकारी है और न ही हमारी जमीन पर कोई योजना का निर्माण करवाया गया है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि रोजगार सेवक, पंचायत सेवक से मिलकर बिचौलिये द्वारा फर्जी तरीके से राशि की निकासी कर ली गई है। ग्रामीणों



ने पूरे मामले की जांच कर रोजगार सेवक, पंचायत सेवक एवं बिचौलियों पर कारवाई करने की मांग की है। इस मनरेगा योजना के तहत एतवा उरांव के नाम पर 25833, कलावती देवी के नाम पर 36600, सरिता देवी के नाम पर 19197, सममलाल उरांव के नाम पर 26307 व रमण उरांव के टीसीबी निर्माण के नाम पर 20382 रुपये की फर्जी निकासी की गई है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव के ही पूर्व वार्ड सदस्य भूखन राम के द्वारा फर्जीवाड़ा कर उक्त ग्रामीणों को टीसीबी का लाभुक बताकर फर्जी निकासी की गई है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव ने बताया कि इसके बारे में कोई जानकारी नही है। अगर इस तरह का मामला है तो इसकी जांच कर संबंधित लोगों पर कारवाई की जाएगी।

ईचाक पंचायत के मुखिया शशि कुजूर ने बताया कि मुझे इसकी जानकारी मिलने के बाद पंचायत सेवक व रोजगार सेवक के द्वारा जांच के बाद लाभुकों से पैसे की रिकवरी कर ली गई है।

## 15 एकड़ में लगे पोस्ता खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**कुन्दा (चतरा)।** कुन्दा थाना प्रभारी परमानंद मेहरा के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती व जंगली क्षेत्रों में अवैध अफीम खेती उन्मूलन को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को थाना क्षेत्र के बधार गाँव व जंगली क्षेत्रो में लगे लगभग 15 एकड़ में पोस्ता खेती को ट्रैक्टर की सहायता से नष्ट किया गया। विनिस्टीकरन अभियान में प्रतापपुर रेंजर के वन कर्मी, एसआई मोतीराम देवगन एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## 30 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल



**मयूरहंड (चतरा)।** थाना प्रभारी रामवृक्ष राम के नेतृत्व में सोमवार को मयूरहंड थाना क्षेत्र के ग्राम दुहैय निवासी उमेश यादव पिता ओजिर यादव के घर पर छापा मारकर 30 लीटर महुआ-निर्मितअवैध देशी शराब जप्त किया गया। साथ ही देशी शराब निर्माण में प्रयुक्त जावा महुआ और शराब-भट्ठी ध्वस्त किया गया। मौके पर घटना स्थल से ही उमेश यादव को गिरफ्तार कर कांड दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में चतरा भेज दिया गया। ज्ञात हो की इसके पूर्व भी 29 सितंबर को भी उमेश यादव के घर छापामारी कर अवैध देशी शराब की भट्ठियां ध्वस्त की गई थी। लेकिन उस समय मौके से फरार हो गया था। छापामारी दल में थाना प्रभारी के साथ सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# अवैध कोयला लदा हाईवा सहित चालक गिरफ्तार



## कोयला तस्करी की उद्देश्य को पुलिस ने किया विफल

बता दें कि सूत्रों के मुताबिक मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों थाना क्षेत्र के आसपास के चिमनी भट्ठा में विभिन्न साइडिंग का कोयला साइडिंग में ना गिरा कर फर्जी तरीके से आसपास के भट्ठो में बेचा जा रहा है। जो पूरी तरह अवैध है । हालांकि बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद इस तरह की तस्करी को रोकने के लिए प्रयासरत हैं। और आए दिन पुलिस द्वारा कुछ गाड़ियों को भी पकड़ी जा रही है। जिससे कोयला चोरों में हड़कंप व्याप्त है। छापेमारी अभियान में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के अलावे पु.अ.नी दुति कृष्ण महतो ,पु अ नि. कैलाश बाड़ा एवं थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** थाना पुलिस ने अवैध कोयला लदा हाइवा के साथ चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफलता पाई है। जिसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बालूमाथ से चंदवा की ओर एक अवैध कोयला लदा हाईवा जा रही है उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु रात्रि गस्ती दल पुअनी कैलाश बाड़ा के नेतृत्व में एक पुलिस की टीम गठित की गई। और बालूमाथ चंदवा के रास्ते मकईया तांड पुलिस पिकेट के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के क्रम में कोयला लदा एक हाईवा रजिस्ट्रेशन नंबर को चालक सहित पकड़ा गया। चालक द्वारा कोयला से संबंधित कागजात दिखाया गया परंतु कोयला कागजात में डीएमओ फेल था जिसका जांच के लिए जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जांच उपरांत उक्त हाईवा पर लदा कोयला अवैध था। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त हाईवा को जप्त कर मकईया ताड़ पुलिस पिकेट में खड़ी कर ली गई। और चालक सोनू कुमार साहू (26 वर्ष )पिता स्व. रामानंद साहू थाना खलारी जिला रांची को गिरफ्तार कर भादवी 21 एमएम डिआर भादवी कोल माइन्स एक्ट एंड 13 झारखंड मिनिरल्स रूल्स के तहत मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार चालक को लातेहार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और नियम संगत गाड़ी मालिक पर मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि उक्त गाड़ी पर लगभग 28.445 एम टी कोयला लगा हुआ है जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत लाखों रुपए की बताई जा रही है।

# पोस्ता की खेती में पटवन करते चार लोग गिरफ्तार, मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** कुन्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंजनी गांव के जंगल से पुलिस द्वारा चार व्यक्ति पोस्ता खेती में पानी पटाते गिरफ्तार किए गए। जबकी अन्य जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार व्यक्ति में 31 वर्षीय संजय गंझू, पिंजनी के रविन्द्र गंझू, चंदर गंझू, बरियातू के कैलू गंझू एवं जोगेंद्र गंझू गारो निवासी का नाम शामिल है। वही भागने वाले में चनारिक गंझू, कमेशर गंझू, बुटन गंझू, कमलू गंझू, पिंजनी के रोझर गंझू, कामेश्वर गंझू, बरियातू के मोहन गंझू, विनोद गंझू बाबुडीह का नाम शामिल है। उपरोक्त जानकारी देते हुए थाना प्रभारी परमानन्द मेहरा ने बताया की मामले के अनुसंधान के क्रम में पुअनि मुकेश कुमार दल बल के साथ जा रहे थे, तभी उन्हें जंगल में मोटर चलने की आवाज सुनाई दिया आवाज के निशानदेही पर पोस्ता खेती पटाते लोगो को गिरफ्तार कर सघन पूछताछ के दौरान भागने में सफसल लोगो को चिन्हित किया गया।उपरोक्त सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कारवाई की जा रही है। जबकी गिरफ्तार 4 अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

# दिव्यांग दंपत्तियों के आवंटित आवास का एक सप्ताह में होगा राशि भुगतान



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सिसई में रहने वाले दिव्यांग दंपत्तियों को वर्ष 2016-17 में आवंटित प्रधानमंत्री आवास की राशि भुगतान नहीं होने के मामले पर बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति ने त्वरित संज्ञान लिया है। इस बावत राजद प्रखंड अध्यक्ष सह समिति के उपाध्यक्ष नीरज तिवारी व मोहन राणा ने सोमवार को दंपत्तियों से मिलकर कंबल भेंट करते हुए पूरे मामले का जायजा लिया। जानकारी देते हुए श्री तिवारी ने कहा कि प्रथम किश्त की राशि अन्यत्र खाते में तकनीकी त्रुटियों के कारण भुगतान हो गई थी जिसपर प्रखंड प्रशासन को दिए गए निर्देश के आलोक में पंचायत सेवक जितेन्द्र सिंह द्वारा जांच रिपोर्ट सौंप दी गई है। एक सप्ताह के अंदर समुचित राशि लाभुक को भुगतान कर दी जाएगी। वहीं एक अन्य सरकारी सुविधाओं से महरूम भिक्षाटन कर पेट पालने वाली वृद्धा देवंती देवी से भी मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत हुवे, तो बताया गया कि आधार कार्ड नहीं बना है। वहीं बीडीओ रंथु महतो ने बताया कि आधार कार्ड बनने के पश्चात भुक्तभोगी महिला को वृद्धा पेंशन व राशनकार्ड की स्वीकृति दी जाएगी। ज्ञात हो की इसके पूर्व उक्त मामले को लेकर राष्ट्रीय नवीन मेल ने 4 सितंबर 22 को खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

### नक्सल प्रभावित गांव जोबिया में वन विभाग के खिलाफ उग्र हुए ग्रामीण, बोले-

# जान दे देंगे परंतु पूर्वजों की जमीन नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** कुन्दा थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित मरगड्डा पंचायत अंतर्गत जोबीया गांव के वन क्षेत्र में निवास करने वाले सैकड़ों ग्रामीण वन विभाग के तानाशाही रवैया के खिलाफ उग्र हो गए हैं। सोमवार को सैकड़ों ग्रामीण एकजुट होकर वन विभाग के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंकते हुए एक स्वर में कहा जान देंगे लेकिन जमीन नहीं देंगे। ग्रामीण अखिलेश भारती, रंजय दास, बिजली भारती, राजकुमार भारती, उमेश दास, संतन दास,राजन भारती, मतिया देवी, सविता देवी, देवंती देवी मूनखा देवी, बसंती देवी, संगीता देवी, तारा देवी, मीना देवी आदि ने बताया की वन विभाग की तानाशाही से भूखे रहने को मजबूर हैं, पूर्वजों से रखी जमीन ही जीविकोपार्जन का मुख्य साधन है। लेकिन वर्तमान में वन विभाग के तानाशाही रवैया से ग्रामीण परेशान हैं।ग्रामीणों का कहना है कि खाद्य फसलों को उगाए जाने पर वनरक्षी सिबोध सोनी द्वारा पैसे लिया जाता है नहीं दिए जाने पर फसलों में जहर दे दिया जाता है व केस कर दिया जाता है। साथ ही घर को गिराने का धमकी दिया जाता है। अब ऐसे में हम लोग कहां जाएं। पैसे नहीं रहने के स्थिति में खस्सी व सुवर तक लेने तथा अफीम तस्करों से पैसा लेकर नए जंगल को उजाड़कर पोस्ता खेती लगाए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। दुरारी ओर ग्रामीण वन विभाग के तानाशाही रवैया के खिलाफ उपायुक्त के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का आगे काहा है की कभी नक्सलियों के आतंक से परेशान थे तो आज वन विभाग की तानाशाही से परेशान है। वही संबंधित क्षेत्र के रेंजर जगरनाथ साव ने संपर्क करने पर काहा की इस विषय की सूचना हमें नही है। सूचना के आलोक में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## यज्ञ को लेकर किया गया नगर भ्रमण

**कुन्दा (चतरा)।** सोमवार को कुंदा प्रखंड के प्रसिद्ध महादेव मठ में प्राण प्रतिष्ठा एवं महारुद्र यज्ञ को लेकर ध्वज स्थापित करने से पहले नगर भ्रमण किया गया। यज्ञ समिती के लोगो ने बतया की यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है व मन में शांति मिलने के साथ लोगों का कल्याण होता है। यज्ञ को सफल बनाने के लिए नगर भ्रमण किया जा रहा। कार्यक्रम में जयराम भारती, उप प्रमुख सत्येंद्र साहू, मुखिया मनोज साहू, मुखिया बबीता देवी, मुखिया अनीता देवी, मुखिया भरत यादव, बिस सूत्री सदस्य दिलीप प्रसाद यादव, अखिलेश यादव, संतोष यादव, कमलदेव यादव, अजीत मिश्रा, बंटी कुमार, डॉ मधु, डीके रंजन व महादेव मठ के मुख्य पुजारी महंत श्री श्री दीनदयाल महाराज जी( नेपाली बाबा) शामिल थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने रैन बसेरा का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** सोमवार को झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में सचिव प्रज्ञा बाजपेई द्वारा सड़क या फुटपाथ पर रहने वालों के लिए एक अभियान की शुरूआत की गई। सचिव श्रीमती बाजपेई ने बताया कि डीएलएसए ने कानूनी सहायता के साथ-साथ मानवता के प्रति भावनात्मक तौर से एक सामाजिक दायित्व निभाने की मुहिम प्रारंभ की है इसके तहत भुखमरी और मुफलिसी से जूझ रहे हैं लोग जो रोज सड़क के किनारे या फुटपाथ पर सोते हैं ऐसे मजबूर लोगों को खुले आसमान से रैन बसेरा में आश्रय दिलाने का काम किया जाएगा। इस दौरान डीएलएसए सचिव द्वारा शहर के डोमसीटवा स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया, जिसमें बताया गया की 11 बेड उपलब्ध है, साथ ही अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। निरीक्षण के उपरांत सचिव ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत पीएलवी को फुटपाथ में वह मुफलिसी के जिंदगी जीने वाले लोगों की पहचान कर सूची तैयार कर देने की बात कही, ताकि उन्हें योजना का लाभ दिलाया जा सके। ज्ञात हो कि 9 दिसंबर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा, अवर न्यायिक दंडाधिकारी मोहम्मद उमर, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम मुक्ति भगत एवं सचिव के द्वारा गरीब बेसहारा एवं ठंड से कांपते लोगों के बीच 50 कंबल वितरण किया गया था।

## न्यूज गैलरी

### ट्रैक्टर के चपेट से बानो रेलवे कर्मी की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे अस्पताल में कार्य करने वाले कर्मी की सोमवार को ट्रैक्टर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुनने का भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रेलवे अस्पताल में कर्यरत कुम्भकर्ण भोक्ता किसी कार्य से कही जा रहा था इसी क्रम में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर धक्का मार दिया इसी कारण माथे में गंभीर चोट लगी और अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। स्थानीय लोगों द्वारा इलाज के लिए बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर इलाज के दौरान कुंभकरण की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर बानो थाना के एसआई देवकुमार दास घटना स्थल का जायजा लेते हुए ट्रैक्टर को जप्त कर लिया। सब इंस्पेक्टर देव कुमार ने बताया कि जप्त ट्रैक्टर कानूनी कार्यवाही की जाएगी उन्होंने बताया की ड्राइबर घटना के बाद ट्रैक्टर छोड़ कर फरार गया उसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### बोलबा प्रखंड मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी ने निकाली भारत जोड़ो पदयात्रा



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय में कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो पदयात्रा निकाला इस मौके पर बोलबा प्रखंड के सरसलोंगरी गांव से बोलबा बाजार होते हुए प्रखंड मुख्यालय के समसेरा मोड़ तक पदयात्रा किया गया। इस मौके पर जिला महासचिव खुशी कुमार ने बताया कि आज देश लोगों के बीच फैलाए गए भेद-भाव एवं नफरत की भावना को दूर करने के लिए यह भारत जोड़ आंदोलन के तहत पद यात्रा निकाली गई है। इस यात्रा के माध्यम से देश के गरीब, मजदूर किसान एवं सभी लोगों को कांग्रेस पार्टी एक सूत्र में बांधने का काम कर रही है। इस मौके पर छेत्रीय कई समस्याओं को दूर करने का आश्वासन भी लोगों को दिया गया। इस मौके पर कई नारे भी लगाए गए। इस मौके पर पदयात्रा के अन्तिम कड़ी में बोलबा बाजार टांड़ के पास बख्तर साय मुंडल सिंह स्मृति में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने माल्यार्पण किया। इस मौके पर जिला महासचिव खुशी कुमार, भारत जोड़ो पदयात्रा कोलेबिरा विधान सभा प्रभारी अनूप लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि संजय कुजूर, बोलबा प्रखण्ड अध्यक्ष प्रेम दास, रिचर्ड लकड़ा, नवीन कुल्लू एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### बांसजोर के रामजोड़ी नवा टोली में जिला परिषद के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर



**बांसजोर।** विगत 3 महीना से रामजोड़ी नवाटोली के ट्रांसफार्मर आकाशीय बिजली गिरने के कारण खराब हो गया था। जिससे वहां के लोग काफी परेशान थे उन्हें अंधेरा में रहना पड़ रहा था इस समस्या को लेकर वहां के ग्रामीणों ने जिला परिषद से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। जिला परिषद ने उन्हें जल्द समाधान का आश्वासन दिया थे। इसी क्रम में जिला परिषद के बैठक में जिला परिषद सामरोम टोपनो ने इस मुद्दा को बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता के सामने रखा। कार्यपालक अभियंता ने जिला परिषद से कहा वहां जल्द ट्रांसफार्मर लग जाएगा।एवं इसी क्रम में शनिवार को ग्रामीणों द्वारा पुराने ट्रांसफॉर्मर उतारकर विभाग के पास पहुंचाया गया एवं नया ट्रांसफॉर्मर लाया गया। सोमवार को नया ट्रांसफॉर्मर राम जोड़ी नवाटोली में लग गया। ट्रांसफार्मर लग जाने से वहां के ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त की एवं जिला परिषद को धन्यवाद कहते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया।

### अमर्यादित बयान के लिए चंद्रवंशी समाज से माफी मांगे अटार्नी जनरल वेंकटरमणी : निश्चय वर्मा



**लोहरदगा।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष निश्चय वर्मा ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि केंद्र सरकार के अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणी द्वारा अमर्यादित टिप्पणी करते हुए जाली नोटों की तुलना मगध नरेश सम्राट जरासंध से की गई है, जिसकी घोर निंदा कड़े शब्दों मे करते हैं। निश्चय वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के पास नोटबंदी के फैसले को हमारे पूर्वज मगध नरेश चक्रवर्ती सम्राट जरासंध का नाम लेकर अपमानित करना बर्दाश्त नही किया जाएगा। प्रदेश युवा सचिव रितेश कुमार वर्मा ने कहा कि अटॉर्नी जनरल को शायद ज्ञात नहीं है की सम्राट जरासंध महान शिवभक्त एवं महादानी थे, ब्राह्मण और अतिथि सेवक थे। प्रदेश युवा महामंत्री जितेंद्र वर्मा ने कहा की सम्राट जरासंध अपने परम शत्रु को सामने पाकर भी अतिथि देवो भव धर्म का पालन किया। उनके लिए अमर्यादित बयान देना अटार्नी जनरल को महंगा पड़ेगा। अटॉर्नी जनरल की अभद्र टिप्पणी से चंद्रवंशी समाज में आक्रोश व्याप्त है, अभद्र बयान पर अगर केंद्र सरकार द्वारा ठोस कदम नहीं उठाया गया तो परिणाम स्वरूप आंदोलन किया जाएगा और अटॉर्नी जनरल का पुतला दहन के साथ-साथ मानहानि का दावा किया जाएगा।

# सूक्ष्म टपक सिंचाई योजना ने बदली इन्द्रमणि के जीवन की तस्वीर



किसान का नाम - इंद्रमणि उरांव
गांव - टिको
पंचायत - जीमा
स्वयंसहायता समूह का नाम - हार्दिक महिला मंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुड़ू/जीमा।** इंद्रमणि उरांव वर्ष 2012 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) अंतर्गत बने हुए हार्दिक महिला मंडल से जुड़ीं। स्वयं सहायता समूह में जुड़ने से पहले इन्द्रमनी गृहणी का कार्य करती थी और कृषि कार्य के अंतर्गत अपने जमीन पर वर्ष में एक फसल के रूप में सिर्फ धान ही उगाया करती थीं। धान से ही उसके और उसके परिवार की आजिविका चलती थी। अपनी आजिविका को सुदृढ़ बनाने के लिए उसने अपने स्वयं सहायता समूह से सर्वप्रथम 40 हजार रुपए का ऋण लिया। इससे उसने सेकेण्ड हैण्ड चार पहिया वाहन खरीदा और उसे भाड़े पर लगाया। इससे उसके जीवन स्तर में सुधार आना शुरू हुआ। गाड़ी से प्राप्त होने वाली आय से उसने स्वयं सहायता से लिए हुए ऋण को चुका दिया।

### सूक्ष्म टपक सिंचाई से सिंचाई हुआ अब आसान

इंद्रमणि बताती हैं कि जेएसएलपीएस की ओर से एक कार्यक्रम में वर्ष 2017 में इसकी जानकारी मिली इसमें बताया गया कि अगर सूक्ष्म टपक सिंचाई की विधि से खेती की जाय तो इसमें सामान्य सिंचाई विधि की अपेक्षा कम मेहनत कम लागत और कम खर्च पर फसल उगाकर अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। जेएसएलपीएस की ओर से मिली इस जानकारी के बाद इंद्रमणि ने अपना पंजीकरण जायका किसान में कराया और जिसके बाद 49 नई किसान दीदियां इससे जुड़ीं और इंद्रमणि को आजिविका कृषक सखी के रूप में चुन लिया गया। अब इंद्रमणि अन्य किसान दीदीयों को भी जायका किसान से जोड़ रही हैं और नियमित रूप से उन्हें प्रशिक्षण देती हैं। टिको गांव में सूक्ष्म टपक सिंचाई विधि अपनाने से पहले किसान सिर्फ धान की खेती किया करते थे और कभी-कभी ठण्ड के मौसम में आलू की खेती किया करते थे, जिसमे काफी मेहनत लगती थी और खर्च भी ज्यादा आता था। इसके बावजूद इच्छा अनुसार उपज नहीं हो पाता था और खेती में लगायी हुई पूंजी भी नहीं निकल पाती था। घर के लिए हरी सब्जी बाजार से ही खरीद कर खानी पड़ती थी।





### प्रशिक्षण से मिली कृषि विधि और उपचार की जानकारी

**इंद्रमणि** जब आजिविका कृषक बनीं तो प्रशिक्षण के दौरान खेती के सही तरीकों को जाना, किस फसल में कौन सी बीमारी लगती है और उसका उपचार किस तरह किया जाता है, इसकी जानकारी प्राप्त हुई। प्रशिक्षण में फसल का सही बीज का चयन करना, फसल की नर्सरी फसल की बुआई, रोपाई के तरीकों को अच्छी तरह जानने का अवसर मिला। इंद्रमणि आज एक सफल किसान हैं। अपने गांव में जायका परियोजना अतर्गत उत्पादक समूहों का गठन कर रही है व अब वृहद पैमाने पर टपक सिंचाई का योजना बना रही हैं जिससे गांव के सभी कृषक परिवारों को सूक्ष्म टपक सिंचाई परियोजना से जोड़ा जा सके। इसका यह फायदा होगा कि सिंचाई में कम पानी की जरूरत होगी, एक वर्ष में कई फसल लिया जा सकेगा और कम खर्च पर अधिक मुनाफा किसान को होगा।

### अब पूरे वर्ष हो रही सब्जी की खेती

**इंद्रमणि के** पास कुल 25 डिसमिल खेती योग्य भूमि है। इस जमीन पर सूक्ष्म टपक सिंचाई विधि से इंद्रमणि व उसके परिवार पिछले दो वर्षों से पूरे साल भर खेती करता आ रहा है। सूक्ष्म टपक सिंचाई के बारे में गांव के लोगों किसी तरह की जानकारी नहीं थी जिसके कारण कई तरह की अफवाहें फैलायी जाती थी। उस वर्ष सूक्ष्म टपक सिंचाई विधि से आलू की खेती की जब आलू की खुदाई की गई जहां पहले 5 से 6 बोरा आलू का उत्पाद होता था वही इस वर्ष 18 से 20 बोरा आलू का उत्पादन हुआ। सभी आलुओं का आकार एक जैसा था, जिसका परिणाम यह हुआ कि आलू को जब बाजार में बेचा गया तो अच्छी कीमत मिली। इससे पहले जब सामान्य विधि से सिंचाई की जाती थी तो आलू का आकार अलग-अगल होता था जिसके कारण आलू को अलग कीमतों में बेचना पड़ता था जिससे काफी नुकसान होता था। इन्द्रमणि ने गर्मी में तरबूज की खेती की, ठंड में मटर, टमाटर की भी खेती की जिसमें काफी मुनाफा हुआ। वर्ष 2020 में आलू की खेती से 37 हजार रुपये की आय हुई। वर्ष 2021 में तरबूज की खेती से लगभग 18 हजार रुपये की आय हुई। करेला के उत्पादन से 50 हजार रुपये की आय हुई। मटर की खेती से 42 हजार रुपये का मुनाफा हुआ। इस वर्ष 2022 में गर्मी के मौसम में तरबूज की खेती से 35 हजार रुपये और स्ट्रॉबेरी से 4 हजार रुपये की आय हुई।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई कृषि बागवानी पशुपालन व मत्स्य विभाग की समीक्षा

# धान खरीद से संबंधित सारी तैयारियों को लैंपस स्तर पर पूर्ण कराने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य एवं सहकारिता विभागों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। उपायुक्त ने विभागवार विस्तृत समीक्षा की। कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कृषि फसल राहत योजना से संबधित पोर्टल पर एंट्री की जानकारी ली। रबी फसल व खरीफ फसल के तहत किसानों के बीच बीज वितरण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन किसानों को बीज उपलब्ध कराया गया है उनका भौतिक सत्यापन करते हुए प्रतिवेदन समर्पित करने की बात कही। हॉर्टिकल्चर से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। मशरूम कीट वितरण की भी समीक्षा की। उन्होंने सहकारिता विभाग के पदाधिकारी को धान खरीद से संबंधित सारी तैयारियों को लैंपस स्तर पर पूर्ण कराने का निर्देश दिया। पशुपालन विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने पुराने योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 प्राप्त लक्ष्य की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 90% सब्सिडी दिए जाने वाले पशुपालन का लाभ को शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बकरा वितरण, सुकर पालन, चूजा वितरण एवं गाय वितरण की विस्तृत समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने अन्य महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, गव्य पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा उपस्थित थे।

### शिक्षा विभाग ने 12 स्कूलों में 'एग्जाम टारगेट' के तहत विशेष कक्षा की हुई शुरूआत



**उपायुक्त** आर रॉनिता के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा विभाग ने नवोदय विद्यालय, मुख्यमंत्री क्षेत्रवृत्ति योजना, आकांक्षा जूनियर लक्ष्यों को ध्यान में आदि रखते हुए विशेष शनिवार को जिलें एग्जाम टारगेट नामक कक्षाओं का 12 विद्यालयों में उद्घाटन किया। इस अभियान का उद्देश्य प्राथमिक से ही मेधावी छात्रों की पहचान कर उन्हें सही मार्गदर्शन देते हुए, उचित मुकाम दिलाना की रूपरेखा स्वयं इस महत्त्वाकांक्षी योजना उपायुक्त महोदयने अपने दिशा-निर्देश में तैयार करवाया है। विद्यालय में इस कोचिंग कक्षा से विद्यार्थियों को इन परीक्षाओं के लिए विशेष रूप से तैयारी करायी जाएगा। पुस्तकों अलावा प्रशिक्षित शिक्षक इस कार्य में लगाए गए है। जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार एवं अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज ने संयुक्त रूप से कुल्लूकेश मध्य विद्यालय में विधिवत इसका उद्घाटन किया। मौके पर शिक्षक अभिषेक रंजन, बहाम नायक एवं ग्राम मुखिया भी मौजूद थे।

### प्लस टू चुन्नीलाल उवि में वार्षिक समारोह सह एग्जीबिशन का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राजकीय कृत प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय में सोमवार को वार्षिक समारोह सह एग्जीबिशन का कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर थीं। वहीं कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में विभिन्न विद्यालयों से आए प्रधानाध्यापक आसपास के सामाजिक कार्यकर्ता रितेश अग्रवाल, राम वर्मन, दीपक सराफ, मनोग्या पाण्डे, एवं छात्र-छात्राओं के माता-पिता तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विधिवत रूप से किया गया। मौके पर उन्होंने साइंस और कॉमर्स के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल को देखा और समझा। शिक्षा पदाधिकारी द्वारा साइंस और कॉमर्स के द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट तथा बच्चों का अपने प्रेरणादायक शब्दों से उनका उत्साहवर्धन भी किया। इसके पश्चात जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा वार्षिकोत्सव का दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन मानसी भारती और प्रियंका कुमारी द्वारा किया गया। खास बात यह रही कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम विद्यालय में पहली बार आयोजित की गई। जिसमें पहली बार बच्चों के द्वारा ही मंच संचालन से लेकर अन्य कार्यक्रम का प्रबंधन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ तथा अंत तक विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम जो झारखंड के सांस्कृतिक परिवेश पर आधारित थे, किए गए। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कमल कुमार बारला द्वारा विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट जो विद्यालय के एकेडमिक रिजल्ट पर आधारित है उन्होंने रखा उसके पश्चात इस वर्ष के विभिन्न संकाय के टॉप तीन टॉपर्स को जिन्होंने साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स, वोकेशनल तथा दशवीं में इस वर्ष टॉप किया है उन्हें भी जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया बच्चे मेडल पाकर काफी खुश और सम्मानित महसूस कर रहे थे तथा इसका प्रभाव अन्य बच्चों पर भी पड़ा मेडल वितरण का कार्यक्रम शिक्षक मुकेश कुमार द्वारा दो फेज में किया गया पहले फेज में एकेडमी परफॉर्मेंस के आधार पर इस वर्ष के टॉपर को मेडल पहना कर सम्मानित किया गया तथा दूसरे फेज में कला और खेलकूद तथा अन्य सह शैक्षणिक गतिविधियों के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मेडल पहनाकर उनका सम्मान किया गया।

## कोलेबिरा में पुलिस अंकल ट्यूटोरियल का प्रखंड प्रमुख ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा के विभिन्न स्कूलों में पुलिस अंकल ट्यूटोरियल क्लास की शुरूआत की गयी पुलिस अंकल ट्यूटोरियल क्लास का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख दुतामि हेमरोम, थाना प्रभारी रंजीत कुमार महतो, सामुदायिक पुलिस पदाधिकारी वीरेंद्र शर्मा, शिक्षक लालधन नायक आदि के द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया कार्यवाह थाना प्रभारी रंजीत कुमार महतो ने कहा कि पुलिस अंकल ट्यूटोरियल क्लास को पहले से भी बेहतर रिजल्ट के साथ आगे बढाया जाएगा। शिक्षक के साथ- साथ पुलिस पदाधिकारी भी बच्चों को गाइड करेंगे।प्रखंड प्रमुख दुतामि हेमरोम ने कहा कि सिमडेगा जिस तरह हॉकी और खेल के लिए जाना जाता है। शिक्षक अपनी पूरी ताकत लगा दें तो कोलेबिरा प्रखंड के साथ-साथ सिमडेगा जिला बेहतर शिक्षा के लिए भी जाना जाएगा। सामुदायिक पुलिस पदाधिकारी वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि पुलिस हर संभव आप सभी का मदद करने के लिए खड़ी है आप सभी बच्चे पुलिस अंकल ट्यूटोरियल क्लास में अच्छे से पढ़ें और अपने क्षेत्र के साथ साथ अपने जिले और राज्य का भी नाम रोशन करें। गौरतलब है कि 02 अक्टूबर 2019 में पुलिस अंकल ट्यूटोरियल क्लास की शुरूआत की गई थी। 2019 में शुरू हुआ पुलिस अंकल ट्यूटोरियल क्लास साल दर साल बढ़ता गया। पुलिस अंकल ट्यूटोरियल क्लास के लिए सिमडेगा पुलिस को कैपेसिटी बिल्डिंग अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है। कोरोना काल की वजह से इसे बंद कर दिया था, लेकिन फिर से इसकी शुरूआत की गयी है।

## मदरसे का इमाम ने 8 वर्षीय नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**दो माह पूर्व भी इमाम के द्वारा बच्ची से किया गया था शारीरिक शोषण**

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले के एक मस्जिद से एक हैवानियत की घटना सामने आई है जो समाज को कलंकित करते हुए मानवता को भी शर्मसार कर देगी। यह घटना गुरु और शिक्षक को बदनाम करने वाली और शिक्षक के रूप में हवसी इमाम की काली करतूत सामने आई है। मामला कोलेबिरा थाना क्षेत्र का है जहां पर एक 8 वर्षीय बच्ची के साथ इमाम के द्वारा उसके पास उर्दू पढ़ने आने वाली बच्ची को डरा धमका कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। घटना रविवार की सुबह की है जब मासूम बच्ची प्रत्येक दिन की तरह उर्दू पढ़ाई के लिए मदरसा गई थी। पढ़ाई खत्म होने के बाद पढ़ाने वाले इमाम मोहम्मद अमीनुद्दीन अंसारी पलामू जिले के पाकी माइल गांव निवासी सभी बच्चों को छुट्टी दे दिया लेकिन



उस मासूम बच्ची को अपने साथ अपने कमरे में लेकर उसके साथ डरा धमका कर दुष्कर्म किया। साथ ही उसे किसी को नहीं बताते हुए उसके पिता को को भी जान से मारने की धमकी दी। वहीं उसके बाद बच्ची घर आई और रोते हुए अपनी मां से पूरी घटना की वारदात बताई। फिर क्या था घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन इसकी जानकारी अंजुमन इस्लामिया कोलेबिरा को दिया। इधर मामले को कुछ समाजिक लोगों के द्वारा दबाने का प्रयास किया गया लेकिन मामला दबा नहीं और मामला सामने आया। जिसके बाद अंजुमन इस्लामिया के सदर मोहम्मद मुमताज आलम परिजनों को लेकर कोलेबिरा थाना पहुंचे और आरोपी इमाम के विरुद्ध थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस इस मामले में सक्रियता दिखाते हुए तत्काल इमाम को छापेमारी करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

इधर सिमडेगा एसपी सौरव कुमार ने बताया कि मामला गंभीर है और इस मामले में आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस इंस्पेक्टर घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से मामले की जानकारी लिया। इधर कोलेबिरा थाना में इस मामले में कोलेबिरा थाना कांड संख्या 73/22 धारा 376 एबी, 342, 506, एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

अंजुमन के सदस्यों ने इस मामले का निंदा जताते हुए सख्त से सख्त सजा की मांग की है। इधर सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया के सदर मोहम्मद ग्यास ने भी इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे लोगों को जीने का कोई हक नहीं है ऐसे लोगों को सख्त से सख्त सजा मिले ताकि समाज में ऐसी गलती करने वाले दुबारा कोई जन्म ना लें। गौरतलब हो इससे पूर्व भी इमाम के द्वारा दो महीना पहले इसी बच्ची के साथ डरा धमका कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। हालांकि डर से बच्ची ने किसी को कुछ भी जानकारी नहीं दिया था।

# सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा बना झारखंड चैंपियन

## 33 वां प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद संपन्न, कमलेश उरांव बना सर्वश्रेष्ठ एथलीट



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में 10 दिसंबर से चल रहे खेलकूद समारोह का शानदार समापन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति झारखंड के सचिव अजय कुमार तिवारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल ने की। आगत अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चनकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथि परिचय विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कराया। इस कार्यक्रम में कृष्णा प्रसाद, अनिल अग्रवाल, अजय प्रसाद, जीतराम बड़ाईक, शोभा देवी, गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रांतीय खेल प्रमुख सुरेश मंडल, विवेक नयन पांडेय, बाघमारा के प्रधानाचार्य संतोष झा, तुलसी ठाकुर, शाल्वी सिन्हा, रंजीत कुमार, संजय कुमार, शिशु मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी आदि गणमान्य महानुभाव उपस्थित थे। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा के कमलेश उरांव ने व्यक्तिगत रूप से तीन स्वर्ण पदक जीतकर सर्वश्रेष्ठ एथलीट बना। इस प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा ओवरऑल चैंपियन रहा। खो-खो प्रतियोगिता भैयाप्रथम-सरस्वती शिशु मंदिर चाईबासा, द्वितीय -शिशु मंदिर लोहरदगा, तृतीय-सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हार टोली, खो-खो बहन-प्रथम सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा, द्वितीय सरस्वती शिशु मंदिर भरनो, तृतीय सरस्वती शिशु मंदिर हजारीबाग, 400 मीटर रिले दौड़ भैया-प्रथम-सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा, द्वितीय - सरस्वती शिशु मंदिर सितिक बोना, तृतीय-सरस्वती शिशु मंदिर सिंदरी, कबड्डी बहन-प्रथम-सरस्वती शिशु मंदिर चांपी, द्वितीय-बाघमारा, तृतीय-बोकारो 9 डी, गोला फेक बहन प्रथम-डकरा की ज्योति, द्वितीय-चाइबासा की अंजलि, तृतीय-मेदिनीनगर की आयुषी ने स्थान प्राप्त किया। भैया का रिले रेस में सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा ने प्रथम, द्वितीय -सिटिक बोना, तृतीय-सिनिडीह। 400 मीटर रिले रेस बहन में सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा प्रथम, द्वितीय -खलारी, तृतीय - राजकमल रहा।

**17 को पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की मनायी जायेगी पहली पुण्यतिथि, तैयारी शुरू**

# केके भगत के सपनों को साकार करने तक संघर्ष जारी रहेगा : नीरू शांति भगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी जिला कमिटी के द्वारा जिला कार्यालय में पूर्व विधायक कमल किशोर भगत का प्रथम पुण्यतिथि मनाये जाने को लेकर रणनीति बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भारती के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से चर्चा किया गया कि आगामी 17 दिसम्बर को झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के प्रथम पुण्यतिथि को भव्य तरीके से मनाये जाने हेतु रणनीति तैयार किया गया। इधर बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी नीरू शांति भगत ने कहा कि आजसू पार्टी के स्तम्भ स्वर्गीय कमल किशोर भगत के आदर्शों को अपने जीवन में उतारते हुए उनके सपनों को साकार करने में हर संभव सकारात्मक सोच के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी 17 दिसम्बर को पूर्व विधायक कमल किशोर भगत का प्रथम पुण्यतिथि है इसे लेकर सभी कार्यकर्ता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और कार्यक्रम की सफलता को लेकर पूरी तरह से तैयारी में जुट जायें। स्वर्गीय कमल किशोर भगत ने जो सपना देखा था उसे हर संभव पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर जिला सचिव विलयम कुजूर, जिला उपाध्यक्ष मुन्ना अग्रवाल, सलीम पाडु, महिला जिला अध्यक्ष अनिता साहू, लोहरदगा महिला इकाई प्रखंड सचिव हेमंती देवी, गोरी देवी, आनंद राम, कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, परमेश्वर महतो सहित बड़ी संख्या में आजसू पार्टी के कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### लोकसभा में सीतारमण ने कहा- भारतीय रुपया हर मुद्रा के मुकाबले हुआ मजबूत



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय रुपया हर मुद्रा के मुकाबले मजबूत हुआ है। सीतारमण ने कहा कि भारत के विकास पर सभी को गर्व होना चाहिए, लेकिन दुख की बात है कि संसद में कुछ लोग देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था से जलते हैं। वित्त मंत्री ने सोमवार को लोकसभा में भारत की अर्थव्यवस्था से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि भारतीय रुपया हर मुद्रा के मुकाबले मजबूत हुआ है। रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि आरबीआई को यह सुनिश्चित करने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करना जरूरी है कि डॉलर-रुपये में उतार-चढ़ाव बहुत ज्यादा न हो। लोकसभा में सीतारमण ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि दुख की बात है कि संसद में कुछ लोग देश की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था से जलते हैं। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, लेकिन विपक्ष को इससे दिक्कत है। भारत के विकास पर सभी को गर्व होना चाहिए, लेकिन कुछ लोग इसे मजाक के रूप में लेते हैं।

### सोयाबीन रिफाइंड में नरमी, तिलहन मजबूत

इंदौर। सप्ताहांत खाद्य तेलों में खरीदी सुस्ती से भाव नरमी लिए रहे। कारोबार में सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका। तिलहनों में भाव मजबूत रहे। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1510 से 1530 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1530 से 1550 रुपये प्रति 10 किलोग्राम खुलने के बाद 1520 से 1540 रुपये होकर बंद हुआ। सोयाबीन रिफाइंड 1235 से 1240 रुपये पर खुलकर 1210 से 1212 रुपये बिका। पाम तेल 995 से 1000 रुपये खुलकर 985 से 990 होकर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में भाव मजबूती लिए बताए गए। सरसों 100 रुपये तथा सोयाबीन 200 रुपये प्रति क्विंटल महंगा बिका। पशु आहार कपास्या खली में मजबूती दर्ज की गई।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में नरमी का रुख कायम है। कारोबार की शुरूआत में कच्चा तेल इस साल के सबसे निचले स्तर 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है। इसके बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 92.76 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की कीमत इस साल मार्च में 140 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई थी। उसके बाद से यह 46 फीसदी की गिरावट के साथ सबसे निचले स्तर 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। कच्चे तेल का लीटर और रुपये के हिसाब से अनुमान लगाएं तो पेट्रोल-डीजल की कीमत पिछले 9 महीने में 33 रुपये प्रति लीटर से ज्यादा घटनी चाहिए।

### अमेजन का क्रिसमस शॉपिंग स्टोर शुरू

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन मार्केट प्लेस अमेजन डॉट इन ने क्रिसमस स्टोर शुरू किया जहां सजावट से लेकर उपहार आदि उपलब्ध है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि विशेष रूप से तैयार किए गए 'क्रिसमस स्टोर' से खुद के और अपने प्रियजनों के लिए उपहार खरीदा जा सकता है। इस स्टोर में क्रिसमस डेकोर, गिफ्ट सेट, पार्टी एसेंशियल, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, किराने का सामान और घर का अन्य सामान, होम डेकोर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सेसरीज, अमेजॅन डिवाइस, फैशन ब्यूटी एसेंशियल के लिए शानदार डील्स और ऑफर उपलब्ध हैं। स्टोर 25 दिसंबर 2022 तक लाइव है।

# आंध्र प्रदेश में 53 कुओं की खुदाई पर 2,150 करोड़ रुपये का निवेश करेगी ओएनजीसी



◆आंध्र प्रदेश राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआईएए) ने पिछले महीने हुई एक बैठक में पर्यावरण मंजूरी के लिए ओएनजीसी द्वारा रखे गए दो अलग-अलग प्रस्तावों को मंजूरी दे दी।

**हैदराबाद (एजेंसी)।** ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) की आंध्र प्रदेश में 53 संभावना वाले कुओं की खुदाई में 2,150 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना है। इनमें से 50 कुएं कृष्णा-गोदावरी (केजी) बेसिन के गोदावरी में जमीनी पीएमएल (पेट्रोलियम खनन पट्टा) ब्लॉक में हैं। शेष तीन कुएं सीडी-ओएनएचपी-2020/1 (ओएएलपी-vi) ब्लॉक में होंगे। आंध्र प्रदेश राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआईएए) ने पिछले महीने हुई एक बैठक में पर्यावरण मंजूरी के लिए ओएनजीसी द्वारा रखे गए दो अलग-अलग प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। ओएनजीसी के अनुसार, उसका भूगर्भीय और भूभौतिकीय अध्ययन के आधार पर राज्य के पूर्व और पश्चिम गोदावरी जिलों में केजी बेसिन पीएमएल ब्लॉक में 2021-28 के दौरान 50 कुओं में संभावना का पता लगाने का प्रस्ताव है। इन कुओं को विकास कुओं में बदला जाएगा। यदि ये वाणिज्यिक रूप से व्यावहारिक पाए जाते हैं, तो इन्हें शीघ्र उत्पादन प्रणाली (ईपीएस)/गैस संग्रह स्टेशन (जीसीएस) से जोड़ा जाएगा। ओएनजीसी ने केजी बेसिन के कुओं के मामले में कहा, इनपर कुल 2,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। प्रत्येक कुएं पर 40 करोड़ रुपये का निवेश होगा। ओएनजीसी ने कहा कि तीन कुओं के लिए अनुमानित परियोजना लागत 150 करोड़ रुपये होगी और इनकी खुदाई में तीन से पांच महीने लगेंगे। ओएनजीसी वर्तमान में केजी बेसिन से प्रतिदिन 44 लाख मानक घन फुट गैस और 700 टन से अधिक कच्चे तेल का उत्पादन करती है।

## 8 दिन में 125% की ताबड़तोड़ तेजी, इस शुगर स्टॉक ने दिया छप्परफाड़ रिटर्न

◆एसबीईसी शुगर के शेयरों ने पिछले 5 दिन में करीब 46 पर्सेंट का रिटर्न लोगों को दिया है। स्टॉक एक्सचेंज ने शेयरों के प्राइस मूवमेंट को लेकर एसबीईसी शुगर से स्पष्टीकरण मांगा था।



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी ग्रुप की एक कंपनी ने पिछले 8 ट्रेडिंग सेशन में ताबड़तोड़ रिटर्न दिया है। मोदी ग्रुप की यह कंपनी एसबीईसी शुगर है। कंपनी के शेयरों में पिछले 8 दिन में 125 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी आई है। उमेश मोदी ग्रुप की कंपनी एसबीईसी शुगर के शेयर सोमवार को 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 55.45 रुपये पर पहुंच गए हैं। इस प्राइस लेवल पर पहुंचने के साथ ही शुगर कंपनी के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। एसबीईसी शुगर के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 21.05 रुपये है। एसबीईसी शुगर के शेयर 1 दिसंबर 2022 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में 24.35 रुपये के स्तर पर थे। कंपनी के शेयरों ने इस पीरियड में 125 पर्सेंट से ज्यादा रिटर्न दिया है। अगर किसी व्यक्ति ने 1 दिसंबर 2022 को एसबीईसी शुगर के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते तो आज की तारीख में यह पैसा 2.28 लाख रुपये होता। एसबीईसी शुगर के शेयरों ने पिछले 5 दिन में करीब 46 पर्सेंट का रिटर्न लोगों को दिया है। स्टॉक एक्सचेंज ने शेयरों के प्राइस मूवमेंट को लेकर एसबीईसी शुगर से स्पष्टीकरण मांगा था। कंपनी ने अपने जवाब में कहा है कि फिलहाल हमारे पास कोई ऐसी इंफॉर्मेशन नहीं है, जो कि कंपनी के शेयरों के प्राइस मूवमेंट पर असर डाले। कंपनी का मार्केट कैप करीब 265 करोड़ रुपये है। एसबीईसी शुगर के शेयरों में पिछले 2 साल में 638 पर्सेंट की तेजी आई है। कंपनी के शेयर 11 दिसंबर 2020 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) में 7.50 रुपये के स्तर पर थे।

### मस्क नीलाम करेंगे ट्विटर हेडक्वार्टर के 265 आइटम

**नई दिल्ली।** ट्विटर को टेकओवर कर चुके एलन मस्क नए साल में सैन फ्रांसिस्को हेडक्वार्टर के 265 आइटम नीलाम करेंगे। नीलामी 17 जनवरी को ऑनलाइन होगी। इसमें कॉफी मशीन जैसे किचन आइटम, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर जैसी चीजें रखी गई हैं। ऑनलाइन बिडिंग 17 जनवरी से 18 जनवरी तक चलेगी। ज्यादातर चीजों की शुरूआती कीमत 25 या 50 डॉलर रखी गई है। ये सभी आइटम ऑनलाइन साइट बिड स्पॉटर पर भी लिस्ट हैं। इसके मुताबिक पेमेंट केबल वायर ट्रांसफर पर होगी, जिसे नीलामी खत्म होने 48 घंटे में चुकाना होगा। ट्विटर के हेडक्वार्टर में मौजूद फर्नीचर भी नीलाम किया जा रहा है। ट्विटर के हेडक्वार्टर में मौजूद फर्नीचर भी नीलाम किया जा रहा है। नीलामी वाले आइटम में दो एक्सरसाइज बाइक, एस्प्रेसो मशीन और एक गूगल 55 इंच डिजिटल व्हाइट बोर्ड डिस्पले, दर्जनों कुर्सियां और कॉफी मशीनें भी शामिल हैं।

### सोना 54130 रुपये व चांदी का भाव 66770 रुपये प्रति किलो खुला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एमसीएक्स पर सोना सोमवार 0.30 फीसद की गिरावट के साथ 54130 रुपये पर कारोबार कर रहा था जबकि, सर्राफा बाजार में सोमवार को यह 53898 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, एमसीएक्स पर चांदी का भाव 67700 के ऊपर है। जबकि, सर्राफा बाजारों में भी आज चांदी महंगी होकर 66770 रुपये प्रति किलो है। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 2356 रुपये सस्ता रह गया है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से अब केवल 9238 रुपये सस्ती है।आज यानी सोमवार को सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 39 रुपये सस्ता होकर 53898 रुपये के औसत भाव पर खुला। वहीं, चांदी भी 639 रुपये उछल कर 66770 रुपये प्रति किलो पर खुली। आज सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोने का जीएसटी समेत औसत हाजिर भाव 55514 रुपये है। वहीं, 23 कैरेट गोल्ड की औसत कीमत अब जीएसटी के साथ 55292 रुपये है। आज यह 53682 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। इसमें 95 पर्सेंट सोना होता है। इस पर अगर ज्वेलर का मुनाफा जोड़ लें तो यह 60821 रुपये पड़ेगा। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज के साथ यह 64000 रुपये के करीब पहुंच जाएगा।

### स्मार्टफोन का अधिक इस्तेमाल दंपत्ति के रिश्तों को कर रहा कमजोर

**नयी दिल्ली।** दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुके स्मार्टफोन अब लोगों के रिश्तों में खटास बढ़ाने का काम कर रहे हैं। स्मार्ट उपकरण विनिमार्ता वीवो के एक अध्ययन में सोमवार को बताया गया कि स्मार्टफोन के अत्यधिक इस्तेमाल की वजह से भारत में विवाहित जोड़ों के संबंधों को नुकसान पहुंच रहा है।साइबर मीडिया के अध्ययन स्मार्टफोन और मानवीय संबंधों पर उनका असर 2022 में 67 प्रतिशत लोगों ने यह स्वीकार किया कि अपने जीवनसाथी के साथ समय बिताने के दौरान भी वे अपना फोन देखने में व्यस्त रहते हैं। वहीं 89 प्रतिशत ने कहा कि अपने जीवनसाथी के साथ हल्की-फुल्की बातचीत में उन्होंने कम वक्त दिया जबकि वे चाहते तो अधिक समय दे सकते थे। इसमें स्मार्टफोन उपयोगकताओं ने यह माना कि आमने-सामने की बातचीत ज्यादा राहत देनी वाली होती है लेकिन इसके लिए वे कम वक्त देते हैं।

## एयर इंडिया 50 बोइंग 737 मैक्स विमान खरीदने के सौदे को अंतिम रूप देने के करीब

◀◀ एयरलाइन कारोबार को सुदृढ़ बनाने के लिए टाटा समूह ने अपनी घरेलू इकाई एयर एशिया इंडिया के एयर इंडिया में विलय की भी घोषणा की है।




**मुंबई।** टाटा समूह की कंपनी एयर इंडिया अपेक्षाकृत छोटे आकार के 50 बोइंग 737 मैक्स विमान खरीदने के लिए अमेरिकी कंपनी बोइंग के साथ सौदे को अंतिम रूप देने के करीब है। कंपनी ये विमान सस्ती अंतरराष्ट्रीय सेवाएं देने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए खरीद रही है। मामले से जुड़े सूत्रों ने कहा कि यह सौदा बड़े विमान के ऑर्डर का हिस्सा होगा। इसको लेकर कंपनी बोइंग और एयरबस एसई के साथ चालू वित्त वर्ष की शुरूआत से ही बात कर रही है। घाटे में चल रही एयर इंडिया की अगले तीन साल में अपने विमानों के बड़े को तीन गुना करने की योजना है। टाटा समूह ने इस साल जनवरी में एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। एयरलाइन कारोबार को सुदृढ़ बनाने के लिए टाटा समूह ने अपनी घरेलू इकाई एयर एशिया इंडिया के एयर इंडिया में विलय की भी घोषणा की है। कंपनी एयरबस ए320 विमानों के बेड़े का परिचालन करती है। फिलहाल एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास 24 बोइंग 737 विमानों का बेड़ा है। सूत्रों ने कहा कि सौदे पर आगे की चर्चा के लिए एयर इंडिया और बोइंग के अधिकारियों की सोमवार को बैठक होने की संभावना है। उन्होंने कहा, एयर इंडिया ने एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए 50 बोइंग 737 मैक्स विमान खरीदने को लेकर बोइंग के साथ सौदे को लगभग अंतिम रूप दे दिया है। हालांकि, इस बारे में एयर इंडिया ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा के द्वारा आमंत्रित ई0 प्रोक्योरमेंट नोटिश संख्या-2, टेन्डर रिफरेन्स नं0 769/2022.23 दिनांक 29.11.2022, PR No-283797(Road) 2022-23 D में आंशिक संशोधन करते हुए बेबसाईट निविदा की प्रकाशन तिथि 16.12.2022 एवं निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 21.12.2022 12:00 बजे दोपहर तक निर्धारित की जाती है, तथा प्राक्कलित रशि 35890231=00 रहेगी।

शेष शर्तें यथावत् रहेंगी। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in देखें।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, चतरा

PR 284872 (Road)22-23*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)

पत्रांक :- दिनांक :-

**शुद्धि-पत्र**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक-01.12.2022 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई-निविदा पत्रांक सं0- **08/RCD/DALTONGANJ/2022-23/1017** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 284042 Road(22-23)#D** है, जिसमें **क्रमांक-4** में अंकित Time of Completion **03 Months** के स्थान पर **06 Months** पढ़ा / समझा जाय।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज

PR284847 (Road)22-23*D

## जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
## (अभियंत्रण कोषांग)

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 14/2022-23**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियन्ता, जिला परिषद, लोहरदगा
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : दिनांक 22.12.2022 को 01.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 23.12.2022 को 04.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.12.2022 को 04.30 बजे अपराह्न में
5. परिमाण विपत्र बिक्री की स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
6. निविदा प्राप्त करने / खोलने का स्थान : जिला अभियन्ता का कार्यालय, जिला परिषद, लोहरदगा।
7. योजना मद : जिला योजना अनाबद्ध मद
8. कार्य का विवरण

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लोहरदगा | समाहरणालय परिसर अवस्थित पेंशनर भवन का छत मरम्मति योजना | 405750.00 | 750.00 | 8200.00 | 02(दो) माह |

योजनाओं की विस्तृत विवरणी, निविदा की शर्तें जिला परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।

2. जिला परिषद लोहरदगा में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। संवेदको को UCAN में निबंधन अनिवार्य होगा।

3. परिमान विपत्र हेतु बैंक ड्रॉफ्ट **DDC-Cum-CEO, Zila Parishad, Lohardaga** के पदनाम से देय होगा, जो बैंक ऑफ इण्डिया के कोर्ट एरिया लोहरदगा शाखा (बैंक कोड-4968) में भुगतेय होगा।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 284802 Lohardaga(22-23).D

## कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

आवेदन हेतु अंतिम तिथि 10-01-2023 विज्ञापन संख्या - 1/2022

**एन0एच0एम0 के अन्तर्गत संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड राँची का पत्रांक 316 दिनांक 19.05.2022 के आलोक में संविदा आधारित पदों के नियुक्तियों में शैक्षणिक योग्यता में झारखण्ड राज्य में अवस्थित शैक्षणिक संस्थानों से मैट्रिक एवं 10+2 उत्तीर्ण होने के शर्त्त का अनुपालन किया जाना है। उक्त निर्देश का अनुपालन करने के कारण इस जिला के लिए जिला स्वास्थ्य समिति अन्तर्गत संविदा के आधार पर निम्न पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं -

| क्र0 | कार्यक्रम का नाम | वर्तमान पद कोड | पदनाम | कुल रिक्ति | योग्यता एवं अर्हता | मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | National Mental Health Programme (NMHP) | 01 | Clinical Psychologist | 01 | **Essential Qualification :** Post Graduate Degree in Psychology or applied psychology and master of philosophy in medical and social psychology or master of philosophy in Mental Health and Social Psychology obtained after completion of a full time course of two years which includes supervised Clinical training, approved and recognized by Rehabilitation Council of India | Rs 26250/- |
| 2 | | 02 | Psychiatric Social Worker | 01 | **Essential Qualification :** Post Graduate degree awarded after completion of course of study of minimum two years in mental health or psychiatric social work. | Rs 29524/- |
| 3 | National Urban Health Mission (NUHM) | 03 | Lab Technician –UPHC | 01 (ST) | **Essential Qualification :** 10 + 2 Intermediate and Diploma in Lab Technician from Govt. recognized Institute with one Year of Experience. Registered under Jharkhand Paramedical Council. | Rs 10973/- |
| 4 | | 04 | Pharmacists -UPHC | 01 | **Essential Qualification :** Diploma In Pharmacy from a recognized institute. Registered under Jharkhand State Pharmacy Council. Computer proficiency (MS Office) & Internet. | Rs 10973/- |
| 5 | ARSH Cell | 05 | ARSH Counselor | 04 (UR-2, ST-2) | **Essential Qualification :** Should be Post Graduate degree in Psychology/Social Work/ Sociology/ Anthropology/ Human Development or hold diploma in Nursing with Minimum 1-3 years experience in field of Adolescent Work. Knowledge of adolescent developmental stage. Good working knowledge of MS. The position would be block level position. | Rs 9240/- |
| 6 | NHM | 06 | Refrigerator Mechanic | 01 | **Essential Qualification :** Matric & Certificate of ITI in refrigeration and air-conditioning with apprenticeship. Minimum 3 years working experience in repairing cold chain equipment. | Rs 14013/- |
| 7 | | 07 | Cold Chain Handler | 01 | **Essential Qualification :** 12th or inter with science and 3 years experience of handling vaccines in Cold Chain. | Rs 14013/- |
| 8 | | 08 | Block Data Manager | 03 (UR-1, ST-2) | **Essential Qualification :** Graduation in any Discipline from any recognized University with at least 1 year Diploma in Computer Application/ Post Graduate Diploma in Computer Application/ DOEACC "O" level from Govt. Recognized Institute/ITI/IDTR or Bachelor in Computer Application/ B.Sc. (IT)/ B.Sc. (Computer Science) DOEACC 'A' level from recognized Institute/ University. Minimum 2 year of post qualification relevant experience with reputed organization. Experience in working on MS-Office Package and Internet Usage. With basic knowledge of Software and hardware and able to attend troubleshooting in computers, printings and network connectivity. Typing skills in English is mandatory with minimum speed of 40 WPM in English. Knowledge of typing in Hindi will be desirable. Excellent Interpersonal Communication. Fluency in local language, both written and oral. | Rs 11753/- |
| 9 | Malnutrition Treatment Centre (MTC) | 09 | Nutrition counselor - MTC | 01 (ST) | **Essential Qualification :** 1. Master's/ Bachelor's degree in any subject (Hons/Pass) with Diploma or Certificate Course in Nutrition. 2. Basic Computer skills, especially those related to MS office. 3. Good Data management skills. **Desirable:** 1 year work experience in Health Sector/ relevant field. 1. Would be given preference to female candidates. 2. Fluency in local languages- both written and spoken. Ability work in a team. | Rs 12994/- |
| 10 | Malnutrition Treatment Centre (MTC) | 10 | Cook cum attendant | 02 (UR-1, ST-1) | **Essential Qualification :** Diploma in cooking/ Hotel Management/ Catering **OR** Matriculation with 2 years working experience in cooking in any institution. | Rs 7088/- |
| 11 | National Vector Born Disease Control Programme (NVBDCP | 11 | Malaria Technical Supervisor (MTS) | 03 (UR-1, ST-2) | **Essential Qualification :** Graduate preferably from biology stream and in case the candidate with desired qualification is not available, a graduate with science in class XII shall be considered. Experience candidates in health related programme shall be given preference. The candidates should have a valid two wheelers driving license. | Rs 17303/- |
| 12 | | 12 | Financial Logistic Assistant (FLA) | 01 | **Essential Qualification :** Graduate in Commerce/Qualified SAS accountant or persons who have qualified cash & account training from institute of Secretarial Training & Management (Min. of Personnel & PG) with minimum 5 years of experience in accounting analysis, budgeting, financial software and reporting systems. | Rs 17303/- |
| 13 | Rashtriya Bal Suraksha Karyakram (RBSK) | 13 | Pharmacists | 08 (UR-4, ST-4) | **Essential Qualification :** Diploma in Pharmacy from a recognized institute. Should have registered under Jharkhand State Pharmacy Council. Computer proficiency (MS Office) & Internet. | Rs 11550/- |
| 14 | RNTCP | 14 | Senior Treatment Supervisor (STS) | 04 (UR-2, ST-2) | **Essential Qualification :** Bachelor's degree or Recognized Sanitary inspector's course. Certificate Course in computer operation (minimum 2 months). Permanent two wheeler driving license & should be able to drive two wheeler. **Desirable:** Tuberculosis health visitor's recognized course. Govt. recognized degree/diploma in Social work or Medical Social work. Successful completion of basic training course (Govt. recognized) for Multi-purpose health workers. | Rs 19047/- |
| 15 | RNTCP | 15 | Senior Tuberculosis Laboratory Supervisor (STLS) | 01 (ST) | **Essential Qualification :** Graduate Diploma in Medical Laboratory technology or equivalent from a govt recognized institution. Permanent two wheeler driving license & should be able to drive two wheeler. Certificate course in computer operations (minimum two months). **Desirable:** Minimum One year experience in RNTCP. | Rs 20400/- |

उपरोक्त सारणी में **Essential Qualification** का तात्पर्य आवश्यक न्यूनतम योग्यता है।

उक्त नियुक्ति से संबंधित अन्य शर्तें, पदीय अर्हता, आयु सीमा, आवेदन प्रपत्र इत्यादि का विवरण http://lohardaga.nic.in पर उपलब्ध है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 284824 (Lohardaga) 22-23 (D)

सम्पादक की कलम से...

## शाबाश मुख्यमंत्री जी...

**मुख्यमंत्री** हेमंत सोरेन से पढ़ाई के लिए मदद की गुहार लगानेवाली गढ़वा की तिलदाग पंचायत निवासी बेबी कुमारी एवं उसके पूरे परिवार को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल गया है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री का यह प्रयास काफी सराहनीय है। लेकिन ऐसी कई छात्राएं हैं आज भी बुनियादी सुविधाओं से महरूम हैं। अपने राज्य झारखंड में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। अगर समय रहते इन्हें अवसर दिया जाये तो उनकी प्रतिभा का लोहा सभी मानेंगे। बहरहाल बेबी को पढ़ने की सुविधा के साथ जिस प्रकार पूरे परिवार को मदद मिली है,उसकी जितनी तारीफ की जाये कम है। बेबी कुमारी को सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना एवं उसकी बहनों को कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजना, मां ललिता देवी को बकरी पालन हेतु मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से जोड़ा गया। बेबी के पिता इंद्रेश राम को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत पांच लाख रुपये स्वीकृत किये गये। बेबी कुमारी की बहन रिमझिम कुमारी का नामांकन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कराया गया। साथ ही मनरेगा से 1.30 लाख की लागत का पशु शेड भी स्वीकृत किया गया है। ऐसे में मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए बेबी कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी से परसों मैंने पढ़ने के लिए मदद की गुहार लगायी थी। आज मुझे और मेरी बहनों को कई योजनाओं से आच्छादित किया गया। मां-पिताजी को भी स्वरोजगार से जोड़ा है। मेरी बहनों का पढ़ने का सपना अब साकार होगा। मैं पढ़कर शिक्षक बनूंगी। मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद। ऐसे शब्द जब किसी के मन से निकलते हैं तो समझा जा सकता है कि वह कितने मन को तसल्ली देते होंगे। मुख्यमंत्री ने पलामू प्रमंडल की इस बच्ची की की बेबसी पर जिस तरह मलहम लगाये हैं,उसकी जितनी भी तारीफ की जाये कम है। मामला यह था कि पिछले दिनों गढ़वा के तिलदाग पंचायत में लोक संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री से बेबी कुमारी ने कहा कि मैं पढ़ना चाहती हूं सर। मेरी मदद करें। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उपायुक्त गढ़वा को बेबी और उसके पूरे परिवार को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश के उपरांत 48 घंटे के अंदर पूरे परिवार को विभिन्न योजनाओं से जोड़ दिया गया। बहरहाल यह घटना छोटी दिख सकती है,लेकिन है नहीं। कारण आज की राजनीति के चेहरे बदल गये हैं। पूरा सिस्टम अवसरवादिता की पगडंडियों पर महज सरक रहा है। ऐसे में कुछ घंटों में सरकार से मदद की उम्मीद तो कतई नहीं की जा सकती है। लेकिन ऐसा हुआ है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि इस राज्य में नया सबेरा होने की गूंज सुनाई पड़ने लगी है। कल्पना की जा सकती है कि बेबी और उसके परिवार जो अभाव भरी जिन्दगी जीने को विवश थे,उन्हें सीएम की ओर से मिलने वाली सहायता से कितनी खुशी मिली होगी। ऐसे में हम उम्मी द कर सकते हैं कि विकास की यात्रा का यह रथ झारखंड में इसी प्रकार बढ़ता रहे। साथ ही राज्य की और कितनी बेबी जो असहाय हैं,और पढ़ने की आशा रखते हैं उन्हें भी मुख्यमंत्री इसी प्रकार मदद करेंगे। साथ ही इस संवाद का अभिप्राय यह भी कि अगर हौसले हैं तो कोई भी जंग जीती जा सकती है।

## आज का इतिहास

**1772 :** पोलैंड के पहले विभाजन पर ऑस्ट्रिया, प्रशिया और रूस द्वारा वियना में हस्ताक्षर किए।

**1776 :** एडवर्ड गिब्बन ने रोमन साम्राज्य की गिरावट और पतन के इतिहास का पहला खंड प्रकाशित किया।

**1807 :** हेनरी क्रिस्टोफर हैती राज्य के पहले राष्ट्रपति चुने गए।

**1827 :** स्विटजरलैंड के बुद्धिजीवी जॉन हेनरी पेस्टलोजी का निधन।

**1865 :** अमेरिका में गृह युद्ध के दौरान कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट को जला दिया गया।

**1698 :** औरंगजेब ने आठ साल की घेराबंदी के बाद जिंजी के किले पर कब्जा किया।

**1714 :** पेरिस की संसद ने पोप क्लेमेन्स इलेवन की ह्ययूनिजेनेटसह्ल डिग्री को स्वीकार किया।

**1720 :** द हेग की संधि ने स्पेन, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रिया और डच गणराज्य के बीच हस्ताक्षर किए, क्वार्टरल गठबंधन ने युद्ध को समाप्त किया।

**1878 :** सैन फ्रांसिस्को शहर में पहली बार टेलीफोन एक्सचेंज खोला गया।

**1882 :** पहला टेस्ट क्रिकेट मैच सिडनी के क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया।

**1883 :** महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता वासुदेव बल वंत फडके का अदन की जेल में निधन।

**1894 :** अमेरिकी डाकू जॉन वेस्ले हार्डिन को जेल से रिहा किया गया।

**1909 :** अमेरिकी साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष छेड़ने वाले अश्वेत अपाचे योद्धा जेरेनिमो का निधन।

**1915 :** महात्मा गांधी ने पहली बार शांतिनिकेतन का दौरा किया।

**1927 :** वीर वामनराव जोशी द्वारा लिखित रणदुंदुभी नाटक का मुंबई में प्रयोग हुआ, इसमें दीनानाथ मंगेशकर ने तेजस्विनी की भूमिका अदा की।

**1931 :** लॉर्ड इरविन ने वायसराय निवास में गांधी जी का स्वागत किया।

**1927 :** हवाई जहाज बनाने वाली विश्व की प्रथम कंपनी की स्थापना विलियम बोइंग और एल्बर्ट हबार्ड द्वारा की गयी।

# कुदरती सहजता में बसी खुशियां

‘ नदी की तरह सफल इंसान यह बखूबी जानते हैं कि अगर हम निरंतर गतिमान हैं, तभी हमारे पल भी लय मे निबद्ध होंगे। गिलास को आधा खाली नहीं, आधा भरा देखने वालों की एक आदत होती है कि वे खुश रहते हैं, खुद पर ध्यान देते हैं और हर निर्णय अपनी क्षमता और कामना को भली-भांति तोलकर ही लिया करते हैं। किसी दार्शनिक ने कहा भी है कि हमारा जीवन बस हमारा नहीं है, यह समाज का स्वरूप निर्धारित करता है। मिसाल के तौर पर भूटान, म्यांमा आदि देशों में कुछ गांव बहुत खुशहाल प्रमाणित हुए हैं। यह शोध यूनिसेफ सहित दर्जनों वैश्विक संस्थानों द्वारा किये गये। ’

**म**न की स्थिति का हमारे भौतिक शरीर और मानसिक सेहत पर ही नहीं, बल्कि हमारी संपूर्ण दिनचर्या पर भी काफी गहरा असर पड़ता है। कुंठित और दुखी मन वाले को हर परिवेश एकदम बीमार, सुस्त और उदासी भरा-सा ही लगता है। यों बदलता समय, बढ़ती उम्र, ढ़लती जवानी का असर कुछ लोगों पर इस कदर हावी भी हो जाता है कि वे अवसाद और कलेश के खोल में बंद हो जाते हैं। वे अपने मन की पड़ताल नहीं करते, लेकिन मन को जबरदस्ती काल्पनिक पीड़ा का अभ्यस्त जरूर बना देते हैं। हमारा भारतीय समाज मन को लेकर यों भी अलग ही दृष्टिकोण रखता है। मन बीमार है, यह बात हमारे यहां हजारों गांव-कस्बे में सहज बोधगम्य है भी नहीं। होता यह है कि इस बात को समझने की कोशिश करते-करते कई बार देर भी हो जाती है और फिर तेज दवाओं पर निर्भरता बाद में यह मलाल कराती है कि कहीं न कहीं अपने विचारों में ही खोट है। लौह शरीर में जंग तो हमने खुद ही लगा दी। महान शास्त्रीय नर्तक और विद्वान पंडित बिरजू महाराज अपने अंतिम दौर में भी सक्रिय रहे। वे अपने उद्बोधन में वे एक बात हमेशा कहते हैं कि उनकी लंबी उम्र और सेहत की चमक-दमक का राज यही है कि वे किसी भी बुरी और अखरने वाली बात को याद नहीं करते, सिर्फ सुंदर पल सहेज कर रखते हैं और साझा भी करते हैं। यह बात काबिले गौर तो है ही, क्योंकि इस जगत में हर सफल इंसान की यह खासियत होती ही है कि उसका नजरिया एकदम साफ और निरपेक्ष होता है। यानी एक सकारात्मक सोच के साथ वे जीवन को काटने में नहीं, जीने मे यकीन करते हैं। वैसे ही जैसे एक कल-कल बहती नदिया अपने शीतल जल और महत्त्वपूर्ण खनिज के साथ कहीं ठहर नहीं जाती, अविरल बहती है। तभी तो वह सरिता है। नदी की तरह सफल इंसान यह बखूबी जानते हैं कि अगर हम निरंतर गतिमान हैं, तभी हमारे पल भी लय मे निबद्ध होंगे। गिलास को आधा खाली नहीं, आधा भरा देखने वालों की एक आदत होती है कि वे खुश रहते हैं, खुद पर ध्यान देते हैं और हर निर्णय अपनी क्षमता और कामना को भली-भांति तोलकर ही लिया करते हैं। किसी दार्शनिक ने कहा भी है कि हमारा जीवन बस हमारा नहीं है, यह समाज का स्वरूप निर्धारित करता है। मिसाल के तौर पर भूटान, म्यांमा आदि देशों में कुछ गांव बहुत खुशहाल प्रमाणित हुए हैं। यह शोध यूनिसेफ सहित दर्जनों वैश्विक संस्थानों द्वारा किये गये। यह तभी हो सका, जब वहां हर निवासी अच्छी सोच के साथ जीवन का स्वागत कर रहा है। इसलिए हमेशा अपनी राई जैसी परेशानी को पहाड़ जैसी छवि मे बदलकर दिन-रात दुखी रहने वालों को भी कोशिश करनी चाहिए कि जुनून के साथ जीना ही जिंदगी है और इसी में अच्छी सेहत, लोकप्रियता, लंबी उम्र के रहस्य समाहित हैं। भगवान महावीर के अनुयायी हैरान रह जाते जब उनकी दिनचर्या को देखते। जितना समय सबको मिलता था, महावीर उतने समय में बहुत काम कर लेते और एकदम सामान्य लगते थे। सुबह से शाम उनका सहज आचरण देखते तो सभी अनुयायी हैरत में पड़ जाते। एक सुबह प्रश्न काल के समय महावीर से पूछा गया कि गुरुवर जीवन में कैसे चलें, कैसे ठहरें, कैसे सोएं, कैसे खाएं और कैसे बोलें, जिससे पाप कर्म का बंधन न हो। इसके उत्तर में महावीर ने यह नहीं कहा कि तुम चलो मत, ठहरो मत, बैठो मत, सोओ मत, खाओ मत और बोलो मत। यह कहा कि तुम चलो, ठहरो, बैठो, सोओ, बोलो, पर हर पल सतर्क रहो कि बस यह जीवन ही जीना है। जो बीत गया वह लौटेगा नहीं। तब तुम जीवन को अधिक सजगता और प्रसन्नता से महसूस कर सकोगे। एक बार चौराहे की लाल बत्ती पर गाड़ी रुकी और सामने ही रंग-बिरंगे गुब्बारे देखकर एक बच्चा गाड़ी के भीतर मचलने लगा। मां ने तीन-चार गुब्बारे खरीद लिए। तभी एक किशोर की आवाज भी आई, ‘रूमाल खरीद लीजिए, गुब्बारे की कीमत मैं दे दूंगा।’ मगर जरूरत नहीं थी। महिला ने मना कर दिया। गुब्बारे वाले ने अभी-अभी कमाए सारे रुपयों से उसके तीन रूमाल खरीद लिए। वह महिला उस साधारण में यह दया, करुणा, आत्मीयता देखकर चकित रह गई। फिर उसने दोबारा दोनों को बुलाया, कुछ रूमाल और दो गुब्बारे ज्यादा खरीद लिए। वह महिला उस गरीब के प्रसन्न मन और उसके इस स्वभाव से पैदा हुए जीवन दृष्टिकोण को देखती रह गई।

■ **पूनम पांडे**

# शोहरत का शॉर्टकट

**क**लाकार अपने अभिनय संवादों में बहते हुए कहने लगाः ‘नमस्कार दर्शकों आज मैं सिखाऊँगा कि हमें किसी का खून करने के लिए तैयारी कैसे करनी चाहिए? होता यूँ है कि कई लोगों के भीतर जुर्म करने का कीड़ा मचलता रहता है। लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि जुर्म कैसे करें। मन में रह-रहकर ख्याल आते रहते हैं कि जुर्म करने पर कहीं पकड़े तो नहीं जायेंगे? पकड़े जायेंगे तो पुलिस उनके साथ क्या करेगी? आदि-आदि।’ निर्देशक ने कैमरामेन से कलाकार को क्लोजर में लेने का निर्देश दिया। कलाकार कैमरे की स्क्रीन पर जूम हो उठा था। कलाकार अपनी धारा प्रवाह में संवाद कहने की जगह उसमें जीने लगा और कहाः ‘तो आज हम आपको चुटकियों में जुर्म चैनल के जरिये अपराध की दुनिया में न केवल प्रवेश करना सिखायेंगे बल्कि उसमें निपुण भी बनायेंगे।’ तभी वहाँ एक पुलिस अधिकारी आ गया। जब उसे निर्देशक से पता चला कि वह जुर्म की दुनिया में प्रवेश करने और निपुण बनाने के लिए वेब सीरिज बना रहा है तो उसका माथा ठनका। वह निर्देशक की क्लास लगाने ही वाला था कि निर्देशक बोल पड़ा- ‘देखिए साहब! आजकल यूट्यूब पर गलाकाट कांपटीशन चल रहा है। हमारे चुटकियों में जुर्म चैनल के एक लाख सब्सक्राइबर्स हैं। उन्हें नये-नये विषय पर वीडियो बनाकर देने पड़ते हैं, नहीं तो हमारी कमाई गिर जाएगी।’ पुलिस अधिकारी ने फटकारते हुए कहाः ‘वेब सीरिज बनाने का इतना ही शौक है तो कुछ पकवान या फिर डैंस संबंधी वीडियो बनाओ। ऐसे जुर्म को बढ़ावा देने वाले वीडियो बनाते हुए तुम्हें शर्म नहीं आती?’निर्देशक ने भोले मन से कहाः ‘आती है साहब! लेकिन क्या करें? खाने पकाने और डैंस जैसे विषयों पर असंख्य वीडियो बन चुके हैं। इसलिए दर्शकों को आकर्षित करने के लिए नये-नये विषय के साथ आगे आना पड़ता है। विश्वास न हो तो आप खुद ही यूट्यूब देख लीजिए। बिना चिकित्सा सीखे लोग घर पर ही गर्भवती स्त्री का ऑपरेशन कर रहे हैं। खून करने के तरीके और उससे बचने के उपाय बताये जा रहे हैं। चूंकि हमारे सब्सक्राइबर्स अधिक हैं इसलिए वे हमें कमेंट बॉक्स में नये-नये वीडियो बनाने पर मजबूर कर रहे हैं, नहीं तो अनसब्सक्राइब करने की धमकी रहे हैं। अब करें तो क्या करें?’ यह सुनकर पुलिस अधिकारी निरुत्तर रह गया।

■ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा ‘उरतृप्त’**
**मो. नं. 73 8657 8657**

# गुजरात ने बचा ली भाजपा की लाज

**बी**जेपी ने अपना किला गुजरात में भारी बहुमत से जीतकर एक रिकॉर्ड बनाया, उसके लिए बधाई। कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में सरकार के पंचवर्षीय बदलाव की परंपरा को बरकरार रखा, उसके लिए कांग्रेस को बधाई और दिल्ली में एमसीडी चुनाव में भाजपा के पंद्रह वर्ष के पुराने किले को ध्वस्त करते हुए अपनी जीत दर्ज की, उसके लिए ‘आप को बधाई। एक नवगठित यानी महज दस वर्ष पुरानी पार्टी ‘आप’ ने विश्व के सबसे बड़ी पार्टी को उसके नाक तले चुनाव जीतकर जो रिकार्ड बनाया वह तो एक इतिहास बन गया। अब आगे इन तीनों राज्यों गुजरात हिमाचाल प्रदेश और दिल्ली में भाजपा ,कांग्रेस और ‘आप किस प्रकार कार्य करेगी, यह तो समय बतायेगा, लेकिन इस चुनाव ने यह स्पष्ट रूप से बता दिया है कि अब मतदाताओं को कोई राजनीतिक दल या व्यक्ति विशेष गुमराह नहीं कर सकता। चाहे उत्तर प्रदेश हो या बिहार का कोई उपचुनाव रहा हो, वह अपनी पसंद के उम्मीदवार और पार्टी को ही चुनकर विधानसभा या लोकसभा में भेजने के लिए कटिबद्ध हो गई है। गुजरात में प्रधानमंत्री ने जिस तरह अपनी चुनावी रैलियों से यह बताने के प्रयास किया और गृहमंत्री ने जो अपना खेमा वहीं डाल दिया, उससे तो यह स्पष्ट हो गया कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने गुजरात विधानसभा चुनाव को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था। और हां, यदि इस तरह का आक्रामक प्रयास गुजरात में नहीं किया गया होता, तो हिमाचल प्रदेश की तरह गुजरात भी भाजपा के हाथ से निकल गया होता। देश के शीर्ष तंत्र द्वारा राज्य के मतदाताओं को प्रतिबद्धता नहीं दिखाई गई होती, तो इस राज्य का भी वही हाल होता, जो हिमाचल का हुआ है, क्योंकि 27 वर्षों तक किसी भी दल द्वारा एक राज्य पर सत्तारूढ़ रहना आसान काम नहीं है। ऐसी स्थिति में सरकार विरोधी लहर हर जगह चलने लगती है। इस बार भी जो खबरें छन-छनकर आ रही थीं, उनमें भी उसमें भी सरकार विरोधी लहर की जानकारी थी कि गुजरात में भी भाजपा के लिए सत्ता बरकरार रखना मुश्किल है। लेकिन, भाजपा के सूचनातंत्र ने इसकी जानकारी अपने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को देकर इस स्थिति से अपने को निकल लिया और इसी का परिणाम है कि भाजपा रिकार्ड मतों से राज्य में जीतकर सरकार बनाने जा रही हैं। गुजरात चुनाव में यह बात भी सामने आई कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री, दोनों का गृहराज्य होने के कारण मतदाताओं का एक रुझान था, उनका विश्वास था कि उनके मतदान न करने से देश के शीर्षतंत्र के स्थानीयता का अपमान होगा। इसलिए मतदाताओं ने इसके महत्व को समझा और स्थानीयता को वरीयता देते हुए भाजपा को लाभ प्रदान किया। रही बात हिमाचल प्रदेश की, तो वहां का तो इतिहास ही रहा है कि हर पांच वर्ष में सरकार बदलती हैं, क्योंकि वहां का मतदाता इतना जागरूक है कि वह सरकार के कामकाज का दिन-प्रतिदिन आकलन करती है और इस बात का इंतजार करती है कि यदि उसका कार्य संतोषजनक नहीं रहा, तो उसे बदल दिया जायेगा। ऐसा सामान्य स्थिति में होता है, लेकिन इस बार कुछ अप्रत्याशित हुआ है। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का हिमाचल प्रदेश गृहराज्य है, लेकिन वहां भाजपा चुनाव नहीं जीत सकी। प्रधानमंत्री ने कहा है कि वहां बहुत कम अंतर से सरकार नहीं बन सकी, लेकिन इतनी बात तो है कि सरकार नहीं बनी। शर्मसार करने वाली बात यह है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के अध्यक्ष इसी राज्य के रहने वाले हैं, लेकिन वह अपने राज्य में प्रभावहीन माने जाते हैं। संभवतः इस बात की जानकारी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को नहीं थी, लेकिन अब पछताए होत क्या। जहां तक केंद्रीय मंत्रिमंडल के युवा मंत्री अनुराग ठाकुर की बात हैं, तो उनके मामले में यह बात स्पष्ट हो गई है उनके पिता प्रेम कुमार धूमल प्रदेश के प्रभावशाली व्यक्ति हैं, लेकिन कहा जाता है कि प्रदेश की आंतरिक गुटबाजी और जेपी नड्डा के अहंकार के कारण ही उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया था, और इस बात का मलाल केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को था, जिस कारण वे खुलकर राज्य में प्रचार नहीं कर सके। राज्य में पराजय का जो कारण अब तक बताया जा रहा है, उसका कुल एक कारण यह भी बताया जा रहा हैं। अब दिल्ली नगर निगम, यानी एमसीडी चुनाव में भाजपा की हार के कारण के बारे में यही कहा जा रहा हैं कि 15 वर्ष में भ्रष्टाचार का जो माहौल वहां बन गया था, उसी ने ही भाजपा के अहंकार को चूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। ‘आप’ का यही तो आरोप था कि एमसीडी में बिना रिश्वत के कोई कार्य नहीं होता। दिल्ली और पंजाब में जिस प्रकार ईमानदारी और जनहित में पार्टी द्वारा काम करने की बात की जाती है, उसका प्रभाव आम लोगों पर पड़ता ही है।

■ **निशिकांत ठाकुर**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

समय आनेपर उसे विदुर नामक पुत्र उत्पन्न हुआ। इस प्रकार मुझसे तीन पुत्रोंकी उत्पत्ति हुई है। साधो। परक्षेत्रमें मेरेद्वारा उत्पन्न किये गये इन पुत्रोंके प्रति मेरी ममता बढ़ने लगी ॥ 22 ॥

उन तीनों पुत्रोंको अत्यन्त बलवान तथा देखकर मैं अपने शोकके एकमात्र कारण शुकसम्बन्धी वियोगको भूल गया ॥ 23 ॥

वीर्यवान हे ब्रह्मन! माया बलवती होती है, आत्मज्ञानसे रहित पुरुषोंके लिये यह अत्यन्त दुस्त्यज है। रूपहीन तथा आलम्बरहित यह माया ज्ञानियोंको भी मोहित कर देती है ॥ 24 ॥

हे मुनिवर। मातामें तथा उन पुत्रोंमें स्नेहासक्तिसे आबद्ध मेरे मनको वनमें भी शान्ति नहीं मिल पाती। थी ॥ 25 ॥

मेरा मन दोलायमान हो गया। वह कभी हस्तिनापुरमें रहता था तो कभी सरस्वतीनदीके तटपर चला आता था; इस प्रकार मेरा मन किसी जगह स्थिर नहीं रहता था ॥ 26 ॥

कभी-कभी मनमें ज्ञानका उदय हो जानेपर मैं सोचने लगता था कि ये पुत्र कौन हैं, यह मोह कैसा? मेरे मर जानेपर ये मेरा श्राद्ध भी तो नहीं कर सकेंगे ॥ 27 ॥

दुराचारसे उत्पन्न ये पुत्र मुझे कौन - सा सुख देंगे। माया बड़ी प्रबल होती है; यह मनमें मोह पैदा कर देती है ॥ 28 ॥

हे मुने! कभी-कभी शान्तचित्त होकर एकान्तमें मैं यह सन्ताप करने लगता था कि मैं जान-बूझकर इस मोहरूपी अन्धकूपमें व्यर्थ ही गिर गया हूँ ॥ 29 ॥

भीष्मकी सम्मतिसे जब बलवान पाण्डुको राज्य प्राप्त हुआ, उस समय मेरा मन इस बातसे बहुत प्रसन्न हुआ कि मेरा पुत्र राजसिंहासनपर बैठा है ॥ 30 ॥

तत्पश्चात सुन्दर रूपवाली कुन्ती तथा माद्री उनकी दो भाषाएँ हुई। उनमें कुन्ती महाराज सूरसेनको पुत्री थी तथा दूसरी रानी माझी मद्रदेश के राजाको कन्या थी ॥ 31 ॥

ब्राह्मणसे शाप प्राप्त करके राजा पाण्डु अत्यन्त दुःखित हुए और वे राज्यका परित्याग करके अपनी दोनों रानियोंके साथ वन चले गये ॥ 32 ॥

अपने पुत्रको वनमें स्थित सुनकर मुझे महान शोक हुआ। मैं यहाँ पहुँच गया, जहाँ वे अपनी दोनों पत्नियों के साथ रह रहे थे ॥ 33 ॥

वनमें उन पाण्डुको सान्त्वना देकर मैं पुनः हस्तिनापुर आ गया और वहाँ धृतराष्ट्रके साथ बातचीत करके सरस्वतीनदीके तटपर पुनः चला गया ॥ 34 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

## बिना हेलमेट बाइक न चलायें

**आं**कड़े बताते हैं कि सड़क दुर्घटना में मरनेवालों की संख्या ज्यादातर युवाओं की होती है, जिनमें अधिकांश हेलमेट नहीं पहननेवालों की है। इतना कुछ होने के बावजूद बिना हेलमेट व तीन सवारी बैठाये युवको को बाइक चलाते आम तौर पर देखा जा सकता है। आज कल के युवाओं में ज्यादातर यह देखा जाता है कि युवा वर्ग के लोग गाड़ी चलाते समय अपने मोबाइल को अपने कानों से दबा कर बाइक चलाते हुए बात करते है। जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। वैसे तो प्रशासन के द्वारा बार बार हेलमेट लगाने को लेकर जांच की जाती है। साथ ही गाड़ी चलाते हुए मोबाइल पर बात करने को लेकर मनाही की जाती है साथ ही साथ गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल से बात न करने की भी सलाह दी जाती है। यह दुर्घटना का कारण बन सकती है। बाइक सवार अपने सिर व कंधे के बीच मोबाइल दबाकर सड़क पर चलते दिखाई देते हैं। इन सब बातों से दुर्घटना की पूरी संभावना रहती है। इन सब बातों पर न ही उनके अभिभावक ध्यान देते हैं और ना ही ट्रेफिक पुलिस। वहीं, आम आदमी इससे मतलब नहीं रखता है। इन दुर्घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक है कि मोबाइल पर बात करना अगर आवश्यक है,तो हम बाइक रोककर एक जगह बात कर सकते हैं। बाइक पर एक हाथ से बाइक चलाना और मोबाइल पर बात करना उनके लिए एवं अन्य लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से ऐसा करने वाले युवकों से अनुरोध करता हूं कि इस तरह बाइक पर मोबाइल से बात करके अपने औरों की जान जोखिम में

■ **कुमार प्रताप , मेदिनीनगर।**

# देश में कुपोषण की चुनौती व मोटा अनाज का वितरण

**स**र्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि देश में कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए और सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान लोगों तक जिस तरह मुफ्त अनाज पहुंचाया, वह व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। ऐसे में निश्चित रूप से मोटे अनाज का उत्पादन और वितरण बढ़ा कर देश में भूख और कुपोषण की चुनौती का सामना और यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि देश का कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोयेगा। इस समय जब देश में भूख और कुपोषण की चुनौतियां उभर रही हैं, तो अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष (इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर) 2023 के व्यापक प्रचार-प्रसार से मोटे अनाज के अधिक उत्पादन और वितरण से इस चुनौती से पार पाने की संभावनाएं भी दिखाई दे रही हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रकाशित ‘द स्टेट आफ फूड सिक्योरिटी ऐंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड रिपोर्ट-2022’ के अनुसार 2021 में भारत की 22.4 करोड़ आबादी कुपोषण और भूख का सामना कर रही थी, तो दुनिया में कुपोषण की चुनौती का सामना करने वाले लोगों की कुल संख्या 76.8 करोड़ थी। विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों के मुताबिक, इस कुपोषित आबादी की थालियों में मोटे अनाज बढ़ा कर कुपोषण कम करने की डगर पर आगे बढ़ा जा सकता है। गौरतलब है कि मोटे अनाजों को पोषण का शक्ति केंद्र कहा जाता है। पोषक अनाजों की श्रेणी में ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, चीना, कोदो, सावां, कुटकी, कुट्टू और चौलाई प्रमुख हैं। मोटे अनाज किसान हितैषी फसलें हैं। इनके उत्पादन में पानी की कम खपत और कम कार्बन उत्सर्जन होता है। ये सूखे वाली स्थिति में भी उगाई जा सकती हैं। मोटा अनाज सूक्ष्म पोषक तत्त्वों, विटामिन और खनिजों का भंडार है। छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण में विशेष लाभप्रद हैं। शाकाहारी खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के दौर में मोटा अनाज वैकल्पिक खाद्य प्रणाली प्रदान करता है। इनकी खेती सस्ती और कम जोखिम वाली होती है। मोटे अनाजों का भंडारण आसान है और ये लंबे समय तक संग्रह योग्य बने रहते हैं। देश में कुछ दशक पहले तक सभी लोगों की थाली का एक प्रमुख भाग मोटे अनाज हुआ करते थे। फिर हरित क्रांति और गेहूं-चावल पर हुए व्यापक शोध के बाद गेहूं-चावल का हर तरफ अधिकतम उपयोग होने लगा। मोटे अनाजों पर ध्यान कम हो गया। हालांकि तकनीक और अन्य सुविधाओं के दम पर पांच दशक पहले की तुलना में प्रति हेक्टेयर मोटे अनाजों की उत्पादकता बढ़ गई है, लेकिन इनका रकबा तेजी से घटा और इनकी पैदावार कम हो गई है। इनका उपभोग लगातार कम होता गया है। स्थिति यह है कि कभी हमारे खाद्यान्न उत्पादन में करीब चालीस प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले मोटे अनाज की हिस्सेदारी इस समय दस प्रतिशत से भी कम हो गई है। ऐसे में देश में करोड़ों लोगों के लिए पोषण युक्त आहार की व्यवस्था सुनिश्चित करना जरूरी है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत देश की लगभग दो तिहाई आबादी सबसिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने की हकदार है। सभी पात्र परिवारों को तीन रुपए किलो चावल, दो रुपए किलो गेहूं और एक रुपए किलो की दर से मोटे अनाज का वितरण आवश्यक है। इसके अलावा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लिए भी अनाज का एक बड़ा भाग उपभोग में आ रहा है। चूंकि गेहूं और चावल की तुलना में मोटे अनाज में पोषक तत्त्व अधिक हैं और ये किसान हितैषी फसलें हैं, इसलिए इनका अधिक उत्पादन और वितरण किया जाना कुपोषण को दूर करने में काफी मददगार साबित होगा। भारत के अधिकांश राज्य एक या अधिक मिलेट (मोटा अनाज) उगाते हैं। खासकर अप्रैल 2018 से सरकार देश में मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ाने के लिए ‘मिशन मोड’ में काम कर रही है। मोटे अनाज के न्यूनतम समर्थन मूल्य में राहतकारी वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत मोटे अनाज घटक चौदह राज्यों के दो सौ बारह जिलों में क्रियान्वित किया जा रहा। इन्हें उगाने के लिए किसानों को अनेक सहायता दी जाती है।

■ **जयंतीलाल भंडारी**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13** । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।



# अपनी लैश हेयर के मुताबिक चुने आईलैश, आंखें दिखाई देंगी ज्यादा खूबसूरत

महिलायें मेकअप करते समय आई मेकअप का विशेष ध्यान रखती हैं। जिससे उनकी आंखें ज्यादा खूबसूरत दिखे। इसके लिए वो आई लाइनर, आई शैडो, मस्कारा का इस्तेमाल करती हैं। आंखों को हाईलाइट करने के लिए आईलैश अप्लाई करती हैं। आज हम आपको बताने जा रहें हैं कुछ ऐसे आसान टिप्स जिससे आप अपनी लैशहेयर के मुताबिक आईलैशेस सेलेक्ट कर सकती हैं। आंखे चेहरे की खूबसूरती का अहम हिस्सा होती हैं। महिलायें मेकअप करते समय आई मेकअप का विशेष ध्यान रखती हैं। जिससे उनकी आंखें ज्यादा खूबसूरत दिखे। इसके लिए वो आई लाइनर, आई शैडो, मस्कारा का इस्तेमाल करती हैं। आंखों को हाईलाइट करने के लिए आईलैश अप्लाई करती हैं। आईलैशेस के बिना आंखों का मेकअप पूरा नहीं होता। कभी-कभी गलत आईलैशेस अप्लाई करने से पूरा मेकअप खराब हो जाता है। आज हम आपको बताने जा रहें हैं कुछ ऐसे आसान टिप्स जिससे आप अपनी लैशहेयर के मुताबिक आईलैशेस सेलेक्ट कर सकती हैं।

## जिगजैग आईलैश

अगर आपकी आईलैश कम हैं या बिलकुल ना के बराबर हैं तो आपके लिए जिगजैग आईलैशेस सही रहेंगी। ये आईलैश बहुत हैवी नहीं होती हैं आप इसे किसी भी मौके पर अप्लाई कर सकती हैं। जिगजैग आईलैश की और भी बहुत सी वैरायटी आपको मिल जाएगी। आप अपने हिसाब से चुन सकती हैं। ये आईलैशेस आप शादी जैसे बड़े फंक्शन के लिए भी इस्तेमाल कर सकती हैं। आईलैशेस अप्लाई करने के बाद मस्कारा जरूर लगायें। जिगजैग आईलैश को हल्का कर्ल करें। इसको बहुत ज्यादा कर्ल नहीं करना है।


## सभी के लिए परफेक्ट मिंक आईलैश

अगर आपकी आईलैश नार्मल हैं या कम हैं और आंखें छोटी हैं तो आपके लिए मिंक आईलैश परफेक्ट हैं। ये आईलैश सभी के लिए परफेक्ट हैं। मिंक आईलैश आप किसी सामान्य फंक्शन या त्यौहार के लिए सेलेक्ट कर सकती हैं। मिंक आईलैश अप्लाई करने के बाद इसको कर्ल करना ना भूलें। मैचिंग मस्कारा अप्लाई करके आप आईलैश की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं। मिंक आईलैश बहुत महंगी नहीं होती हैं। अगर आपकी आईलैश नार्मल है बहुत कम या बहुत ज्यादा नहीं हैं तो भी यह आपके लिए परफेक्ट है।

## हैवी आईलैश

हैवी आईलैश का इस्तेमाल किसी भी मौके पर नहीं किया जा सकता ये दिखने में बहुत हैवी होते हैं। अगर आपकी आंखें छोटी हैं और आईलैश कम है तो आप हैवी आईलैश इस्तेमाल ना करें क्योंकि इससे आपकी आंखें ज्यादा छोटी नजर आ सकती हैं। हैवी आईलैश ज्यादातर ब्राइडल मेकअप के लिए इस्तेमाल किया जाता है। अगर आँखे साधारण है और आईलैश बहुत कम है तो आप हैवी आईलैश का इस्तेमाल ना करें। आप मीडियम आईलैश अप्लाई कर सकती हैं। हैवीआईलैश अप्लाई करने के बाद अच्छी तरह से मस्कारा अप्लाई करें। आईलैश अप्लाई करने के बाद कर्लर का इस्तेमाल जरूरी है खासकर हैवी आईलैशेस के साथ। इससे आपकी आंखें हाइलाइट हो जाती है। कर्ल की हुई आईलैश से आप पहले से ज्यादा खूबसूरत दिखाई देंगी।

# विंटर में आपकी स्किन का ख्याल रखेगा एलोवेरा फेस पैक



एलोवेरा स्किन की कई तरह की प्रॉब्लम्स को नेचुरल तरीके से दूर कर सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको एलोवेरा की मदद से बनने वाले कुछ ऐसे फेस पैक के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप विंटर में आसानी से बनाकर अपनी स्किन का ख्याल रख सकते हैं। जब ठंड का मौसम होता है तो स्किन को अतिरिक्त केयर की जरूरत होती है ताकि स्किन अधिक स्मूद नजर आए। इस मौसम में स्किन का ख्याल रखने के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, एलोवेरा स्किन की कई तरह की प्रॉब्लम्स को नेचुरल तरीके से दूर कर सकता है।

**एलोवेरा और शहद से बनाएं फेस पैक :** अगर विंटर में आप अपनी रूखी स्किन से परेशान रहते हैं तो ऐसे में एलोवेरा और शहद की मदद से फेस पैक बना सकते हैं।

**आवश्यक सामग्री–**

- दो बड़े चम्मच एलोवेरा जेल
- एक चम्मच शहद
- एक चम्मच रोज वाटर

**फेस पैक बनाने का तरीका–**

- फेस पैक बनाने के लिए आप सबसे पहले एलोवेरा का पत्ता तोड़कर उसका जेल निकाल लें।
- अब आप इस जेल में शहद व रोज वाटर मिक्स करें।
- इसके बाद आप अपने फेस को क्लीन करके इस पैक को चेहरे पर लगाएं और बेहद हल्के हाथों से मसाज करें।
- करीबन 10 मिनट बाद गुनगुने पानी की मदद से फेस वॉश करें।

**एलोवेरा जेल और टी ट्री ऑयल से बनाएं फेस पैक :** अगर आपकी स्किन बहुत अधिक ऑयली है या फिर एक्ने प्रोन है तो ऐसे में आप इस फेस पैक को बना सकती हैं।

**आवश्यक सामग्री–**

- 2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल
- 1 बड़ा चम्मच रोज वाटर
- 2-3 बूंद टी ट्री ऑयल

**इस्तेमाल करने का तरीका–**

- सबसे पहले आप एलोवेरा के पत्ते को तोड़कर उसका जेल निकाल लें।
- अब आप इस जेल में रोज वाटर और 2-3 बूंद टी ट्री ऑयल मिलाएं।
- अब आप इसे पैक को अपने चेहरे पर 15-20 मिनट के लिए लगाएं और फिर इसे धो लें।
- आप सप्ताह में एक से दो बार इस फेस पैक को लगा सकते हैं।

**एलोवेरा और विटामिन ई से बनाएं फेस पैक**

अगर आपकी स्किन को विंटर में डीप नरिश्मेंट देना चाहती हैं तो ऐसे में एलोवेरा जेल को विटामिन ई ऑयल कैप्सूल को मिक्स करें।

**आवश्यक सामग्री–**

- 2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल
- एक विटामिन ई कैप्सूल

**इस्तेमाल करने का तरीका–**

- सबसे पहले एलोवेरा के पत्ते को तोड़कर उसका जेल निकाल लें।
- इसके बाद आप बाउल में विटामिन ई कैप्सूल का ऑयल मिक्स करें।
- अब आप अपने चेहरे को वॉश करें और इस पैक को लगाएं।
- करीबन दस मिनट बाद आप अपने चेहरे को पानी की मदद से वॉश करें।

❖ मिताली जैन

# वैक्सीन बचाएगी आपके बच्चे को फ्लू के खतरे से



यदि आप अपने पांच साल से छोटे बच्चे को स्वाइन फ्लू के खतरे से बचाना चाहते हैं तो 4 इन 1 फ्लू वैक्सीन लगवा सकते हैं। इस वैक्सीन से आपका बच्चा स्वाइन फ्लू समेत निमोनिया, वायरल इन्फेक्शन्स और ब्रोंकाइटिस से बचा रहेगा। यह वैक्सीन 6 महीने से 5 साल तक के बच्चों को लगाया जा सकता है। फ्लू मौसमी बीमारी है खासकर बदलते मौसम में इसका प्रकोप बढ़ जाता है। फ्लू संक्रामक बीमारी है 2009 में स्वाइन फ्लू इसका बदला स्वरूप था यह पहली बार इंसानो में पहचाना गया था। स्वाइन फ्लू आसानी से फैलता है। यह किसी के खांसने या छींकने से आसानी से एक दूसरे में फैलता है। खासकर बच्चें इसके शिकार जल्दी हो जाते है। जिन बच्चों की उम्र पांच साल से कम है उनको इससे बचाना जरूरी होता है क्योकि उनको स्वाइन फ्लू का खतरा सबसे ज्यादा होता है। यदि आप अपने पांच साल से छोटे बच्चे को स्वाइन फ्लू के खतरे से बचाना चाहते है तो 4 इन 1 फ्लू वैक्सीन लगवा सकते हैं। इस वैक्सीन से आपका बच्चा स्वाइन फ्लू समेत निमोनिया, वायरल इन्फेक्शन्स और ब्रोंकाइटिस से बचा रहेग। यह वैक्सीन 6 महीने से 5 साल तक के बच्चों को लगाया जा सकता है।

## क्या है इस बीमारी के लक्षण

फ्लू का लक्षण सर्दी खांसी, बुखार,गले में खराश, सिर दर्द, बदन दर्द, दस्त होते हैं। अगर आपको या आपके बच्चे में भी यह सब लक्षण है तो आप तुरंत डॉक्टर से संपर्क करिये।

## किन लोगो को है खतरा स्वाइन फ्लू से

डाइबिटिक व्यक्तियों को स्वाइन फ्लू का खतरा ज्यादा होता है इसलिए ऐसे लोगो को फ्लू से पीड़ित लोगो से दुरी बनाकर रखनी चाहिए।

बुजुर्ग लोग जिनकी उम्र 70 साल से ज्यादा है।

गर्भवती महिलाओं को भी फ्लू का खतरा ज्यादा होता है।

पांच साल तक के बच्चो के लिए भी फ्लू खतरनाक होता है।

दमा के मरीज भी फ्लू से जल्दी संक्रमित हो जाते हैं।

## स्वाइन फ्लू की रोकथाम

फ्लू तेजी से फैलाने वाली बीमारी हैं लेकिन टीकाकरण के माध्यम से इसकी रोकथाम की जा सकती है। मार्केट में उपलब्ध वैक्सीन आपको फ्लू के अलग-अलग वेरियंट से बचा सकते है। पांच वर्ष तक के बच्चों का नियमित वैक्सीनेशन कराएं। यह वैक्सीन बच्चों को साल में एक बार लगवानी चाहिए। वयस्कों को चार वर्ष पर टीकाकरण कराना चाहिए।

## सावधानियां

भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क का प्रयोग करें

फ्लू से संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में आने से बचें

बार-बार हाथ धोएं

अस्थमा के रोगी बाहर जाने पर मास्क का प्रयोग अवश्य करें क्योंकि उनको संक्रमण जल्दी हो सकता हैं।

# लहंगे व साड़ियों की खूबसूरती बढ़ा देंगे मिरर वर्क के डिजाइनर लटकन

दुपट्टों और ब्लाउज को ज्यादा खूबसूरत और हैवी दिखाने के लिए उसमें लटकन का इस्तेमाल आम बात है। चाहे साड़ी हो या लहंगा या फिर कोई दुपट्टा लटकन हर ड्रेस की खूबसूरती में चार चाँद लगा देते हैं। मार्केट में लटकन की तरह-तरह की स्टाइलिस्ट वेरायटी मौजूद है। लटकन में मिरर वर्क आजकल ज्यादा ट्रेंड में है। यह कपड़ो को क्लासी लुक भी देते हैं। आजकल शादियों का मौसम है ऐसे में ट्रेडिशनल कपड़ो की नई-नई वैरायटी की डिमांड होती है। मार्केट में आजकल लटकन वाले दुपट्टों की भरमार है। दुपट्टों और ब्लाउज को ज्यादा खूबसूरत और हैवी दिखाने के लिए उसमें लटकन का इस्तेमाल आजकल आम बात है। चाहे साड़ी हो या लहंगा या फिर कोई दुपट्टा लटकन हर ड्रेस की खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं। मार्केट में लटकन की तरह-तरह की स्टाइलिस्ट वेरायटी मौजूद है। कभी-कभी आपको इस बात की उलझन होती है कि कौन सी लटकन आपके दुपट्टे या फिर ब्लाउज के लिए सही रहेगी।

## कपिवा हिमालयन शिलाजीत अपनाएं

लटकन में मिरर वर्क आजकल ज्यादा ट्रेंड में है। यह ट्रेंडी दिखने के साथ ही कपड़ो को क्लासी लुक भी देते हैं। मिरर वर्क वाली लटकन की इतनी ढेर सी वेरायटी मार्केट में मिल रही है कि आप कन्फ्यूज हो जाते है कि आपको अपने दुपट्टे के लिए किस तरह का लटकन लेना चाहिए। आइये देखते हैं कुछ मिरर वर्क के ऐसे डिजाइंस जो आप अपनी ड्रेस के हिसाब से सेलेक्ट कर सकती हैं।



## मल्टी लेयर की मिरर वाली लटकन

मल्टी लेयर की लटकन को आप साड़ी, लहंगा और दुपट्टे सब के लिए ट्राई कर सकती हैं। इसको आप ब्लाउज के लिए भी ट्राई कर सकती हैं। मल्टी लेयर वाले लटकन प्राइज में भी कम होते हैं। ये आपको 150 से लेकर 200 रुपए तक में मिल जायेंगे।

## मिरर के साथ फ्लोरल वर्क वाली लटकन

फ्लोरल डिजाइन वाले लटकन ज्यादातर हैंडमेड होते हैं। फ्लोरल वर्क के साथ मिरर वर्क देखने में काफी खूबसूरत होते हैं। इनको हैवी ड्रेसेस के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसे लहंगे के लिए ट्राई कर सकती हैं। इनकी कीमत 300-400 तक होती है। ये हैवी वर्क वाले ब्लाउज की डोरियों पर भी लगा सकती हैं।

## मोतियों और मिरर वाली लटकन

मिरर के साथ मोतियों का वर्क देखने में बहुत सोबर लगता है। इस तरह के लटकन को ज्यादातर हैवी साड़ियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। मोतियों और मिरर के साथ इनमें धागे का भी वर्क देखने को मिल जायेगा। इनकी प्राइज 200-300 तक होती है।

## पोम-पोम और मिरर वर्क वाली लटकन

ये आजकल बहुत ट्रेंड में हैं। पोम-पोम का इस्तेमाल दुपट्टे से लगाए कैरी बैग तक की खूबसूरती बढ़ाने के लिए किया जाता है। इस तरह के डिजाइन वाले लटकन हल्के दुपट्टों और सूट के लिए ट्राई कर सकती हैं। ये बहुत कलरफुल होते हैं तो इनको किसी सिंपल सूट में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इनकी प्राइज 100-150 रुपए तक है।

## धागों और मिरर वाले लटकन

धागे और मिरर के वर्क वाले लटकन साड़ियों के किनारों के सजाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। ये बहुत कलरफुल होते है तो किसी लाइट कलर के दुपट्टे के लिए इसको ट्राई किया जा सकता है। ये हैंडमेड होते हैं और कीमत भी कम होती है।

# आईब्रो को ब्यूटीफुल बनाती है माइक्रोब्लेडिंग...

आईब्रो माइक्रोब्लेडिंग तकनीक को इन दिनों काफी पसंद किया जा रहा है, क्योंकि इसके जरिए आप अपनी थिन आईब्रो को भी एक फुलर व थिक लुक दे सकती हैं। जिससे आपका फेस काफी ब्यूटीफुल नजर आता है। आईब्रो आपके चेहरे के लुक को काफी हद तक बदल देता है। इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकती हैं कि जब आई ब्रो हेयर बढ़ने लगते हैं तो फेस भी अजीब नजर आने लगता है। वहीं आईब्रो बनवाने के बाद चेहरे के फीचर्स काफी शार्प नजर आते हैं। इतना ही नहीं, अगर आई ब्रो के हेयर्स काफी कम हो तो इससे आपके आंखों की सुंदरता भी काफी कम हो जाती है। ऐसे में अक्सर महिलाएं आईब्रो पेंसिल की मदद लेती हैं। लेकिन अगर आप बार-बार आईब्रो पेंसिल के इस्तेमाल के झंझट से बचना चाहती हैं तो ऐसे में माइक्रोब्लेडिंग तकनीक का सहारा ले सकती हैं।



**क्या है माइक्रोब्लेडिंग :** स्किन केयर व मेकअप एक्सपर्ट बताते हैं कि आईब्रो माइक्रोब्लेडिंग तकनीक को इन दिनों काफी पसंद किया जा रहा है, क्योंकि इसके जरिए आप अपनी थिन आईब्रो को भी एक फुलर व थिक लुक दे सकती हैं। जिससे आपका फेस काफी ब्यूटीफुल नजर आता है। अब सवाल यह उठता है कि आखिरकार माइक्रोब्लेडिंग क्या है। मेकअप एक्सपर्ट के अनुसार, आई ब्रो माइक्रोब्लेडिंग वास्तव में मेकअप का एक सेमी परमानेंट प्रॉसिजर है। इसका अर्थ यह है कि कुछ समय बाद इस टैटू में इस्तेमाल की जाने वाली इंक फेड हो जाती है। हालांकि आप इस प्रक्रिया को फिर से करवा सकती हैं। वैसे यह एक तरह का टैटू ही है, लेकिन फिर भी यह उससे थोड़ा अलग है। क्योंकि इसमें इस्तेमाल की जाने वाली इंक त्वचा में गहराई से प्रवेश नहीं करती।

**ऐसे होती है माइक्रोब्लेडिंग :** माइक्रोब्लेडिंग दो सिटिंग में किया जाता है। पहली सिटिंग में, आप तकनीशियन के साथ बैठती हैं और तय करती हैं कि आप किस आकार और मोटाई के साथ अपनी आईब्रो चाहती है। तकनीशियन आपकी पसंद के हिसाब से ब्रॉज को कस्टमाइज और डिजाइन करेगा। वहीं दूसरी सिटिंग में, सुई का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें करीनब दो से तीन घंटे तक का समय लग सकता है। एक बार माइक्रोब्लेडिंग के बाद आपको करीबन चार सप्ताह बाद एक बार दोबारा टेक्नीशियन के पास विजिट करना होता है।

**होते हैं यह फायदे :** माइक्रोब्लेडिंग प्रक्रिया वास्तव में उन महिलाओं के लिए बेहद फायदेमंद है, जिनके आईब्रो हेयर्स नेचुरली काफी कम या पतले हैं। ऐसे में वह माइक्रोब्लेडिंग के जरिए अपनी आईब्रो को एक डिफाइन लुक दे सकती हैं। इसके अलावा एक बार माइक्रोब्लेडिंग के बाद यह एक साल से लेकर तीन साल तक आपकी स्किन पर रहता है, हालांकि यह मुख्य रूप से आपकी स्किन टाइप पर निर्भर करता है। इसके अलावा एक बार माइक्रोब्लेडिंग प्रक्रिया के बाद आपको इसकी बहुत अधिक देख-रेख करने की भी जरूरत नहीं होती। जिससे आपको अपनी आईब्रो को अतिरिक्त समय देने की जरूरत नहीं है।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। परिवार की समस्या का भी ध्यान रखें।

**वृष राशि :** नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। कठिनाइयां भी आ सकती हैं। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**मिथुन राशि :** कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु किसी अज्ञात भय से भी परेशान हो सकते हैं।

**कर्क राशि :** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। पिता से धन मिल सकता है। धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें।

**सिंह राशि :** शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या राशि :** बातचीत में संयत रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**तुला राशि :** कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी। कुछ कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक राशि :** संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। पिता का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**धनु राशि :** परिवार का साथ मिलेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। परिवार की समस्याओं पर ध्यान देने का प्रयास करें।

**मकर राशि :** आत्मसंयत भी रहें। अति उत्साही होने से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ राशि :** विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

**मीन राशि :** कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। बातचीत में सन्तुलित रहें। बौद्धिक कार्यों से धन की प्राप्ति हो सकती है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### कर्नाटक में भीषण सड़क हादसा, पांच की मौत

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेंगलुरु-मेंगलुरु हाईवे के टिट्टानहोशहल्ली गेट के पास रविवार देर रात एक कार का टायर फटने और डिवाइडर से टकराने के बाद एक अन्य कार से हुई भीषण टक्कर में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि इनोवा कार में सवार हासन निवासी श्रीनिकेवासमूर्ति (74) और तमिलनाडु से आई स्विफ्ट कार में सवार जयंती (60) व प्रभाकर (75) की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने कहा कि विश्वेश्वर भट्ट (50), इंजीनियरिंग के छात्र अचल, गौतम, केविन, सर्वेश को बीजी नगर के आदिचुनचनागिरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और तीन अन्य को गंभीर हालत के कारण बीजी नगर के आदिचुनचनागिरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह दुर्घटना उस वक्त हुई जब बेंगलुरु से हासन की ओर जा रही इनोवा कार डिवाइडर पार कर दूसरी सड़क पर हासन की ओर आ रही स्विफ्ट कार से टकरा गयी। जिला पुलिस अधीक्षक यतीश ने उस स्थान का दौरा किया और बचाव कार्य का निरीक्षण किया। इस संबंध में बिंदीगानाविले थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को भ्रष्टाचार केस में मिली जमानत

**मुंबई (एजेंसी)।** बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अनिल देशमुख को भ्रष्टाचार के एक मामले में सोमवार को जमानत दे दी। इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। हालांकि, देशमुख जेल से बाहर नहीं निकल सकेंगे, क्योंकि उच्च न्यायालय ने सीबीआई द्वारा उच्चतम न्यायालय में इसे चुनौती देने के लिए समय मांगे जाने के बाद आदेश को दस दिन तक स्थगित रखा है। न्यायमूर्ति एमएस कार्णिक की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद देशमुख की जमानत याचिका मंजूर कर ली। वह वर्तमान में न्यायिक हिरासत में मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद है। सीबीआई की एक विशेष अदालत द्वारा पिछले महीने उनकी जमानत याचिका खारिज किये जाने के बाद 74 वर्षीय देशमुख ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने चिकित्सा आधार पर जमानत मांगी। धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता पिछले साल नवम्बर से जेल में हैं। इस साल अप्रैल में उन्हें सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया था। उच्च न्यायालय ने उन्हें पिछले महीने ईडी मामले में जमानत दी थी। हालांकि, भ्रष्टाचार के मामले में देशमुख की जमानत याचिका को सीबीआई की विशेष अदालत ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया सबूत हैं।

# पहाड़ों पर बर्फबारी : कश्मीर-हिमाचल में पारा शून्य से नीचे पहुंचा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश में सर्दी दस्तक दे चुकी है। कश्मीर और हिमाचल समेत ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के बाद पारा शून्य से नीचे पहुंच गया है। इसके कारण मैदानी इलाकों में भी तापमान गिरा है। हालांकि, दिल्ली में अभी कड़ाके की सर्दी का इंतजार है। वहीं, मुंबई में हल्की बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया है। बाकी मैदानी इलाकों की बात करें, तो राजस्थान के चुरू में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में भी पारा गिरा है। चक्रवात मैंडूस के बाद दक्षिण के राज्यों में भी मौसम बदला है। कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में कई जगह बारिश हुई है।

### श्रीनगर में तापमान माइनस 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**जम्मू-कश्मीर** में लगातार बर्फबारी के कारण पारा माइनस में बना हुआ है। सुबह के समय मैदानी इलाकों में धुंध देखने को मिल रही है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बर्फबारी के कारण शोपियां को राजौरी और पुंछ से जोड़नेवाले मुगल रोड पर शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन यातायात बंद रहा। वहीं, जम्मू के नत्थाटॉप में भी हल्की बर्फबारी के बाद ठंड बढ़ गयी है।

**हिमाचल में बर्फबारी का लुत्फ उठा रहे पर्यटक** : हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में पिछले कुछ दिनों से लगातार बर्फबारी जारी है। पारा लगातार गिरता जा रहा है, जिससे ठंड बढ़ गयी है। अन्य राज्यों के पर्यटक यहां पहुंच कर मौसम का लुत्फ उठा रहे हैं। हिमाचल और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से -3.0 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले हफ्ते से ठंड और बढ़ने के आसार हैं। दिल्ली में लगातार ठंड बढ़ रही है। पारा गिरने के साथ ठिठुरन बढ़ी है, लेकिन 15 दिसम्बर के बाद तापमान में और गिरावट आयेगी।

# सदन में दिये गये बयानों को सत्यापित करें सदस्य : धनखड़

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को पवित्र मंच करार देते हुए कहा कि सदस्यों को यहां तथ्यों के साथ सही वक्तव्य रखने चाहिए और वह जो कह रहे हैं उसकी जिम्मेदारी लेते हुए जरूरत पड़ने पर उसे सत्यापित करते हुए पटल पर भी रखना चाहिए। श्री धनखड़ ने सोमवार को शून्यकाल के दौरान आम आदमी पार्टी के संजय सिंह के केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरूपयोग का मामला उठाये जाने पर यह बात कही। सभापति ने कहा कि यह सदन बेहद पवित्र मंच है और सदस्यों को यहां कही जानेवाले बातों की वैधता की जिम्मेदारी लेते हुए इन्हें सत्यापित करते हुए जरूरत पड़ने पर सदन के पटल पर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदस्यों को कोई भी बात केवल मीडिया की रिपोर्ट या अन्य स्त्रोतों के आधार पर नहीं कहनी चाहिए। सभापति ने कहा कि वह इस बारे में विभिन्न पार्टियों के सदन में नेताओं के साथ बैठक करेंगे। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह बात सही है, लेकिन ज्यादातर मामलों में सदस्य सदन में पूछे गये सवालों के जवाबों या मीडिया के लेख और प्रधानमंत्री के भाषणों में कही गयी बातों का ही हवाला देते हैं। सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि सदस्यों को अपने बयानों में बिना सोचे-समझे दावे नहीं करने चाहिए और खोखले दावों से बचते हुए सही बयानी करनी चाहिए जिससे कि वे अपनी बात को जरूरत पड़ने पर सही सिद्ध कर सकें। उन्होंने कहा कि सदन में यह परंपरा बन गयी है कि सदस्य बिना सोचे-समझे कोई भी बात कह देते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी कानून निर्वाचित प्रतिनिधियों को संरक्षण प्रदान नहीं करता।

### भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष बनने पर पीटी उषा को राज्यसभा ने दी बधाई



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा ने देश की महान धाविका तथा मनोनीत सदस्य पीटी उषा को भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष बनने पर बधाई दी। सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए कहा कि उड़न परी के नाम से मशहूर पीटी उषा को गत 10 दिसम्बर को भारतीय ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष चुना गया है। उन्होंने कहा कि इस पद पर आसीन होनेवाली वह पहली ओलंपियन हैं और वह समूचे सदन की ओर से पीटी उषा को बधाई देते हैं। सभापति ने कहा कि पीटी उषा ने केवल 20 वर्ष की उम्र में लॉस एंजेलिस में 1984 में हुए ओलंपिक खेलों में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया था। इसके बाद उन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप में भी अपना शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि पीटी उषा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए अर्जुन पुरस्कार तथा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

### जबरन मिलिट्री करियर में धकेले जा रहे हजारों बच्चे

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के स्कूलों में पढ़ने वाले हजारों बच्चों को उनकी मर्जी के बिना मिलिट्री करियर की तरफ धकेला जा रहा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट ने इसका खुलासा किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि देशभर में कई पब्लिक स्कूल ऐसे हैं जो उनके यहां पढ़ने वाले बच्चों को जबरदस्ती अमेरिका की मिलिट्री के जूनियर रिजर्व ऑफिसर ट्रेनिंग कॉर्प्स यानी जेआरओटीसी में भर्ती करा रहे हैं। अमेरिका के डेट्रायट शहर में परशिंग हाई स्कूल में पढ़ रही एंड्रेया थोमस ने द न्यूयॉर्क टाइम्स को इसकी जानकारी दी है। उसने कहा कि स्कूल के पहले दिन जब मैंने अपने स्कूल का शेड्यूल देखा तो पता चला कि मेरी मर्जी के बिना ही मेरा नाम जेआरओटीसी की क्लास के लिए दर्ज कर लिया गया है। मैंने स्कूल के प्रशासन को कई बार मेरा काटने के लिए कहा लेकिन उसके बाद भी ऐसा नहीं किया गया। एंड्रेया की तरह ही कई बच्चों और उनके मां-बार ने टाइम्स से बातचीत में इस कोर्स को लेकर अपनी परेशानी बतायी है।

### साफ हवा को तरसे दिल्लीवासी एक्यूआई 300 के पार पहुंचा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में बढ़ती सर्दी के साथ प्रदूषण का स्तर भी खराब होता चला जा रहा है। इस बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सोमवार सुबह मामूली सुधार देखा गया और वह गंभीर से खराब श्रेणी में दर्ज की गयी जबकि न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो साल के इस मौसम के लिए सामान्य है। फिलहाल दिल्लीवासी अभी भी जहरीली और दमघोंटू हवा में सांस लेने पर मजबूर हैं। राष्ट्रीय राजधानी की एयर क्वालिटी (एक्यूआई) एक बार फिर 300 के ऊपर दर्ज की गयी है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) के मुताबिक, दिल्ली में एक्यूआई 301 यानी बहुत खराब श्रेणी में रिकॉर्ड किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर एप्प के अनुसार, सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर वायु गुणवत्ता सूचकांक 238 दर्ज किया गया। गौरतलब है कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई गंभीर माना जाता है। मौसम वैज्ञानिकों ने दिनभर आसमान मुख्यतः साफ रहने का अनुमान जताया है जबकि अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।


### अमेरिका ने पकड़ा 1988 के आतंकी हमले का आरोपी

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** साल 1988 में लंदन से न्यूयॉर्क जानेवाली फ्लाइट पैन एम 103 में धमाका करने के आरोपी को अमेरिका ने अपनी कस्टडी में लिया है। 34 साल पहले स्कॉटलैंड के लॉकरबी में हुए इस आतंकी हमले में फ्लाइट में मौजूद 259 लोगों की जान गयी थी। इसके साथ ही 11 अन्य लोग इसका मलबा गिरने के कारण मारे गये थे। घटना में 270 लोगों की मौत हुई थी। यह इंग्लैंड की धरती पर हुआ अब तक का सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जाता है। स्कॉटलैंड और अमेरिका के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी का नाम अबु अगेला मसूद खैर अल-मरीमी है जो लिबिया का निवासी है। स्कॉटलैंड के क्राउन ऑफिस के मुताबिक आरोपी के पकड़े जाने की जानकारी उन सभी परिवारों को दी गयी जिनके लोग इस हमले में मारे गये थे। अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट ने जानकारी दी है कि मसूद की पहली पेशी वॉशिंगटन डीसी की कोर्ट में होगी।



### काबुल में विस्फोट, लोगों के हताहत होने की आशंका

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में सोमवार को हुए विस्फोट से लोगों के हताहत होने की आशंका है। चश्मदीदों के मुताबिक धमाका एक चीनी गेस्टहाउस के पास हुआ। विस्फोट के बाद गोलियां चलीं और इमारत में आग लग गयी। साथ ही एक गेस्टहाउस से धुआं निकल रहा था। दूतावास के एक अधिकारी ने कहा कि अफगानिस्तान में चीनी दूतावास ने कहा कि वह स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और प्रासंगिक कार्रवाई कर रहा है। अफगानी अधिकारियों ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।




# पाकिस्तान-तालिबान में तनाव : गोलीबारी में छह पाकिस्तानी मारे गये

**काबुल/इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच रविवार दोपहर बलूचिस्तान-कंधार सीमा पर हुई गोलीबारी में पाकिस्तान के छह नागरिकों की मौत हुई है और 17 लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तानी सेना ने इस हमले बाद जारी बयान में अफगानिस्तान के सुरक्षाबलों पर बिना उकसावे के हमला करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तानी सेना ने यह भी बताया है कि इस हमले में अफगानिस्तान के सुरक्षाबलों ने आर्टिलरी और गोला-बारूद का इस्तेमाल किया है, जिसके बाद पाकिस्तान सीमा सुरक्षा बलों की ओर से जवाबी कार्रवाई की गयी। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, कंधार पुलिस प्रवक्ता हाफिज सबेर ने बताया है कि इस हमले में अफगानिस्तान का भी एक सैनिक मारा गया है और दस अन्य लोग घायल हुए हैं, जिसमें तीन आम लोग शामिल हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्वीट कर कहा है कि अफगान बॉर्डर फोर्स की बेवजह गोलीबारी के कारण चमन में कई पाकिस्तानी शहीद हुए हैं और एक दर्जन से ज्यादा लोग जख़्मी हुए हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है और मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार यह सुनिश्चित करे कि ऐसी घटना दोबारा ना हो।



### क्यों हुई गोलीबारी

**रॉयटर्स** के मुताबिक, अफगानिस्तान के सुरक्षाबलों से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि दोनों पक्षों के बीच झड़प तब शुरू हुई जब पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने अफगानिस्तान सुरक्षाकर्मियों को अफगान क्षेत्र में सीमा पर एक नया चेकपोस्ट बनाने से रोका। वहीं, चमन ज़िले के पुलिस अधिकारी अब्दुल्लाह कासी ने पाकिस्तानी अखबार डॉन को बताया है कि पाकिस्तानी क्षेत्र में मोर्टार शेल गिरने के बाद दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी शुरू हुई। अफगानिस्तान के सीमावर्ती प्रांत कंधार की चमन चौकी दोनों देशों के बीच व्यापार और आवाजाही का मार्ग है।

## न्यूज गैलरी

### जन्म-मृत्यु संबंधी प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन



**रांची।** सोमवार को रांची समाहरणालय ब्लॉक-बी स्थित कमरा संख्या- 505 में निदेशक सह अपर मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु), झारखण्ड रांची के निदेशानुसार राँची जिलास्तरीय एक दिवसीय जीवनांक (जन्म-मृत्यु) से संबंधित प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में जन्म-मृत्यु के निबंधन से संबंधित सभी तरह के प्रशिक्षण एवं निबंधकों द्वारा उठाए गये प्रश्नों का निराकरण किया गया। सभी निबंधकों को निदेश दिया गया कि अपने-अपने क्षेत्र के सभी निजी अस्पताल को जन्म-मृत्यु से संबंधित कार्य के लिए ऑपरेटर आईडी निर्गत करें ताकि आसानी से लोगों का जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध हो सके। ऑपरेटर आईडी निबंधक द्वारा कैसे निर्गत किया जाना, इस पर विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही प्रखण्ड, नगर क्षेत्र के अंतर्गत होने वाले जन्म-मृत्यु का शत प्रतिशत निबंधन हो सके। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में सुधीर बाडा, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, विनय कुमार, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, सहायक निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय, राँची, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जिला-राँची, रिम्स, सदर अस्पताल, राँची नगर निगम, बुण्डू नगर पंचायत, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निबंधक (जन्म-मृत्यु) सहित सभी प्रखण्ड के पंचायत सचिव सह निबंधक (जन्म-मृत्यु) तथा सभी प्रखण्डों के कंप्यूटर ऑपरेटर तथा जिला सांख्यिकी कार्यालय के सभी पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

### जर्मनी में करियर के अवसरों से अवगत हुए बीआईटी, मेसरा के पॉलिटेक्निक विद्यार्थी

**रांची।** बीआईटी, मेसरा के यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक में सोमवार को जर्मनी में करियर विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य वक्ता एनसेहेन डॉट कॉम, जर्मनी के संस्थापक शिशिर सुमन ने छात्र-छात्राओं को जर्मनी में अप्रेंटिस के बाद रोजगार के अवसर और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिप्लोमा के बाद विद्यार्थी जर्मनी में अपनी रुचि के हिसाब से अलग-अलग कंपनियों में अप्रेंटिस के रूप में कार्य प्रारंभ कर सकते हैं।

उस दौरान छात्रवृत्ति के रूप में 1000-1200 यूरो तक मिलते हैं और 3 वर्ष के अप्रेंटिसशिप के बाद स्नातक की डिग्री भी प्राप्त होती है। इसके बाद कंपनी में स्थाई तौर पर नियुक्ति हो सकती है, जिसमें वेतन 2000-2500 यूरो तक प्राप्त होता है। इसके लिए साक्षात्कार देना होता है। वहीं, जर्मन भाषा की जानकारी भी जरूरी है। कार्यशाला का आयोजन यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से किया गया था। संयोजक डॉ सतीश कुमार ने भी विद्यार्थियों को जर्मनी में उच्च शिक्षा के साथ-साथ करियर के अवसरों की जानकारी दी।

### डीएसपी नूर मुस्तफा के कारण मोहम्मद नासिर की गिरफ्तारी पर संशय : बाबूलाल



**रांची।** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने आज फिर दुमका के डीएसपी नूर मुस्तफा को निशाने पर लिया। कहा कि दुमका के शिकारीपाड़ा पिनरगड़िया रेलवे साइडिंग पर वर्चस्व की लड़ाई होती रहती है। इसी क्रम में पिस्तौल तानने और मारपीट मामले में मोहम्मद नासिर पर केस दर्ज हो गया। अब सबों को उसकी गिरफ्तारी का इंतजार है। पर उन्हें संशय है कि उसकी गिरफ्तारी होगी भी कि नहीं। संभव है कि एप्पल शेख की तरह मुख्यमंत्री के चहेते डीएसपी नूर मुस्तफा इस नासिर को भी जेल जाने से बचा लेंगे। बाबूलाल मरांडी के अनुसार पिनरगड़िया रेलवे साइडिंग के रैक पॉइंट पर चिप्स लोड की अनुमति केवल 7 कारोबारियों को है। ये सभी सभी अल्पसंख्यक हैं। यहां एक भी संताल आदिवासी के लिए गुंजाइश नहीं। इस प्वांइट पर ना तो उनका जेसीबी चलता है, न चलाने की इजाजत है। ऐसे में हेमंत है तो हिम्मत है का नारा अपराधियों के लिए प्रभावी दिखता है। दुमका में आखिर किसकी हिम्मत बढ़ी हुई है पंकज की, प्रेम की, अमित की, पूजा की, दाहू की, दूबे की, प्रमोद की और मुस्तफा की।

### उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ टैगोर हिल का किया निरीक्षण, कहा-

# अतिक्रमण हुआ या नहीं जांच कर रिपोर्ट दें सीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सोमवार को टैगोर हिल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अंचल अधिकारी बड़गाई, अंचल निरीक्षक, अंचल कार्यालय कर्मी एवं अमीन उपस्थित थे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा स्थल निरीक्षण कर अंचलाधिकारी से विस्तार से जानकारी ली गयी। अंचल अधिकारी द्वारा टैगोर हिल से संबंधित कागजात के साथ जानकारी दी गयी। सीओ ने बताया कि टैगोर हिल के निचले हिस्से में चल रहे निर्माण कार्य को बंद करवा दिया गया है, निर्माण कार्य करा रहे लोगों द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों की जांच जारी है। उपायुक्त द्वारा सीओ को जमीन का अतिक्रमण हुआ है या नहीं, जांच कर इससे संबंधित रिपोर्ट जल्द देने का निदेश दिया गया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जांचोपरांत निर्माण करा रहे लोगों द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेज सही पाये जाने पर इसकी भी पुष्टि करने का निदेश दिया कि भूमि की प्रकृति के हिसाब से नियमानुसार निर्माण कार्य कराया जा सकता है या नहीं। आपको बतायें कि मामला प्रकाश में आने के बाद उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा अंचल अधिकारी बड़गाईं को पूर्व में ही स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया था। जिसके बाद आज उपायुक्त द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया।

### सोनाहातू में डेढ़ करोड़ रुपये से बनेगी पांच किमी सड़क

**रांची।** प्रखंड के टांगटांग मोड़ पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सोमवार को टांगटांग-मानकीडीह-गाड़ाडीह तक पांच किमी सड़क मरम्मत कार्य का आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने शिलान्यास किया। डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से सड़क मरम्मत का कार्य पूरा किया जाएगा। विधायक ने कहा कि गांव में बुनियादी सुविधाएं जल्द बहाल की जाएगी। पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है। इस दौरान गांव से जोड़नेवाली अन्य दो सड़क का निर्माण जल्द करने का आश्वासन दिया। विधायक ने महिला समिति, बुद्धिजीवी मंच, चूल्हा प्रमुख, युवा आजसू से 18 से 20 तक आयोजित होनेवाले गूंज महोत्सव के बारे में समीक्षा की। इससे पहले हर जोन में मोतियाबिंद जांच और चिकित्सा जांच शिविर लगाया जाएगा।

### बीएयू में किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची व नेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट, कटक की ओर से फार्मर्स प्रोडूसर आर्गेनाइजेशन (एफपीओ) से जुड़े किसान सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को आयोजित किया गया। बीएयू-एनआरआरआई एफपीओ परियोजना के नोडल पदाधिकारी डॉ बीके झा ने प्रदेश में एफपीओ के विस्तार पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह के मार्गदर्शन में राज्य में एफपीओ के गठन को बढ़ावा दिया जा रहा है। रांची के कांके, नामकुम, मांडर और लापुंग प्रखंड व गुमला के भरनो में स्मॉल फार्मर्स एग्रीबिजनेस कंसोर्टियम से प्रायोजित 5 एफपीसी की स्थापना की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय छोटे किसानों को संगठित कर उनका आर्थिक विकास और प्रबंधकीय क्षमता का सशक्तीकरण करना है। मौके पर सह परियोजना अन्वेषक डॉ एचसी लाल, डॉ विनय कुमार, डॉ रंजय कुमार सिंह, एस जयसवाल और परियोजना समन्वयक अभिषेक कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिभागी किसान सदस्यों को परियोजना के उद्देश्य, गतिविधियों का क्रियान्वयन, भावी कार्यक्रम व रणनीति के सबंध में जानकारी दी।

## 15-21 जनवरी तक हरमू मैदान में श्रीराम कथा, तैयारियों में लगी समिति

**नवीन मेल संवाददातपा**

**रांची।** हरमू मैदान, रांची में 15 जनवरी से 21 जनवरी 2023 तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन श्रीराम कथा सेवा समिति, रांची के सान्निध्य में होगा। संत श्री प्रेम भूषणजी महाराज के शिष्य राजनजी महाराज श्रीराम कथा के व्यासपीठ से श्रोताओं को अमृत पान करायेंगे। सात दिनों तक राजनजी महाराज के जरिये सभी धर्म प्रेमियों को श्रीराम कथा के रसपान का आनंद प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम के लिए रांची के सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाना है। कथा के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन भी जल्द होगा। इसमें आयोजन से संबंधित सेवा भाव कार्यक्रम के लिए विभागीय संयोजक बनाया जाएगा। अभी इसके लिए 100 से भी ज्यादा लोग आयोजन में अपनी सेवा दे रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष साहू, प्रकाश धेलिया, बसंत गौतम, मुकेश काबरा, प्रमोद सारस्वत, सज्जन पाड़िया, सुरेश चंद अग्रवाल समेत अन्य लोग अभी लगे हुए हैं। प्रमोद सारस्वत के मुताबिक कथावाचक राजनजी महाराज द्वारा 2011 से निरंतर भारत सहित विदेशों में 250 सौ से भी अधिक रामकथा की अमृत वर्षा की जा चुकी है। 15 जनवरी से 21 जनवरी तक चलने वाले कथा का समय दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक तय है। रामकथा आयोजन के कथा स्थल पर 50 हजार स्क्वायर फीट का वाटरप्रूफ विशाल पंडाल बनाया जाएगा जिसमें 5000 से भी ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

## झारखंड हिन्दी साहित्य संस्कृति मंच ने कवयित्री गीता चौबे गुंज को किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कवयित्री, लेखिका एवं उपन्यासकार गीता चौबे गूंज की तीन पुस्तकों का लोकार्पण सह पुस्तक परिचर्चा प्रेस क्लब, रांची में विगत रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बताते चलें कि इसके पहले भी गूंज की तीन कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं जिनमें दो कविता-संग्रह और एक उपन्यास 'बंद घरों के रोशनदान' जो 'कृति-सम्मान 2021' से ग्वालियर में सम्मानित हो चुका है। झारखंड हिन्दी साहित्य एवं संस्कृति मंच के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. हरेराम त्रिपाठी चेतन जी तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. माया प्रसाद जी थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अशोक प्रियदर्शी ने की। कृति-चर्चा में डॉ जंगबहादुर पांडेय, श्रीमती अनिता रश्मि एवं डॉ. राजश्री जयंती ने अपने उद्गार व्यक्त किए। मंच के संरक्षक विनय सरावगी, उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। मंच के सचिव विनोद सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। सरस्वती वंदना कविता रानी सिंह ने तथा कार्यक्रम संचालन मुनमुन ढाली ने किया। इस अवसर पर डॉ पंपा सेन ने लेखिका की कृतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले वर्ष इनका एक उपन्यास भी आया था 'बंद घरों के रोशनदान' किन्नर जीवन पर आधारित एक ऐसा उपन्यास है जिसने मुझे बहुत प्रभावित किया और मुझे लगता है कि इस तरह की कृतियों को समाज में लाने की बहुत अधिक आवश्यकता है। रेणु झा ने पुस्तक 'कल-कल निनाद' से एक माहिया गीत का गायन किया। डॉ अशोक प्रियदर्शी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि नए लेखकों को पुराने साहित्य का खूब अध्ययन-मनन करें और धैर्य से लेखन की ओर अग्रसर हों। डॉ. माया प्रसाद एवं डॉ. हरेराम त्रिपाठी चेतन जी ने भी इन कृतियों की सराहना की। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य साहित्यकार उपस्थित थे। मंच की तरफ से लेखिका को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त सचिव श्री वैद्यनाथ मिश्र ने किया।

## उद्योग सचिव से चैंबर प्रतिनिधियों ने की वार्ता, विभिन्न मुद्दों से कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों ने सोमवार को उद्योग सचिव से वार्ता की। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने औद्योगिक क्षेत्र की आधारभूत संरचनाओं के विकास को जरूरी बताते हुए कहा कि कई औद्योगिक क्षेत्रों में अप्रोच रोड तक की सुविधा नहीं है। जिससे उद्यमियों को कठिनाई हो रही है। जरूरी है कि जियाडा द्वारा प्रत्येक औद्योगिक क्षेत्र में अवस्थित औद्योगिक संगठनों को सफाई और मेंटनेंस के लिए अधिकृत किया जाये। उन्होंने योजनाओं का लाभ राज्य के 75 फीसदी एसटी लाभार्थियों के लिए आरक्षित करने, पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने और एमएसएमई द्वारा उत्पादित उत्पादन का 25 फीसदी क्रय झारखण्ड सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा सुनिश्चित किये जाने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में औद्योगिक विकास के लिए जरूरी है कि उद्योग विभाग द्वारा स्टेकहोल्डर्स के साथ एक नियमित अंतराल पर सीधा संवाद किया जाये। इस पर उद्योग सचिव वंदना डाडेल ने जनवरी माह में चैंबर भवन में स्वयं उपस्थित होकर राज्य के उद्यमियों के साथ वार्ता करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित भूखण्ड की लीज अवधि 30 वर्ष से बढाकर पूर्व की भांति 99 वर्ष करने, औद्योगिक क्षेत्र में भूमि आवंटन प्रक्रिया में संशोधन करने, वाणिज्यकर विभाग द्वारा एसजीएसटी के रिम्बर्समेंट में दिखाई जा रही उदासीनता पर कार्रवाई करने, ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिए वनोपज से इथनॉल बनाने में फॉरेस्ट प्रोड्यूज का उपयोग किये जाने, जियाडा द्वारा निर्गत किये जानेवाले डेट ऑफ प्रोडक्शन सर्टिफिकेट के समय पर नहीं मिलने से परेशानी, जेएसएमडीसी से उद्योगों को कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने और भूमि की कीमत के किस्त भुगतान की अवधि को पुनः विस्तारित करने की मांग की गयी। उद्योग सचिव ने सभी मुद्दों पर साकारात्मक रूख दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमण्डल में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, ज्योति कुमारी, बिनोद अग्रवाल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### नियम 377 के तहत लोकसभा में सांसद संजय सेठ का आग्रह

# अंधविश्वास बढ़ाने वाली चंगाई सभाओं पर लगे रोक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार को सांसद संजय सेठ ने नियम 377 के तहत अंधविश्वास बढ़ाने वाली चंगाई सभाओं पर रोक लगाने की मांग की सांसद ने कहा कि झारखंड में डायन बिसाही जैसे अंधविश्वास के कारण प्रत्येक वर्ष आधा दर्जन से अधिक लोग मौत का शिकार होते हैं। एक तरफ इस परिस्थिति से झारखंड जूझ रहा है तो दूसरी तरफ बीते कुछ वर्षों में झारखंड में चंगाई सभा के नाम पर अंधविश्वास का खेल भी बढ़ा है। प्रार्थना महोत्सव के नाम पर में मूल रूप से लोगों को स्वस्थ करने का झांसा दिया जाता है। इसके बड़े-बड़े होर्डिंग पोस्टर छपते हैं, जिसमें गंभीर बीमारियों सहित शारीरिक दिव्यांगता को ठीक करने का दावा किया जाता है। अंधविश्वास बढ़ाने वाली इन सभाओं में मुर्दों के जी उठने की भी बात कही जाती है। सांसद ने सदन में कहा कि यह कार्य झारखंड से बाहर के धर्म प्रचारकों व पादरियों द्वारा किया जाता है। इस वजह से चंगाई सभाओं में भयंकर भीड़ बढ़ी है और इसकी आड़ में धर्मांतरण का भी कार्य हो रहा है। सांसद ने सदन के माध्यम से आग्रह किया कि इस तरह की सभाओं पर रोक लगे। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाएं जाएं क्योंकि यह सिर्फ झारखंड की समस्या नहीं है। आदिवासी बहुल जितने भी क्षेत्र हैं उन सभी की समस्या है। इस तरह के अंधविश्वास बढ़ाने वाली सभाओं पर तत्काल रोक लगाना चाहिए।

### सीयूजे के विद्यार्थी और शिक्षक बदहाल सड़क से गुजरने को विवश

**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड (सीयूजे) का मनातू स्थित स्थायी कैंपस स्थापना के 12 वर्षों के बाद भी महज 3.180 किमी पक्की सड़क की बाट जोह रहा है। विश्वविद्यालय तक पहुंचने वाली एकमात्र सड़क लंबे समय से जर्जर है। स्थिति यह है कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढों के चलते लोगों का पैदल निकलना मुश्किल हो गया है। आए दिन इन गड्ढों के चलते वाहन चालक चोटिल हो जाते हैं। विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मी सहित यहां के स्थानीय निवासी भी इससे त्रस्त हैं। उक्त सड़क की मरम्मत करवाने के लिए सीयूजे प्रशासन ने स्थानीय विधायक व उपायुक्त को भी कई बार पत्र लिखा है। लेकिन अबतक कोई पहल नहीं की गई है। विश्वविद्यालय में इस सत्र से स्नातक स्तर पर पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम की पढ़ाई शुरू हो गई है। फिलहाल तीन हजार विद्यार्थी के अलावा लगभग 500 कर्मचारी और शिक्षकों को विश्वविद्यालय के मनातू कैंपस में आना-जाना होता है।

## पेज एक के शेष

**गुमलर में आयोजित खतियानी...**

मुख्यमंत्री पशुधन योजना लेकर आयी है। लाखों लोग इससे जुड़े हैं, आप भी इस योजना का लाभ लें। लोग अपने अधिकारों के लिए ब्लॉक ऑफिस का चक्कर लगाते-लगाते थक जाते थे। हमने इस व्यवस्था को बदला। लोगों के द्वार पर शासन-प्रशासन को भेजा। वर्षों से हक-अधिकारों से वंचित रहने को मजबूर लोगों को योजनाओं से जोड़कर उन्हें सम्मान दिया। राज्य के लोग वर्षों तक मूलभूत अधिकारों से वंचित रहने को मजबूर थे। आपकी सरकार ने गांव-गांव अधिकारियों को भेजकर हजारों शिविर लगाये। लाखों लोगों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया। हमने लोगों को पेंशन, राशन, धोती-साड़ी, नौकरी, आजीविका और रोजगार का अधिकार दिया। हमें अथक संघर्ष के बाद अपना राज्य मिला, मगर 20 साल राज करनेवाले षड्यंत्रकारियों ने लोगों का सिर्फ शोषण किया। सभा को राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, विधायक भूषण तिर्की व झींगा सुशासन होरो ने भी संबोधित किया।

**फर्जी नामांकन के सहारे...**

जिसे इस स्कूल के सचिव अनिल कुमार महतो ने बिना स्कूल भवन बनाये ही सरकारी पैसा निकालकर गटक गये। इसके अलावा ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि लॉकडाउन के समय बच्चों को देने के लिए सरकार ने राशि आवंटन की थी। इसे भी स्कूल के शिक्षक सरकारी राशि डकार गये। आज तक बच्चों को एमडीएम की राशि नहीं दिया गया। स्कूल में एक व दो वर्ग के बच्चों के ड्रेस वितरण करने हेतु राशि विद्यालय में आवंटित की गई थी। मगर विद्यालय के शिक्षक के द्वारा ड्रेस वितरण में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। स्कूल में 1 से 5 वर्ग तक बच्चों का नामांकन लगभग 42 से अधिक है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षक सरकार के गाइडलाइन को ताक पर रख कर अपने करीबी व्यक्ति के बच्चों को ड्रेस वितरण किया करते हैं। वर्ग 1 व 2 के कई बच्चों को ड्रेस से वंचित रखा गया है। वर्ग 1 व 2 के बच्चों को देने के बजाय उच्च कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को ड्रेस दिया गया है।

**पलामू में बिरसा मुंडा आवास योजना...**

में रामगढ़ प्रखंड में 91 आवास छतरपुर में 47 हुसैनाबाद में 39 चैनपुर नौडीहा बाजार में 20-20 नावा बाजार में 15 और उंटारी रोड में 11 आवास निर्माण के लिए स्वीकृति के पश्चात संबंधित प्रखंडों के बीडीओ को संपूर्ण राशि के साथ आदेश भेजा गया था। किंतु अभी तक योजनाएं पूर्ण नहीं करायी गयीं। वहीं वित्तीय वर्ष 2019 20में हुसैनाबाद में 60आवास निर्माण के लिए दो करोड़ 1800000 ?87000 भेजा गया था। वित्तीय वर्ष 2020 21 में सदर प्रखंड में 18 और रामगढ़ में 18 आवास के लिए 23 लाख 76 हजार रुपए दिया गया था। वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण आवास निर्माण वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु ?3564000 वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु ?3564000 वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु 3564000 वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु 3564000 वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु 3564000 वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु ?3564000 वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु 3564000 भेजा गया है वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु ?3564000 भेजा गया है वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु ?3564000 भेजा गया है वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु 3564000 भेजा गया है चालू वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु 3564000 भेजा गया है चालू वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु 3564000 भेजा गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु ?3564000 भेजा गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु 3564000 भेजा गया है। चालू वित्तीय वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु 3564000 भेजा गया है। चालू वित्तीय वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु 3564000 भेजा गया है। चालू वित्तीय वर्ष वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु 3564000 भेजा गया है। चालू वित्तीय वर्ष वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु 3564000 भेजा गया है। चालू वित्तीय वर्ष वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु ?3564000 भेजा गया है। चालू वित्तीय वर्ष वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु 3564000 भेजा गया है । चालू वित्तीय वर्ष 2022 के लिए वित्तीय वर्ष 2122 में रामगढ़ में 27 आवास निर्माण हेतु 3564000 भेजा गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2022 23के लिए 6 माह की अवधि गुजर जाने तक आवास निर्माण की योजनाएं अभी तक शुरू नहीं कराई जा सकी हैं। हालांकि पूर्व के कई उपायुक्तों द्वारा बिरसा मुंडा आवास योजना की लंबित योजनाओं को पूर्ण कराने एवं पर्यवेक्षण हेतु लगातार रिमाइंडर भेजा जाता रहा है किंतु पर्यवेक्षणके अभाव में प्रगति निराशाजनक बताई जाती रही है।

**दो राज्यों में चुनाव के बादइ केंद्र में...**

बाद कोई फेरबदल नहीं हुआ है। इस साल के मध्य में कैबिनेट में फेरबदल की चर्चाएं होने लगी थीं, लेकिन चुनावों को देखते हुए कैबिनेट फेरबदल को टाल दिया गया। सूत्रों ने कहा कि अगले कुछ महीने के भीतर अगर सबकुछ योजनाबद्ध तरीके से ही चला, तो जल्द मोदी कैबिनेट में कुछ फेरबदल होंगे। अगले साल नौ राज्यों में होनेवाले चुनावों को देखते हुए फेरबदल किया जा सकता है। 2021 जुलाई में हुए मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मोदी सरकार के मंत्रिमंडल में कोई फेरबदल नहीं हुए हैं। इन्ही डेढ़ साल के बीच में अलग-अलग राज्यों में कई बड़े राजनीतिक घटनाक्रम हुए हैं। जिसमें सियासी बिसात पर केंद्रीय मंत्रिमंडल के फेरबदल और बदलाव की चर्चाएं हैं। सूत्रों का कहना है कि क्योंकि अब गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव हो चुके हैं और अगले साल कई राज्य में चुनाव होने हैं। इसलिए मंत्रिमंडल में विस्तार और फेरबदल की गुंजाइश बन रही है। सूत्रों का कहना है जिन मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड खराब है उनको या तो मंत्रिमंडल से बाहर किया जा सकता है या उनके मंत्रालयों में फेरबदल किया जा सकता है। करीब पांच महीने पहले मंत्रिमंडल फेरबदल विस्तार की जब चर्चा हुई थी, तो तकरीबन एक दर्जन मंत्रियों के पोर्टफोलियो में बदलाव की बात सामने आयी थी। सूत्रों का कहना है कि मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड भी तैयार किया जा रहा है। फेरबदल और जिम्मेदारियों में बदलाव इसी रिपोर्ट कार्ड के आधार पर किये जा सकते हैं।

सूत्र बताते हैं कि केंद्र सरकार ने आठ पॉइंट के आधार पर मंत्रिमंडल में मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड को तैयार करने का पूरा ब्यौरा मांगा है। जानकारी के मुताबिक आठ पॉइंट्स में यह देखा जा रहा है कि सरकार की योजनाओं को किस स्तर पर जमीन पर उतारा गया है। देखा यह भी जा रहा है कि क्या राज्य सरकार ने केंद्र सरकार की योजनाओं को जमीन पर बेहतर तरीके से उतारा है या नहीं। ऐसे ही और कई पॉइंट्स में मंत्रियों को भी कसौटी पर कसा जा रहा है। इसी आधार पर फेरबदल की गुंजाइश बन रही है। चर्चा इस बात की भी हो रही है कि जल्द ही भारतीय जनता पार्टी अपने संगठनात्मक ढांचे में भी कुछ फेरबदल करेंगी। हालांकि, यह फेरबदल किस स्तर का होगा इसको लेकर अभी बहुत कुछ स्पष्ट नहीं हुआ है। लेकिन जो फेरबदल होंगे वह अगले साल से लेकर 2024 में होनेवाले लोकसभा और विधानसभा के अलग-अलग राज्यों के चुनावों के लिहाज से ही किये जायेंगे।

**भूपेंद्र पटेल दूसरी बार ली गुजरात के...**

रास्ता साफ हो सके। उन्हें शनिवार को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था, जिसके बाद उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात करके अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया था। पटेल ने घाटलोडिया सीट पर 1.92 लाख मतों के अंतर से अपने प्रतिद्वंद्वी को मात दी। पटेल को पिछले साल सितम्बर में विजय रूपाणी के इस्तीफे के बाद राज्य की कमान मिली थी।

